आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 12, अंक 48, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, मंगलवार, 6 जून, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : अभ्यास के दौरान चोटिल हुए ईशान

अन्दर : न्याय के लिए संघर्ष में पहलवानों के कर्तव्य

# माफिया मुख्तार को उम्रकैद

## 32 साल पुराने अवधेश राय हत्याकांड में आया फैसला



स्व. अवधेश राय

**सजा**

कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय राय के भाई अवधेश राय को वर्ष 1991 में दिनदहाड़े गोली मारी गई थी

मुख्तार वर्तमान में बांदा जेल में है बंद, सुनवाई के दौरान वर्चुअली पेशी

धारा-302 के तहत दोषी करार दिया गया



**वाराणसी।** वर्ष 1991 में दिन दहाड़े हुई अवधेश राय हत्या के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोमवार को माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने सजा सुनाते हुए मुख्तार पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मुख्तार अभी बांदा जेल में बंद है। सुनवाई के दौरान उसको वर्चुअली पेश किया गया। वादी पक्ष के वकील ने बताया कि कोर्ट ने मुख्तार को धारा-302 के तहत दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। वाराणसी के चर्चित अवधेश राय हत्याकांड के फैसले को लेकर कचहरी परिसर में सोमवार को आम दिनों के मुकाबले कहीं ज्यादा गहमागहमी थी। सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किये गये थे। कचहरी आने जाने-वाले लोगों पर सुरक्षाकर्मी सहित एलआईयू के लोग भी नजरे गड़ाये थे। एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के बाद मुख्तार के वकील अखिलेश उपाध्याय ने कहा, इस फैसले में कई कमियां हैं, इसके खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे। वहीं अभियोजन के वकील अनुज यादव ने कहा फांसी की सजा की उम्मीद थी, लेकिन हम फैसले से संतुष्ट हैं। अगर मुख्तार पक्ष हाईकोर्ट जाएगा तो हम वहां भी इसी दम-खम के साथ केस लड़ेंगे।

### सब्र का फल मिला : अजय राय

मुख्तार को उम्रकैद की सजा सुनने के बाद पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि यह हमारे व हमारे परिवार के सब्र का नतीजा था, इतनी सरकारें आयीं और गयीं, लेकिन हम लोगों ने सब्र रखा, लेकिन मुख्तार के आगे झुके नहीं। मुख्तार ने खुद को मजबूत किया लेकिन हम लोगों ने हार नहीं मानी। आखिरकार इंतजार खत्म हुआ और सच्चाई की जीत हुई है। 32 साल की लड़ाई थी जो हम सभी ने एक साथ लड़कर पूरी की। न्यायापालिका के हम सभी शुक्रगुजार हैं, इस दौरान तमाम धमकियां मिलीं लेकिन हमने हौसला नहीं छोड़ा। किसी भी मामले में सजा मिलने का इंतजार करना आसान नहीं होता। बहुत ही मानसिक व्यथा का सामना करना पड़ता है।

## बालासोर रेल हादसे में एफआईआर दर्ज

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। एफआईआर विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की है। पुलिस ने रेलवे एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 153, 154 और 175 के तहत कटक में सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई। बालासोर जीआरपीएस के एसआई पापु कुमार नाइक की शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

## ओडिशा में एक और ट्रेन हादसा

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे में 275 लोगों की मौत के सदमे से लोग अभी उबरे भी नहीं हैं कि ओडिशा में एक और रेल हादसे की खबर है। दरअसल ओडिशा के बारगढ़ जिले में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई है। हालांकि पूर्वी तटीय रेलवे ने बयान जारी कर कहा है कि एक निजी सीमेंट फैक्ट्री द्वारा संचालित किए जा रहे मालगाड़ी के वैगन पटरी से उतरे हैं। यह हादसा फैक्ट्री परिसर के भीतर हुआ है। इस घटना में रेलवे की कोई भूमिका नहीं है।

# पदकों को 15-15 रुपये का बताने वाले अब हमारी नौकरी के पीछे पड़े

**आरोप-प्रत्यारोप जारी**

बजरंग पूनिया ने ट्वीट कर लगाया बड़ा आरोप

कहा-आंदोलन जारी रहेगा



**नई दिल्ली।** पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन खत्म होने की खबरों का खंडन किया। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई थी कि साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने धरना वापस ले लिया है। वे रेलवे में अपनी नौकरी पर वापस लौट गए हैं। इसके बाद साक्षी और बजरंग ने ट्वीट कर इन खबरों का खंडन किया और इसे अफवाह बताया। अब इस मामले पर बजरंग ने एक और ट्वीट किया है।

इस ट्वीट के जरिये उन्होंने आंदोलन के खिलाफ बोलने वालों पर निशाना साधा है। बजरंग ने लिखा, "हमारे मेडलों को 15-15 रुपए के बताने वाले अब हमारी नौकरी के पीछे पड़ गए हैं। हमारी जिंदगी दांव पर लगी हुई है, उसके आगे नौकरी तो बहुत छोटी चीज है। अगर नौकरी इंसाफ के रास्ते में बाधा बनती दिखी तो उसको त्यागने में हम दस सेकेंड का वक्त भी नहीं लगाएंगे। नौकरी का डर मत दिखाइए।" बजरंग के इस ट्वीट ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। इससे पहले बजरंग ने आंदोलन से पीछे हटने वाली खबरों का खंडन किया था। उन्होंने ट्वीट में लिखा था- आंदोलन वापस लेने की खबरें कोरी अफवाह हैं। ये खबरें हमें नुकसान पहुंचाने के लिए फैलाई जा रही हैं। हम न पीछे हटे हैं और न ही हमने आंदोलन वापस लिया है। महिला पहलवानों की एफआईआर उठाने की खबर भी झूठी है। इंसाफ मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी।

दरअसल, 2021 टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट हत्रक्क अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ चल रहे आंदोलन का मुख्य चेहरा हैं। यह तीनों रेलवे में अपनी नौकरी पर वापस लौट गए हैं। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया कि तीनों ने आंदोलन से नाम वापस ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सबसे पहले साक्षी का नाम बताया गया। इसके बाद साक्षी ने ट्वीट कर खबरों का खंडन किया था। साक्षी ने कहा- यह खबर बिल्कुल गलत है। इंसाफ की लड़ाई में न हम में से कोई पीछे हटा है, न हटेगा। सत्याग्रह के साथ साथ रेलवे में अपनी जिम्मेदारी को साथ निभा रही हूं। इंसाफ मिलने तक हमारी लड़ाई जारी है। कृपया कोई गलत खबर न चलाई जाए। ऐसे में पहलवानों के ट्वीट से यह साफ है कि साक्षी, बजरंग और विनेश रेलवे में अपनी नौकरी पर जरूर वापस लौट गए हैं, लेकिन इंसाफ के लिए उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# इकाना स्टेडियम का बोर्ड गिरा मां-बेटी की दबकर हुई मौत

**हादसा**

कई लोग नीचे दबे, क्रेन से हटाया जा रहा मलबा



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इकाना स्टेडियम का बोर्ड सोमवार की शाम को गिर गया। बताया जा रहा है कि कानपुर निवासी प्रीति (39) और उसकी बेटी ऐंजल (13) की हादसे में मौत हो गई है। जबकि एक घायल है। हादसे में बचाव कार्य जारी है। पुलिस मौके पर मौजूद थी। स्पेशल डीजी एलओ का कहना है कि तीन लोग नीचे दबे हैं। क्रेन की मदद ली जा रही है। मलबे में एक कार भी नीचे दब गई है। राहत व बचाव कार्य जारी है।

तेज आंधी में सोमवार करीब साढ़े चार बजे इकाना स्टेडियम का भारी-भरकम ग्लोसाइन बोर्ड गिर गया। बोर्ड स्टेडियम के ठीक सामने सड़क पर लोहे के एंगल पर लगा था। बोर्ड के नीचे कई कार, बाइक सवार और राहगीर दब गए। घटना से अफरातफरी मच गई। बोर्ड के नीचे दबे लोग चीख-पुकार कर रहे थे। राहगीर भागे, उन्होंने आनन फानन लोगों को निकालना शुरू किया। गोमतीनगर विस्तार, सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस समेत कई अधिकारी और गोमतीनगर फायर स्टेशन की टीम पहुंचे। जेसीबी और क्रेन लगाकर बोर्ड में लगे लोहे के एंगल और मलबा हटाकर लोगों को निकाला जाने लगा। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें क्षेत्र में स्थित अस्पताल ले जाया गया। एफएसओ गोमतीनगर शिवदरस प्रसाद ने बताया कि पुलिस और दमकल की टीम ने कई लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। राहत एवं बचाव कार्य अभी जारी है।

## मोदी ने योगी को दी जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें ट्वीट कर बधाई दी है। इस मौके पर पीएम मोदी ने उनकी जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के शानदार नेतृत्व में प्रदेश बहुमुखी विकास कर रहा है। बीते छह वर्षों में प्रदेश ने विकास के सभी प्रतिमानों पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं उनके लंबे व स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। इसी तरह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर बधाई और आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। अखिलेश यादव ने ट्वीट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई। वहीं, मायावती ने ट्वीट किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा उनके स्वस्थ्य व दीघार्यु जीवन की कामना।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पाप के समान

**बोले योगी**

मुख्यमंत्री योगी ने पर्यावरण के प्रत्येक क्षेत्र में दिख रहे प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त की



**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण के प्रत्येक क्षेत्र में दिख रहे प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार अपने स्तर पर गंभीर प्रयास कर रही है पर इसके साथ ही प्रदूषण के घातक दुष्परिणामों से बचने के लिए हर व्यक्ति को पर्यावरण अनुकूल आचरण अनिवार्य रूप से करना होगा।

सीएम योगी सोमवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित 'रेस फॉर लाइफ : सर्कुलर इकॉनमी एवं लोकल क्लाइमेट एक्शन' विषयक कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन की शुरूआत के साथ पर्यावरण संकट पर चिंता 51 वर्ष पूर्व से की जा रही है। 51 वर्षों की आर्थिक विकास यात्रा में पर्यावरण कहां छूट गया, यह चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण पृथ्वी, जल, वायु, पेड़-पौध सबका समन्वित रूप है। हम सबकी रचना भी पंचतत्वों के इर्दगिर्द हुई है। हमारा जीवन चक्र व सृष्टि एक दूसरे से जुड़े हुए हैं लेकिन हमने सृष्टि के तत्वों जल, वायु को प्रदूषित किया। इसका खामियाजा हमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों के रूप में भुगतना पड़ रहा है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा इन बीमारियों के उपचार पर खर्च हो जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मनीषा के मंत्र इस बात के प्रमाण हैं कि हमारे पूर्वजों ने सृष्टि के प्रत्येक वस्तु के कल्याण की बात की है। कल्याण मतलब कोई भी वस्तु प्रदूषित न होने पाए। पहले हम यज्ञ करते थे, घर-घर हवन होता था। इन सबको तिलांजलि देकर हमनें ऐसी जीवन पद्धति अपना ली जो आज हमारे लिए ही घातक हो गई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ करने का दुष्परिणाम प्रदेश के कुछ हिस्सों में सितंबर-अक्टूबर की असमय बाढ़ या दिल्ली में नवंबर-दिसंबर के स्मॉग के रूप में सामने है। दिल्ली में तो ऐसा संकट होता है कि लोगों को श्वांस लेने, आंखें खोलने में दिक्कत होने लगती है। उद्योगों को बंद करना पड़ता है। कभी सूखा तो कभी अतिवृष्टि से अन्न का संकट भी खड़ा हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन कम कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सरकार पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए शहर ही नहीं गांवों में एलईडी लाइट की व्यवस्था की जा रही है। एलईडी कार्बन उत्सर्जन कम करने का माध्यम बन रहा है। इसी तरह सोलर पावर को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सीएम योगी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नमामि गंगे प्रोजेक्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि आज प्रयागराज, काशी में गंगा जी का जल स्वच्छ व अविरल हो गया है।







## भारत स्पष्ट रोडमैप के साथ आगे बढ़ रहा : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य के दृष्टिकोण के बीच संतुलन बनाए रखते हुए पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के लिए एक स्पष्ट रोडमैप के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर भारत ने अपने 4-जी और 5-जी दूरसंचार नेटवर्क का विस्तार किया है तो उसने अपने वन क्षेत्र को भी समान स्तर पर बढ़ाया है। पीएम ने कहा, इस साल विश्व पर्यावरण दिवस का विषय सिंगल-यूज प्लास्टिक से छुटकारा पाना है। यह एक ऐसा मुद्दा है जिसके बारे में दुनिया आज बात कर रही है लेकिन भारत पिछले चार-पांच वर्षों से लगातार इस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा, 2018 में ही भारत ने सिंगल यूज प्लास्टिक से छुटकारा पाने के लिए दो स्तरों पर काम करना शुरू कर दिया था। एक तरफ, हमने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और दूसरी तरफ हमने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण को अनिवार्य बना दिया। उन्होंने कहा कि भारत अपने विकास के लिए किसी भी अन्य क्षेत्र की तरह बड़े पैमाने पर पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## थाने में घुसकर पुलिस को पीट रहे भाजपा सांसद: अखिलेश

**मढ़ा आरोप**

बोले, अपराधियों को बचाने में लगी सरकार

**लखीमपुर।** कन्नौज की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भाजपा के लोगों को खुली छूट दे रखी है। वह थाने में घुस सकते हैं। भाजपा के सांसद पुलिस को पीट रहे हैं और सरकार अपराधियों को बचाने में लगी है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में प्रदेश और देश से भाजपा का सफाया होगा। सोमवार को सपा के कार्यकर्ता सम्मलेन में शामिल होने लखीमपुर पहुंचे अखिलेश यादव ने भाजपा के टिफिन इवेंट को लेकर भी तंज कसा। कहा कि बच्चों को खाना, ड्रेस और जूते न दे पाने वाली भाजपा सरकार के लोग खुद टिफिन खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार खुद टिफिन खाए और बच्चों को खाना न दे पाए, उससे बच्चों के भविष्य को लेकर क्या उम्मीद करोगे। ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे को लेकर भी सपा मुखिया ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग ट्रिपल इंजन का सपना दिख रहे थे, उनके ट्रिपल इंजन आपस में ही भिड़ गए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, नौजवान और व्यापारियों को बर्बाद किया है।

# बीजेपी गोडसे की विचारधारा पर चल रही: राहुल गांधी

**साधा निशाना**

आरएसएस भविष्य की ओर देखने में 'अक्षम', मोदी 'रियरव्यू मिरर' देख भारतीय कार चला रहे हैं



**न्यूयार्क।** राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों ने अहम किरदार निभाया है। उन्होंने दुनिया में खुले विचार रखे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े महात्मा गांधी, बीआर अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस सहित सभी प्रमुख नेता एनआरआई थे, उन्होंने दुनिया में खुले विचार व्यक्त किए। आधुनिक भारत के निमार्ता महात्मा गांधी एक एनआरआई थे। स्वतंत्रता आंदोलन की नींव दक्षिण अफ्रीका में रखी गई थी।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने भारत को बदनाम करने के लिए वैश्विक स्तर पर एक नैरेटिव लागू करने का आरोप लगाया है। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि देश फिलहाल दो विचारधाराओं के कारण संघर्ष कर रहा है। पहला कांग्रेस समर्थित दूसरी भाजपा और आरएसएस समर्थित। लेकिन कांग्रेस के सिद्धांत और हमारी विचारधारा महात्मा गांधी के विचारधारा से मेल खाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के विचार महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे से मेल खाते हैं। हमारी विचारधारा उन महात्मा गांधी से मेल खाती है, जो एक एनआरआई थे। वह बेहद सुलझे हुए व्यक्ति थे। उन्होंने जीवन भर सत्य की खोज की। भाजपा गोडसे की विचारधारा पर चलती है, जो हिंसक है और गुस्सैल व्यक्ति है और जीवन की सच्चाई का सामना करने में असमर्थ है।राहुल गांधी ने अप्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आप सभी से प्यार करता हूं। मैं आप लोगों की सेवा में हूं। आप लोग जो करते हैं, मैं उससे प्यार करता हूं। राहुल ने कहा कि आपने बीजेपी की मीटिंग में कभी आईलवयू सुना हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग एक दूसरे से प्यार करते हैं। वे अक्सर कहते हैं भाई, मुझे आपसे प्यार है। उन्होंने कहा कि यही हिंदुस्तान है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान। राहुल गांधी अमेरिका के तीन शहरों की यात्रा पर हैं। यहां वॉशिंगटन और सैन फ्रांसिस्को के बाद राहुल गांधी न्यूयॉर्क पहुंचे। शनिवार को उन्होंने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा था कि हमने कर्नाटक में यह करके दिखाया है कि हम भाजपा को हरा सकते हैं। हमने ना सिर्फ भाजपा को हराया बल्कि उसे धूल में मिला दिया।

### ट्रेन हादसे पर सवाल पूछो तो पीएम मोदी कहेंगे, कांग्रेस की वजह से हुआ

राहुल गांधी ने रविवार देर रात न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम न्यूयॉर्क के जेविट्स सेंटर में हुआ। राहुल को सुनने के लिए 5 हजार प्रवासी भारतीय जुटे। राहुल ने यहां 26 मिनट भाषण दिया। राहुल के भाषण से पहले ओडिशा ट्रेन हादसे के विक्टिम्स को श्रद्धांजलि दी गई। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को पीछे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा- आप सब कार में बैठकर इस कार्यक्रम में आए, अगर आप सिर्फ रियर व्यू मिरर में देखकर गाड़ी चलाएंगे, तो क्या सही से चला पाएंगे। एक के बाद एक हादसे होंगे। लेकिन पीएम मोदी देश की गाड़ी ऐसे ही चला रहे हैं। वे सिर्फ पीछे की तरफ देख रहे हैं और फिर हैरान हो रहे हैं कि हादसे पर हादसे क्यों हो रहे हैं। आरएसएस और भाजपा पीछे की सोच रखते हैं। उनसे कुछ भी पूछो, वो पीछे की तरफ देखने लगते हैं। उनसे पूछो ट्रेन हादसा कैसे हुआ, तो वो कहेंगे कि कांग्रेस सरकार ने 50 साल पहले ये किया था।



# नेहरू युवा केन्द्र एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

**करछना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार के दो विभागों नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज व केंद्रीय संचार ब्यूरो तथा वन विभाग प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आई टी आई नैनी में मिशन लाइफ तथा पर्यावरण दिवस के अंतर्गत क्विज, संगोष्ठी, भाषण, मिशन लाइफ शपथ, नुक्कड़ नाटक पौधारोपण, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम की थीम - 'प्लास्टिक पॉल्यूशन की समस्या का हल' रही। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वन विभाग के प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलगी ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा युवाओं को मिशन लाइफ की शपथ दिलाई।

इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, केंद्रीय संचार ब्यूरो से क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं सेवानिवृत्त निदेशक सुनील शुक्ल, लेखाकार, राम मूरत, वन विभाग के


विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते हुए

एसडीओ, आईटीआई के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की तरफ से पेंटिंग प्रतियोगिता, मोटे अनाजों की प्रदर्शनी लगवाई गई नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों की बढ़ चढ़ के सहभागिता रही। प्रबंधन में चाका के निर्मल, रितिका का सहयोग रहा। रितिका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम मंच संचालन किया। राम मूरत ने क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया।

वन विभाग की तरफ से लगभग 100 पौधों को उपलब्ध कराया गया तथा प्रांगण में रोपित पौधों को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा ट्री गार्ड उपलब्ध कराके सुरक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक अभिनय संस्थान से नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु मनमोहक तरीके से प्रस्तुति कर जागरूक किया। भाषण, पेंटिंग, क्विज आदि के विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महावीर कौजलगी ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण हेतु सरकार द्वारा की जा रही पहल में बढ़ चढ़ कर उत्साह से हिस्सा लेने को कहा।

### तीन दिवसीय चला निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**फाफामऊ।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गंगानगर फाफामऊ में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन निर्दोष सिंह गोलू के नेतृत्व में किया गया जिसमे मुख्य रूप से आशीष मिश्रा, बृजेश कुमार गब्बर, कौशिक सिंह, अनिकेत सिंह, सक्षम सिंह, युवराज सिंह, माइकल यादव, अभिषेक कुमार, पार्थ सिंह, सहित डाक्टरों की टीम में डा. संजय सिंह, डा. रजत, डा. पी. एन. मौर्य जी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने रोपा बरगद का पौधा गाय को खिलाया गुड़ और केला


गायों को गुड़ व केला खिलाते जिलाधिकारी

**बारा।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार को विकास खंड कौंधियारा के ग्राम पंचायत-कुल्हडिया के गोवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आश्रय स्थल में रखी गई गायों की जानकारी लेते हुए उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने कहा कि दुधारू गायों को उनके बच्चों के साथ अलग शेल्टर में रखा जाए। दूध देने वाली गायों के लिए हरे चारे, भूसे आदि में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान गायों के लिए बोई गई हरी चरी की भी जानकारी ली और मौके पर जाकर चरी का निरीक्षण किया। इसके अलावा आश्रय स्थल से निकलने वाले गोबर के द्वारा बनाए जा रहे वर्मी कंपोस्ट की जानकारी लेते हुए उसके उपयोग का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान व सचिव से गोवंश के लिए भूसे की उपलब्धता, छाया, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया, साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर परिसर में ही बरगद के पौधा लगाया। इस मौके पर परियोजना निदेशक एके मौर्य, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार, खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण तपिश में कुम्हार देशी घड़े बनाने में जुटे



**जारी।** मौसम का तेवर काफी तल्ख है। तेज धूप और उमस लोगों को बेचैन करने लगी है। ऐसे में पल-पल लोगों को पानी की आवश्यकता पड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर घरों में लोग फ्रिज इस्तेमाल करते हैं ।लेकिन फिर भी घड़ों और सुराही की मांग में तेजी आई है।बाजारों में घड़ा और सुराही की खरीददारी भी शुरू हो गई है। वहीं जारी के शांति नगर में कुम्हार भी छोटे-बड़े साइज का घड़ा और सुराही बनाने में जुट गए है। बाजार में पचास से लेकर डेढ़ सौ रुपए में इसकी बिक्री की जा रही है। ग्राहकों को मीठा और ठंडा पानी मिल सके, इसके लिए कई चाय-नाश्ता के दूकानदार भी बड़े साइज के घड़े की खरीद कर रहे हैं।कुम्हारों ने बताया कि अब पहले जैसी घड़ा और सुराही की मांग नहीं है। इसलिए सीमित मात्रा में ही इसे बनाने का काम किया जा रहा है। पर्याप्त मिट्टी भी नहीं मिल पा रही है, जिससे कारोबार को लेकर उत्साह कम होता जा रहा है।

## मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में कार्यक्रम पुरस्कृत किया गया

**करछना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर 508आर्मी बेस सीओडी छिवकी नैनी प्रयागराज में पर्यावरण दिवस समारोह आयोजित किया गया जिसमे 508आर्मी बेस छिवकी के ब्रिगेडियर प्रदीप गोडारा कमांडेंट वा यम 0डी 0कर्नल श्री देवा आशीष सिन्हाकर्नल एम 0पी 0सिंह लेफ्टिनेंट कर्नल विकास खरे एए रोहित कटियार एवम वन विभाग के प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलगी आईएफएस वा अप प्रभागीय वनाधिकारी कुंज मोहन बर्मा पीएमएस एवम वन क्षेत्रीय अधिकारी रजनीश कुमार श्रीवस्त्तव, दिलीप कुमार बाजपेई वन दरोगा करछना सेक्सन, सुमित कुमार वन दरोगा राम प्रताप वन दरोगा, श्याम प्रकाश तिवारी वन रक्षक एवम करछना रेंज के स्टॉप द्वारा पौध रोपण कर मनाया गया।

## जय किसान जंक्शन रिटेल स्टोर का हुआ उद्घाटन


जय किसान जंक्शन स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन करते जिला कृषि अधिकारी


पौधरोपण करते हुए

**बहरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस पर दोनईया (कहली) में जुआरी फार्म हब लिमिटेड के तत्वाधान में जय किसान जंक्शन रिटेल स्टोर का उद्घाटन जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्या तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार द्वारा किया गया।

आपको बता दें कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर दोनईया (कहली) किसानों की सुविधा के लिए जुआरी फार्म हब लिमिटेड के तत्वावधान में जय किसान जंक्शन रिटेल स्टोर का उद्घाटन जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्या तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी ने धान की उन्नत किस्मों तथा रसायनिक व जैविक उर्वरकों के बारे में किसानों से विस्तृत चर्चा किए। कम लागत में अधिक पैदावार कैसे हो इसका मूल मंत्र किसानों को बताया गया। तथा पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर पारादीप फास्फेटिक लिमिटेड के प्रबंधक नरेंद्र पाल सिंह, जुआरी फार्म हब लिमिटेड के आलोक सिंह, शाखा प्रबंधक विवेक दुबे, उप शाखा प्रबंधक करुणेश पटेल, समरीश मिश्रा, श्याम कृष्ण यादव, शिवम सिंह, अखंड प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों की मौजूदगी में तरांव गांव में हुई नाप, पाया गया अवैध कब्जा

**कोरांव।** ग्रामीणों की मौजूदगी में लेखपाल ने तरांव गांव में नाप जोख की।स्थलीय जांच में रास्ते की जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया जिसकी आख्या लेखपाल द्वारा अग्रसारित कर दी गई। उल्लेखनीय है कि गांव के ही जगदीश प्रजापति, लवकुश प्रजापति, कमल चंद्र प्रजापति व विद्याकान्त प्रजापति द्वारा रास्ते और खाद गड्ढे की जमीन पर पिलर बाउंड्रीवाल कर अवैध कब्जा किया गया है।उक्त आशय की लिखित शिकायत राजेश कुमार मिश्रा द्वारा लगातार की जा रही थी।शिकायत के आधार पर गांव के लेखपाल रामकुमार वर्मा ने ग्रामीणों की मौजूदगी में नाप जोख की।नाप के बाद पाया गया कि कोरांव तरांव सीमा से लगा हुआ 830 का रकबा रास्ता और 831 का रकबा खाद गड्ढा के नाम से भूलेख में दर्ज है जिसपर जगदीश प्रजापति, लवकुश प्रजापति और विद्याकान्त प्रजापति ने अवैध



कब्जा कर रखा है।लेखपाल ने बताया कि अतिचारियो द्वारा मुझे धमकी दी जा रही थी।लेखपाल ने अवैध कब्जे व धमकी वाली जानकारी इलाकाई पुलिस को भी दे दी है।शिकायतकर्ता राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि जगदीश व लवकुश प्रजापति मनबढ़ किस्म के व्यक्ति हैं।लवकुश अपने को भाजपा नेता बताता है और कहता है कि मेरी सरकार है एक मंत्री मेरे रिश्तेदार हैं और विधायक का मैं कृपापात्र हूँ।मेरा कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता है।बहरहाल राजेश कुमार मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

## अज्ञात बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर यूवक गंभीर इलाज के दौरान मौत

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के अल्लीपुर में बीती रात अज्ञात बोलोरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिस से यूवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने शहर के लिए रिफर कर दिया शहर ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा के ग्राम अलीपुर में बीती रात बाइक से घर जा रहा युवक को अज्ञात बोलोरो ने टक्कर मार दी जिस से वह बुरी तरह घायल हो गया था। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर देख शहर के लिए रिफर कर दिया था । बताया गया है कि शहर ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। जिसे एस आर एन ले जाया गया। बाद में पता चला कि मृतक युवक राजू 28 वर्ष पुत्र रईस भुर्रा सुलतानपुर रानीगंज प्रतापगढ़ बताया गया है। बताया गया कि एक अन्य साथी की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे एस आर एन में भर्ती कराया गया है।

## स्पाइन सर्जरी को लेकर डॉक्टर शिवम की हुई सराहना

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित एक निजी अस्पताल में गंभीर रूप से घायल एक किशोरी की स्पाइन सर्जरी के सफल ऑपरेशन के बाद मायूस परिजनों में खुशी का माहौल है। डॉ.शिवम पाण्डेय द्वारा लगभग 5 घंटे के दौरान किए गए सफल ऑपरेशन के बाद किशोरी अब पूरी तरह स्वस्थ है और क्षेत्र के लोगों में इसकी काफी सराहना की जा रही है।बीते दिनों कोरांव के बहरैचा में ट्रैक्टर और ट्राली के जोरदार भिड़न्त में खीरी के बघोल गांव की रहने 15 वर्षीय ऊषा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के दौरान वह घंटों तक ट्राली के नीचे दबी रही जिससे रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर होने के बाद दोनों पैरों ने काम करना बंद कर दिया था। स्थानीय चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि ऊषा के इलाज को लेकर बाहर जाने और बड़ा खर्च उठाने को लेकर परिजन पूरी तरह मायूस हो चले थे। जानकारी होने पर परिजन उसे रामपुर अस्पताल ले गए जहां युवा सर्जन डॉ. शिवम पांडेय ने देख रेख करने के बाद भर्ती करने की सलाह दीऔर कई घंटे के ऑपरेशन के बाद



अब ऊषा को पूरी तरह राहत मिली है। उसके पैरों की हरकत शुरू हो चुकी है और वह अपने से उठने बैठने भी लगी है। डॉ.पांडेय ने बताया कि स्पाइन सर्जरी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। अधिकतर दुर्घटनाओं में हड्डी टूटने का खतरा बना रहता है इसके अलावा भी सामान्य रूप से कमर दर्द,घुटने का दर्द,जोड़ों के दर्द आदि हड्डियों से संबंधित रोगों को गंभीरता से लेना चाहिए। समय रहते इलाज न होने पर बाद में गंभीर स्थितियों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल युवा चिकित्सक द्वारा किए गए स्पाइन सर्जरी के सफल ऑपरेशन को लेकर यमुनापार क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

## सचिवालय करछना पर महिला सुरक्षा एवं स्वालंबन पर दी गई जानकारी


बैठक में उपस्थित महिलाएं

**करछना।** ग्राम पंचायत सचिवालय करछना में हमारी सुरक्षा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वालंबन के अंतर्गत महिलाओं के लिए संदेश की एक बैठक आहूत की गई जिसमें की ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह थाना करछना से सब इंस्पेक्टर हरिशंकर मिश्रा जी हेड कांस्टेबल प्रवीण पांडे जी भूपेंद्र प्रताप सिंह महिला कांस्टेबल प्रियंका अनीता यादव सुषमा जी पंचायत सहायक प्रतिभा सिंह करछना ग्रामसभा की माताएं बहने उपस्थित रहे पुलिस के द्वारा स्थानीय महिलाओं को प्रयागराज पुलिस के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति , महिला हेल्प डेस्क, वूमेन हेल्प लाइन 1090, पुलिस हेल्प लाइन 112, सीएम हेल्प लाइन 1076, एंबुलेंस नंबर 108, साइबर क्राइम के विषय में जानकारी दे कर ग्राम की महिला सहायता समूह का उत्साहवर्धन किया गया।

## केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का किया गुणगान

**बहरिया।** केंद्रीय राज्यमंत्री और अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल विकास खंड बहरिया के सिसई सिपाह पहुंची। जहां केंद्रीय राज्यमंत्री और अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने सोरांव के पूर्व विधायक और अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर जमुना प्रसाद सरोज द्वारा निर्मित कराए गए जेपीएस मैरिज लॉन का फीता काटकर उद्घाटन की। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का सफल संचालन वीरेंद्र पटेल ने की।

केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हमारे जीवन में मैरिज लान का बहुत बड़ा महत्व है। क्योंकि अब जो समय हमारे जीवन में आ रहा है उसमें बगैर मैरिज लान के शादी विवाह या अन्य जो भी आयोजन हैं इसके बगैर संभव नहीं है। इस दौरान


मैरिज लॉन का फीता काटकर उद्घाटन करती केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल

केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने केंद्र की मोदी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपने 9 साल पूरे कर लिए हैं। केंद्र सरकार ने गरीबों, असहाय, दबे, कुचले वर्ग के लोगों के लिए सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए की सरकार बनी है तब से देश विकास के क्षेत्र में काफी तेजी से अपना पांव बढ़ाया है। हर एक इलाके में सरकार की योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही है। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने केंद्र की मोदी सरकार के विदेश नीति की भी जमकर सराहना की। केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने दावा करते हुए कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में केंद्र की मोदी सरकार फिर से भारी बहुमत के साथ वापस आएगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री और अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने पार्टी के कार्यकताओं से 2024 चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार रहने के लिए कहा। इस मौके पर अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व विधायक डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज, अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल, पूर्व विधायक वाचस्पति, डॉक्टर जेके पटेल, ब्लाक प्रमुख सैदाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश सचिव शिक्षक मंच रविनंदन यादव, जिलाध्यक्ष भानु प्रताप पटेल, जिला उपाध्यक्ष बृजभान पटेल, जिला मीडिया प्रभारी धर्मराज पटेल बागी, बीजेपी के मंडल अध्यक्ष कमला नगर भूपेंद्र प्रताप सिंह के साथ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### प्रायश्चित करना एक मात्र ही मुक्ति पाने का उपाय है : आचार्य देवव्रत



**करछना।** पूज्य गुरु आचार्य संतोष जी महराज के आशीर्वाद और निर्देशन में मुख्य यजमान व कथा श्रोता श्रीमती प्रभा शुक्ला एवम डा उमा शंकर शुक्ला के यंहा 7 दिवसीय भागवत कथा सप्ताह ज्ञान एवं संगीतमय कथा का आयोजन दिनांक 01 जून से प्रारम्भ हुआ इस आयोजन के प्रारंभ में कलश यात्रा बैंड बाजा, हांथी घोड़ा के संपन्न हुआ। कथा वाचक बालशुक आचार्य देवव्रत जी महराज जी हैं। कलश यात्रा में समस्त ग्रामवासी में महिलाओं के साथ क्षेत्र के गड़मान्य व्यक्ति उपस्थित थे । ग्राम बेंदों तहसील करछना में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आज तीसरे दिन रविवार को भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। आज के इस आयोजन में कथा वाचक बालशुक आचार्य देवव्रत जी महराज जी उपस्थित जन मानस को यह बताया कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। आज की कथा में उपस्थित लोगों ने इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास के गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्त इस कथा का आनंद उठाते हैं। कथा के समय पूरा वातावरण भक्तिमय रहता है। भागवत कथा में समस्त ग्रामवासी सहित श्री प्रेम बिहारी मिश्रा , ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव , कृष्ण मुरारी लाल श्रीवास्तव, आनंद चतुवेर्दी , अभिजीत शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, कमलेश तिवारी , ग्राम प्रधान पति श्री बड़े लाल पटेल , श्रीमती रतन श्रीवास्तव , रेखा देवी, उमा देवी, तथा अशोक कुमार शुक्ला, सोनल शुक्ला, विनीत शुक्ला , अनिल शुक्ला , संजय शुक्ला, विनोद शुक्ला, आनंद चतुवेर्दी , कृष्ण अवतार शुक्ला, राजेश , वीरेंद्र, लालमोहन शुक्ला , मुकेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### दबंगो ने एक को मारपीट कर घायल किया घायल, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में मामूली बात पर दबंगो ने एक को मार पीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना अंतर्गत वैधनाथ का पूरा गांव निवासी शिवराम वर्मा पुत्र बाबूलाल के मुताबिक मामूली बात को लेकर पडोस के दबंगो ने उसे लाठी डंडो से मारे पीटे कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिए। शिवराम ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर गांव के ही रामशरण ,करन सिंह उर्फ मेवा, मनोरमा उर्फ मतावा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### तपती धूप और तेज हवा के कारण घर से निकलना हुआ मुश्किल, टेंपरेचर 45 के पार

**जारी।** इस समय उत्तर प्रदेश के प्रयागराज सहित ग्रामीण अंचलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। तथा लू और तपन इतनी बढ़ गई है कि घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह दस बजते बजते इतनी तेज धूप हो जाती है कि हाथ पैर सब जलने लगता है ।गर्म हवाएं बहने लगती है ।धूप में निकलना मुश्किल हो गया है। पारा 45 के पार पहुंच गया है। लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त है। और यह धूप तो सुबह नव बजे से शाम पांच बजे तक कड़ाके की धूप रहती है। जिसमें लोगों का बाहर निकलना काफी मुश्किल हो गया है। लोग अपनी दिनचर्या कैसे व्यतीत करें इस धूप और तपन से राहत के लिए लोगों को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा घरों में रहे ।और कम से कम समय बाहर दें। जिससे गर्मी से बचा जा सके। तथा गर्मी के समय में बार-बार पानी का सेवन करते रहे जिससे शरीर में पानी की कमी ना हो । और नींबू पानी का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें दिन में लगभग दो-तीन बार पिए जिससे लू से बचा जा सके ।इस गर्मी में पानी की किल्लत अहम है। गांव गांव पानी की समस्या बनी हुई है कहीं पर कुआं सूख गया है तो कहीं तालाब सूख गए हैं। कहीं नल का जल स्तर इतना कम हो गया है ।कि पानी नहीं मिल पा रहा है। तथा पशुओं को भी पानी की काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हमारे क्षेत्र में गोवंश इतनी ज्यादा संख्या में है कि इनको भी पानी की काफी दिक्कतें हो रही है गर्मी मे बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण इलाको मे हाहाकार मचा है ।कही ट्रान्सफार्मर जला है तो कही तार जर्जर अवस्था मे पडा हुआ है ।अधिकारी अनजान बने हुए हैं।

### तमंचे से हुआ फायर, फेक कर भागे सड़क पर तमंचा और जिंदा कारतूस

**फाफामऊ।** शांतिपुरम मिलन चौराहे के पास शनिवार की 10 बजे रात बाइक सवार बदमाशों के कमर में खोसा तमंचे से अचानक फायर हो गया जिससे एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस के डर से बदमाश बिना किसी को सूचित किए तमंचा सड़क पर फेंक बाइक से घायल अवस्था में ही फरार हो गए। फायर की आवाज सुन लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच तमंचा के साथ एक जिंदा कारतूस और खोखा कब्जे में लेकर रविवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसी टीवी कैमरे की मदद से बदमाशों के खोजबीन में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात करीब 10 बजे दो बदमाश आर वन फाइव बाइक से शांतिपुरम से गोहरी की तरफ जा रहा थे जैसे ही बदमाश मिलन चौराहे के पास पहुंचे तभी उनमें एक बदमाश के कमर में खोसा तमंचे पर दबाव पड़ने से अचानक गोली चल गई। गोली चलने से प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते बदमाश अपने आप को बचाने के लिए तमंचा और कारतूस सड़क पर फेंक कर घायल अवस्था में बाइक लेकर फरार हो गए। लोगों ने गोली की आवाज सुन दहशत में आकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके से 315 बोर का तमंचा और कारतूस को कब्जे में लेकर अगल बगल लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से बदमाशों की तलाश कर रही है।

### लालगोपालगंज में व्यापारी से मारपीट कर नगदी लूटा, चार पर केस

**लालगोपालगंज।** दुकान बंद कर निकले व्यापारी पर हमला बोल बदमाशों ने नगदी लूट लिया। सरेशाम हुई घटना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया। मौके पर मिले मोबाइल के आधार पर पीड़ित ने एक नामजद तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। प्रतापगढ़ जनपद के हथिगवां थाना अंतर्गत बरना, खनऊ का पूरा निवासी इमरान पुत्र इसरार अहमद लालगोपालगंज जेठवारा मार्ग पर एक टूर एंड ट्रावेल्स और शापिंग माल का संचालक है। शनिवार देर शाम शापिंग माल बंद कर वह जैसे ही घर के लिए निकला, तभी घात लगाए बैठे बदमाशों ने उस पर हमला बोल दिया। आरोप है कि बदमाशों ने इमरान के साथ मारपीट कर बीस हजार नगदी लूट लिया। शोर-शराबा सुन माल कर्मचारी और आस पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों को आता देख बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई ।जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को मौके से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। सरेराह हुई लूट की घटना से व्यापारियों में हड़कंप मच गया था। बाद मे पुलिस की तफ्तीश से खुलासा हुआ कि मोबाइल जहिदपुर निवासी इमरान पुत्र ईशा का है। पीड़ित ने इमरान को नामजद करते हुए तीन अज्ञात के विरुद्ध नवाबगंज थाने में तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर लूट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मामले में चौकी प्रभारी लालगोपालगंज सूर्य प्रकाश दुबे ने बताया कि घटना की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। उसी के आधार पर अज्ञात आरोपियों की शिनाख्त कराई जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर मुलाजिमों को जेल भेजा जाएगा।

### घर से निकला युवक लापता, केस दर्ज

**लालगोपालगंज।** घर से बाजार के लिए निकला युवक गायब हो गया। शाम तक नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने नवाबगंज थाना में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया है। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। लालगोपालगंज कस्बा के लालबाबा का पूरा गांव निवासी मिथिलेश कुमारी पत्नी लालजी ने नवाबगंज थाना में तहरीर देते हुए बताया कि उसका लड़का जितेंद्र कुमार (18) 29 मई को सुबह करीब आठ बजे बाजार के लिए निकला था। युवक देर-रात तक नहीं लौटा तो घर वाले युवक की खोजबीन करने लगे। परिजनों ने हर संभावित स्थानों पर पता किया, लेकिन युवक का सुराग नहीं लग सका। बाद में पीड़ित मां ने नवाबगंज थाना में गुमशुदगी दर्ज करने के लिए तहरीर दिया। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।


इलाहाबाद जन कल्याण समिति द्वारा किया गया पौधरोपण

# प्रयागराज



## मौसम

अधिकतम : 41.00
न्यूनतम : 28.00
सूर्योदय : 05.15
सूर्यास्त : 06.44

### साइबर अपराधियों ने खाते से उड़ाए 27 हजार रुपये, दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा में साइबर अपराधियों ने एक खातेधारक के खाते से 27 हजार रुपये उडा दिए। भुक्तभोगी ने थाने में अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम घना का पूरा धीनपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र कन्हैयालाल का कहना है कि वह अस्पताल में नम्बर लेने के लिए दस रुपये ऑन लाइन गूगल से पे किया। दूसरे दिन उसके खाते से साइबर अपराधियों ने 27 हजार रुपये उडा दिए। भुक्तभोगी ओमप्रकाश ने मऊआइमा थाने में अज्ञात साइब अपराधियों के खिलाफ तहरीर दी है।

# जिलाधिकारी ने नये यमुना पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

वाहनों के आवागमन में कोई गतिरोध न हो, इसके लिए व्यापक प्रबंध करने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री सोमवार को नये यमुना पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया तथा वहां पर यातायात की व्यवस्था को देखा। जिलाधिकारी ने इंजीनियरों, सेतु निगम एवं सम्बंधित अधिकारियों से मरम्मत कार्य की विस्तार से जानकारी लेते हुए मरम्मत के कार्य का कितना भाग कब तक पूर्ण होगा तथा मरम्मत कार्य के साथ यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है, जिससे कि वाहनों के आवागमन में कोई गतिरोध न पैदा हो तथा जाम की स्थिति न बनने पाये। जिलाधिकारी ने सेतु निगम के अधिकारियों को चालू लेन के मध्य में बैरियर तथा रस्सी लगाने के निर्देश दिए है, जिससे कि वाहन अपनी ही लेन में चले तथा ओवरटेकिंग न करने पाये। जिलाधिकारी ने एस0पी0 टैजफिक व टीआई को चुंगी चैराहा व नैनी चैराहा पर किसी भी स्थिति में वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति न पैदा होने पाये, के लिए कहा हैं। जिलाधिकारी ने नये यमुना ब्रिज पर यातायात के नियंत्रण हेतु समुचित संख्या में कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार, एस पी ट्राफिक सेतु निगम व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## गंगा के तेज प्रवाह में डूबे 5 छात्रों में से 4 छात्रों के शव बरामद

**प्रयागराज।** रविवार को संगम पर हुए हादसे में लापता पांच छात्रों में से चार छात्रों का शव बरामद हो गया, बाकी एक शव की तलाश जारी हैं। जिन छात्रों के शव मिला है उनकी पहचान महेश्वर वर्मा पुत्र छोटे लाल वर्मा निवासी मऊ, हालपता मुट्ठीगंज चीनी मिल,सुमित विश्वकर्मा पुत्र शिवमंगल विश्वकर्मा निवासी सतना, मप्र हाल पता सीएमपी कॉलेल के पास, विशाल वर्मा पुत्र विजय वर्मा (18) निवासी मुंगेर, बिहार हाल पता दरभंगा कॉलोनी, जार्जटाउन है जब की चौथे छात्र की शिनाख्त नही हो पाई है। पुलिस जांच कर रही है कि चौथा शव उत्कर्ष कुमार गौतम पुत्र विजय कुमार निवासी सुल्तानपुर हाल पता बख्शीकला दारागंज का है या अभिषेक अग्रहरि पुत्र जगदीश अग्रहरि (17) निवासी सुल्तानपुर-हाल पता बख्शीकला दारागंज का है।पांचवे छात्र के शव को खोजने के लिए स्थानीय गोताखोरों के साथ जल पुलिस व एसडीआरएफ के जवान भी लगे हुए है।

## संक्षेप

### व्यक्ति का जीवन और मृत्यु दोनों सुधारती है श्रीराम कथा : अतुल जी महाराज



**श्रृंगवेरपुर धाम।** रामायण मेला आयोजन समिति के तत्वावधान में श्रीराम कथा शोध संस्थान द्वारा प्रतिमाह आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के 49वें कार्यक्रम में श्रीराम कथा शोध संस्थान के अध्यक्ष अतुल जी महाराज ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीराम कथा व्यक्ति के जीवन को जहां सुधारती है, वहीं श्रीमद् भागवत मृत्यु सुधारती है, और श्रीमद्भागवत श्रवण के द्वारा मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम की श्रीराम कथा से जीवन और मृत्यु दोनों का सुधार होता है। यही कारण है कि वनवास काल में भगवान श्रीराम ने स्वयं यहां पर कथा कही और निषादराज, केवट का सम्मान किया। आगे कहा कि जीव हत्या ही हिंसा नहीं होती है, अपितु किसी व्यक्ति के बढ़ते हुए विकास व उसके वैभव से ईर्ष्या करना भी हिंसा के दायरे में आता है। इस लिए प्रत्येक मानव को विचार करना चाहिए और हमेशा दूसरे की प्रगति पर उसे प्रसन्न होना चाहिए। जब इस तरह की भावना आपके अंतःकरण में आने लगे तो इसे ही प्रभु श्रीराम की कृपा मान लिया जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रयागराज निषादराज पीठाधीश्वर माधव दास जी महाराज जी उपस्थित रहे। यजमान की भूमिका रामायण मेला आयोजन समिति के महामंत्री उमेशचंद्र द्विवेदी ने निभाया। जबकि संचालन सहसंयोजक अधिवक्ता बलराम सिंह ने किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय रामायण मेला के उपाध्यक्ष सियाराम सरोज ने किया। धन्यवाद ज्ञापित भाजपा नेता विनोद ओझा ने किया। इस अवसर पर आचार्य नरसिंह नारायण द्विवेदी, प्रतिमा मिश्रा, चुन्नू प्रधान, कृष्णचंद्र पांडेय, राकेश कुमार पांडेय, अमित द्विवेदी, रोहित मिश्रा, आचार्य रमाशंकर, अरुण कुमार शुक्ला, तनमय द्विवेदी, सचिन तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

### गंगा में डूबे युवकों के परिजनों को चार चार लाख आपदा कोष से दिए जायेंगे : एसडीएम

**करछना।** 2 दिन से तहसील प्रशासन करछना पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम दोनों लड़कों के शव को ढूंढने में लगे रहे। तहसील प्रशासन के द्वारा एसडीएम करछना राजेश श्रीवास्तव ने दोनों लड़कों के परिजनों को दैवी आपदा कोष से चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दिए जाने की घोषणा की। इस मौके पर तहसीलदार गणेश सिंह, थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, नायब तहसीलदार यमुना प्रसाद वर्मा, उप निरीक्षक आकाश राय, उपनिरीक्षक राजकुमार त्रिवेदी सहित एसडीआरएफ और पुलिस के जवान मौजूद रहे।प्रयागराज के करछना थाना अंतर्गत डीहा गंगा घाट पर डूबे दो चचेरे भाइयों संकेत और मनदीप की लाश सोमवार शाम चार बजे के करीब घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर लकटहा गांव के सामने से बरामद हो गई। लाश देखकर घर परिवार के लोग छाती पीट पीट कर रोने लगे। यमुनानगर के करछना थाना अन्तर्गत चुप्पेपुर गांव निवासी ज्ञानचंद प्रजापति के दो बेटे संकेत प्रजापति (15) और शौर्य प्रजापति (13) अपने दो चचेरे भाइयों मंदीप प्रजापति (16) व सत्यदीप पुत्र राजकुमार प्रजापति के साथ डीहा गंगा घाट पर रविवार सुबह गांव के अन्य बच्चो के साथ नहाने गए थे। गंगा में स्नान करने के दौरान वह चारों गहरे पानी में डूबने लगे। घाट पर स्नान कर रहे लड़कों और ग्रामीणों ने देखा तो शोर मचाना शुरू किया। गहराई और तेज बहाव में चारों किशोर गंगा में डूब उतरा रहे थे। घाट पर मौजूद लोग चीख चिल्ला रहे थे। इस दौरान घाट पर मौजूद लोगों ने गंगा में कूदकर शौर्य और सत्यदीप को तो बचा लिया लेकिन मनदीप और संकेत गंगा की गहराई में समा गए।
दोनों किशोरों को ढूंढने के लिए लोकल गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ की टीम लगाई गई थी। करीब 28 घंटे बाद दोनों की लाश क्षेत्र के लगता है। गांव के सामने गंगा से बरामद कर ली गई। बच्चो की लाश देखकर परिवार के लोग दहाड़ मार कर रोने लगे। घरवालों ने बताया कि मंदीप प्रजापति पूर्व माध्यमिक विद्यालय डीहा में आठवीं कक्षा का छात्र था। इस बार नौवीं में गया था। संकेत भी उसी के साथ पढ़ता था। उसके पिता पचदेवरा बाजार में फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का है। ग्रामीणों ने बताया कि संकेत के पिता खेती किसानी करते हैं वह तीन भाइयों में बड़ा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए विभिन्न जन जगरूकता कार्यक्रम

**प्रयागराज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, वन विभाग प्रयागराज व नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आई टी आई नैनी में मिशन लाइफ तथा पर्यावरण दिवस के अंतर्गत क्विज, संगोष्ठी, भाषण, मिशन लाइफ शपथ, नुक्कड़ नाटक पौधारोपण, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम की थीम - प्लास्टिक पॉल्यूशन की समस्या का हल रही। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वन विभाग के प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलगी ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा युवाओं को मिशन लाइफ की शपथ दिलाई।इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, केंद्रीय संचार ब्यूरो से क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह एवं सेवानिवृत्त निदेशक सुनील शुक्ल, लेखाकार, राम मूरत, वन विभाग के एस डी ओ, आई टी आई के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला गंगा समिति के तरफ से की तरफ से पेटिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, नेहरू युवा केंद्र की तरफ से मोटे अनाजों की प्रदर्शनी लगवाई गई नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों की बढ़ चढ़ के सहभागिता रही। प्रबंधन में चाका के निर्मल, रितिका का सहयोग रहा। रितिका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम मंच संचालन किया। राम मूरत ने क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया।वन विभाग की तरफ से लगभग 100 पौधों को उपलब्ध कराया गया तथा प्रांगण में रोपित पौधों को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा ट्री गार्ड उपलब्ध कराके सुरक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक अभिनय संस्थान से नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु मनमोहक तरीके से प्रस्तुति कर जागरूक किया। भाषण, पेंटिंग, क्विज आदि के विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महावीर कौजलगी ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण हेतु सरकार द्वारा की जा रही पहल में बढ़ चढ़ कर उत्साह से हिस्सा लेने को कहा।

### पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के लोगों ने पौधे बाटकर किया वृक्षारोपण

**फाफामऊ।** एचपीसीएल प्रयागराज आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के मुख्य छेत्रीय प्रबंधक के मार्गदर्शन में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सभी पेट्रोल पंप पर आज पेट्रोल पंप संचालकों ने सौ सौ पौधे विभिन्न प्रजातियों के अपने ग्राहकों को बांटे इस क्रम में मुख्य अतिथि श्री जेपी सिंह अपर जिला अधिकारी नागरिक आपूर्ति ने एचपीसीएल कोको कुरगांव में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में वहां मौजूद एचपीसीएल अधिकारियों ऋतुराज माथुर, सौरव सिंह, एचपी डीलर शशांक वत्स शंकर लाल केशरवानी , वरुण अग्रवाल अजय सिंह के साथ काफी संख्या में ग्राहकों की उपस्थिति रहे। ग्राहको ने अपर जिला अधिकारी महोदय से फलदार वृक्ष प्राप्त किया । हिंदुस्तान पैट्रोलियम ने सुप्रीम ऑटो मोबाइल बमरौली से ई 20 तेल की शुरुआत की जो आने वाले समय में एचपी के अधिकतर पंपों पर मिलने लगेगा। पर्यावतारण के हिसाब से ए 20 पेट्रोल सरकार के पहल से अब प्रयागराज शहर में उपलब्ध होगा।

# फाफामऊ गंगा घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह का महापौर ने किया शिलान्यास

**फाफामऊ।** नगर निगम द्वारा पास फाफामऊ गंगाघाट पर इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह के निर्माण हेतु सोमवार को प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने फीता काटकर विधिविधान से शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान महापौर ने कहा कि फाफामऊ गंगाघाट गंगापार का महत्त्वपूर्ण घाट है। इस घाट पर कई जिलों के भारी संख्या में लोग अंतिम संस्कार करने के लिए आते है। घाट पर शवदाह गृह न होने से लोग मजबूरी में रेत में लाश को दफन करते है और उन्हें अंतिम संस्कार करने में भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह से लोगों को ठीक तरह से अंतिम संस्कार करने में उनको मदद मिलेगी और उन्हें राहत महसूस होगा। शिलान्यास के दौरान फाफामऊ पार्षद निशा गुप्ता, शांतिपुरम पार्षद सुरेंद्र यादव, उपेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री जय सिंह, धीरेंद्र केशरवानी, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव, सहायक अभियंता डंबर सिंह, शशिकांत सिंह, जगवीर सिंह, श्रीधर मिश्रा, श्याम जी गुप्ता, आरडी वर्मा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।


इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह का शिलान्यास करते महापौर

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष लगाकर पर्यावरण बचाने का दिया सन्देश



**थरवई।** विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पृथ्वी पर सिर्फ हमारा घर ही नहीं बल्कि पृथ्वी हमारी माता भी हैं इनके शोषण दोहन को रोकना हमारा कर्तव्य है वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सभी मानव को एकजुट होकर धरा को हरा भरा बनायें। पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य है कि हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करे और पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए सभी मानव जाति जागरूक होकर पौधे लगाने उसको बचाने के लिए आगे आना होगा विश्व पर्यावरण दिवस पर पड़िला खेल मैदान पर किनारे किनारे वृक्षारोपण किया गया साथ ही कंपोजिट विद्यालय पड़िला, अमृत वाटिका कई जगह वृक्ष लगाते हुए लोगों में जागरूकता फैलाई गई सभी ने यह संकल्प लिया की हम वृक्ष लगाएंगे और पर्यावरण बचाएंगे। मौके पर उपस्थित रहे ग्राम पंचायत अधिकारी अंकित मौर्या, ग्राम विकास अधिकारी रिद्धि मिश्रा, कंपोजिट विद्यालय पड़िला प्रधानाध्यापिका प्रमिला खरे, अध्यापिका साधना यादव ने भी पर्यावरण पर बच्चों को उसकी उपयोगिता के बारे में बताया साथ पर्यवारण को हम कैसे बचाएँ आदि पर बच्चों को जागरूक किया, वहीं मौके पर जैतवारडीह ग्राम प्रधान महेन्द्र गिरि, ग्राम प्रधान पड़िला राम अचल यादव, लवलेश, विपिन कुमार आदि कई लोग मौजूद रहे।

# उमरे मुख्यालय में आयोजित किया गया पौधारोपण

**विश्व पर्यावरण दिवस**

उत्तर मध्य रेलवे में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** सोमवार को उत्तर मध्य रेलवे में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसी क्रम में संपूर्ण उत्तर मध्य रेलवे में वर्तमान वर्ष की थीम 'बीट प्लास्टिक पोल्यूशन' को आत्मसात करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में श्री सतीश कुमार, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे की उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री कुमार ने अपर महाप्रबंधक सी.पी.गुप्ता सहित उत्तर मध्य रेलवे के अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

ज्ञात हो कि, पर्यावरण के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल संपूर्ण उत्तर मध्य रेलवे के सभी इकाइयों पर 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी क्रम मे आज विश्व पर्यावरण दिवस पर पूरे जोन में पर्यावरण के संबंध मे व्यापक रूप से जागरूकता प्रसारित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किये गए। रेल सबसे पर्यावरण मित्र परिवहन माध्यम है और इसको पूर्णतः पर्यावरण हितैषी बनाने के उद्देश्य से इसे शून्य कार्बन उतसर्जक बनाने के प्रयास प्रगति पर है उत्तर मध्य रेलवे द्वारा झाँसी मंडल के ईशानगर-उदयपुरा सेक्शन का विद्युतीकरण करके मिशन 100% विद्युतीकरण के तहत शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। भारतीय रेल के अन्य जोनों की तुलना में उत्तर मध्य रेलवे के सोलर प्लांट सबसे बेहतर ढंग से कार्य कर रहे हैं और वर्ष 2022-23 के दौरान इनके द्वारा 12.51 मिलियन यूनिट ऊर्जा का उत्पादन कर बिजली पर होने वाले व्यय में लगभग 5.17 करोड़ रुपए की बचत की गई है, साथ ही 10505 मीट्रिक टन कार्बन का उत्सर्जन भी रोका गया है।

वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान विद्युतीकृत रेलपथ पर डीजल इंजन वाली गाड़ियों को विद्युत कर्षण से चलाकर डीजल की खपत में कमी करके, तीन फेज वाले बिजली इंजनों में रिजेनरेटिव ब्रेकिंग द्वारा विद्युत का उत्पादन कर, इस्तेमाल न होने पर डीजल इंजनों को बंद करके, सौर ऊर्जा के उत्पादन द्वारा, वेंडरों और स्टालों से राजस्व अर्जन कर तथा गैर कर्षण ऊर्जा की खपत में कमी करके कुल 239.84 करोड़ रुपए की बचत की उपलब्धि हासिल की गई है। ऊर्जा संरक्षण की दिशा में जोन द्वारा किए गए विशिष्ट प्रयासों के फलस्वरूप ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार के तहत कानपुर सेंट्रल स्टेशन को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022-23 के दौरान 4 और एलएचबी रेकों का संचालन प्रारंभ किया गया है, जिसके बाद अब कुल 29 एलएचबी रेकों को हेड ऑन जेनरेशन के अनुकूल बना दिया गया है। इससे वर्ष 2022-23 के दौरान 29.6 करोड़ रुपए की बचत सुनिश्चित हुई है।

इस अवसर पर जोन के तीन मंडलों एवं कारखानों में पौधारोपण अभियान, रैलियों, जागरूकता कार्यक्रमों-नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।


पौधरोपण करते उमरे महाप्रबंधक

### मऊआइमा नगर पंचायत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली गई रैली

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बे में विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत मऊआइमा द्वारा निकाली गयी रैली।इस अवसर पर सभी कस्बा वासियो को जागरूक किया गया। मऊआइमा कस्बे में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कस्बा के विभिन्न वार्डों में रैली निकाली गई। तथा सभी को प्रर्यावरण के बारे में बताया गया कि वृक्षारोपण लगा कर प्रयार्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। रैली में कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष कपूर ,मोहम्मद आजम ,शिव कुमार ,रखसान आरिफ, वलीद अंसारी ,जमील उद्दीन ,कुल्लू ,जेबी, इनायत उल्ला आदि मौजूद थे। उसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी तथा सदस्यों ने प्रयार्यावरण बचाने के लिए शपथ ली। इस अवसर पर बीडीओ कांफ्रेंसिंग के जरिए सी एम के संकल्पों को लिए। तथा यह प्रतिज्ञा किए कि पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाऊंगा। बताया गया है कि प्रर्यावरण को बचाने के लिए सबसे अच्छा कार्य घर का हर सदस्य वृक्षारोपण करे।

### पिता कि तबियत खराब बताकर किशोरी का अपहरण, दो पर केस दर्ज, तलाश जारी

**नवाबगंज।** एक किशोरी का दो युवकों पिता की तबीयत खराब होने की बात कहते हुए अपहरण कर ले गए। काफी खोजबीन के बाद जब जानकारी हुई तो किशोरी के पिता संग परिजनों को आरोपितों के पक्ष से निरंतर हत्या करने की धमकी दी जा रही है। वहीं घटना मामले में पुलिस दो नामजद आरोपियों पर केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। जबकि घटना मामले में पुलिस अपहृत किशोरी संग आरोपियों की तलाश में जुट गई है। उधर पीड़ित परिजन के घर पर आरोपी पक्ष द्वारा धमकी दी जा रही है। जिसको लेकर परिजन काफी डरे सहमे हुए हैं। नवाबगंज बुदौना गांव निवासी एक व्यक्ति के मुताबिक 31 मई को सायंकाल दो लोग गलत नियत से पिता की तबियत खराब होने की बात कहते हुए अस्पताल पहुंचाने की बात करते हुए जबरन किशोरी का अपहरण कर ले गए। आरोप है कि वह जब शोर मचाने का प्रयास की तो उसके साथ मारपीट कर हत्या करने की धमकी दी गई। पीड़ित व्यक्ति के मुताबिक उक्त बातें आशीष एवं बुचन्ने द्वारा प्रार्थी को बताते हुए बताया कि वह थरवई में चलो मिलवा दूं। उधर घटना मामले में पीड़ित परिजन के घर पर चढ़कर जबरन आरोपी पक्ष द्वारा परिजनों की हत्या करने की धमकी दी जा रही है। वहीं पीड़ित संग परिजन काफी डरे सहमे हुए हैं। घटना के बाद पीड़ित के घर पर चढ़कर दबंगों द्वारा लाठी-डण्डे से लैस होकर गालियां देते हुए मारने की कोशिश की गई है। हालांकि घटना मामले में पुलिस द्वारा आशीष सरोज पुत्र हथियारे एवं बुचन्ने सरोज पुत्र मुन्ना पासी निवासीगण बुदौना नवाबगंज के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है। जबकि पुलिस किशोरी संग आरोपियों की तलाश में जुटी है। वहीं डांडी चौकी प्रभारी द्वारा आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी तलाश नहीं कर पाईं हैं। वहीं पीड़ित परिजन को आरोपित पक्ष से हत्या करने की धमकी मिल रही है ?।

### इलाहाबाद जन कल्याण समिति ने किया पौधारोपण

**प्रयागराज।** जन कल्याण समिति ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण किया,समिति के अध्यक्ष मोहम्मदहन्जला उर्फ सद्दाम हुसैन ने कहा कि पर्यावरण की अवहेलना के गंभीर दुष्परिणाम समूचे विश्व में परिलक्षित हो रहे हैं।अब सरकार जितने भी नियम-कानून लागू करें उसके साथ साथ जनता की जागरूकता से ही पर्यावरण की रक्षा संभव हो सकेगी। इसके लिए कुछ अत्यंत सामान्य बातों को जीवन में दृढ़ता-पूर्वक अपनाना आवश्यक है। जैसे - शिक्षा संस्थानों व कार्यालयों में विद्यार्थी, शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी राष्ट्रीय पर्व तथा महत्त्वपूर्ण तिथियों पर पौधों रोपे और उपहार में भी सबको पौधो दें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुहम्मद यूनुस, आसिफ,राजा ,नजफ फात्मा, राशिद ,रिजवान, आरिफ,आदि लोग मौजूद रहें ।

# विश्व पर्यावरण दिवस : आरके ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**नैनी।** सुनहरा भविष्य विकास समिति के तत्वाधान में सोमवार को आर0 के0 ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस नैनी, प्रयागराज के छात्र-छात्राओं द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर विभिन्न कार्यक्रम- रैली, गंगा सफाई, नुक्कड़ नाटक एवं पौध रोपण का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा तख्तियों, बैनर, पोस्टर के माध्यम से अरैल घाट नैनी पर नुक्कड़ नाटक करते हुये लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी एवं प्रबंध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी सहित विभिन्न संस्थानों के प्राचार्य एवं शिक्षकों तथा संस्था के रजिस्ट्रार अनुज शुक्ला व छात्रो द्वारा गंगा किनारे फैले हुए विभिन्न प्रकार के कचरे- प्लास्टिक, फूल-माला एवं अन्य प्रदूषक सामग्रियों को हटाते हुए साफ-सफाई किया गया तत्पश्चात लगभग 100 से अधिक पौधों का रोपण भी किया गया।

संस्था के चेयरमैन डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी जी ने रैली मे बताया कि हम सभी अपने जिम्मेदारी से विमुख हैं पर्यावरण को सुरक्षित रखने की पूर्णतः जिम्मेदारी सरकारों की नहीं बल्कि आम जनमानस की भी है इसलिए पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। जिस तरह हम लगातार पेड़ो को काट रहें हैं उनका रोपण भी उतना ही आवश्यक है जिससे हमें आक्सीजन पर्याप्त मात्र में मिलती रहे। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के प्रबन्ध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी जी ने लोगो को जानकारी देते हुए कहा कि हमारी पूर्व चिकित्सा पद्धति जो कि पूर्णतः पर्यावरण पर आश्रित थी आज हमारी उदासीनता के कारण धीरे धीरे लुप्त हो रही है। पालीथीन जैसे वन टाइम यूज प्लास्टिक का उपयोग न करके भी हम पर्यावरण संरक्षण में सहयोग कर सकते हैं। पर्यावरण को सुव्यवस्थित रखने के लिए जल संरक्षण, वायु संरक्षण एवं मृदा संरक्षण आवश्यक है। विधि प्राचार्य डॉ0 मुहम्मद जफर जी ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त करते हुये बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पहली बार वर्ष 1972 में आयोजित किया गया। उन्होने बताया कि भारतीय संविधान में वन्य प्राणी एक्ट 1972, जल प्रदूषण एक्ट 1974, वायु संरक्षण एक्ट 1986 सहित पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित लगभग 200 कानून बनाये जा चुके हैं। आने वाली पीढ़ी के लिये पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है इसलिये हम ऐसा कार्य करें जिससे प्रकृति की रक्षा हो सके। नर्सिंग प्राचार्या के0एच0 विक्टोरिया देवी ने कहा कि स्वच्छ वायु में सांस लेकर ही हम स्वस्थ जीवन व्यतीत करते हैं ऐसे में जब वायु प्रदूषित हो जाती है तो मानव सांस के द्वारा प्रदूषित हवा अपने भीतर लेता है जो उसके पूरे शरीर में फैल जाती है ये प्रदूषित वायु मनुष्य के शरीर में विषैले पदार्थ पहुंचाती है जिनके कारण उसकी श्वास प्रणाली प्रभावित होती है फलस्वरूप खांसी, जुकाम से लेकर दमा जैसी बीमारियां उसे घेर लेती हैं इन सबसे बचने के लिये अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण किया जाना आवश्यक है।

उक्त कार्यक्रम में नर्सिंग प्राचार्या श्रीमती के0 एच0 विक्टोरिया देवी एवं अन्य शिक्षिकाएं, विधि प्राचार्य डॉ0 मुहम्मद जफर, अमित पांडेय, नीति अलेक्जेंडर व अन्य शिक्षक तथा आर0के0 कालेज आफ फामेर्सी से कार्तिकेय मिश्रा, पंकज चतुवेर्दी, शैन कुमार, शुभम मिश्रा, प्रदीप तिवारी व अन्य समस्त शिक्षक, तथा सुशील कुमार शुक्ला, गुरु प्रसाद द्विवेदी अनुभव शुक्ला, अर्पिता यादव, बबली द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।


'विश्व पर्यावरण दिवस' पर निकाली गई रैली में शामिल लोग



### अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर महिलाओं ने किया पौधरोपण

**नैनी।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के मौके पर महिलाओं ने नैनी के मामा भांजा मोहल्ले में पौधरोपण कर लोगों को जागरूक किया। अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा महिला इकाई की प्रदेश प्रभारी मीना जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सभी को जीवन में पौधरोपण करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को हम बेहतर वातावरण दे सकें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बबिता जायसवाल, कंचन जायसवाल, गीता, आशा, सविता आदि महिलाएं मौजूद थीं।

## संक्षेप

### भरवारी में निकाली गई पर्यावरण जागरूकता रैली, रोपे गए पौधे

**कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी के बच्चों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर नगर पालिका के लोगों को जागरूक किया। रैली को प्रबंधक रवि नारायण तिवारी व प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने कालेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में वरिष्ठ शिक्षक भुवनेश्वर तिवारी, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार, अशोक कुमार पांडेय, राजेश यादव, राजेश अस्थाना, अतुल मिश्रा, यशपाल यादव, दीप्तांशु तिवारी उपस्थित रहे। नगर पालिका स्थित एसएन कॉन्वेंट स्कूल में विद्यालय के प्रबंधक नौशाद और प्रधानाचार्य आयशा सिद्दीकी सभी शिक्षकों के साथ मिलकर वातावरण को शुद्ध बनाने का संकल्प लेते हुए पौधरोपण किया। नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय में अध्यक्ष कविता पासी ने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर एडवोकेट आशीष कुमार पासी समेत नगर पालिका परिषद भरवारी के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकतीं : डीएम

**कार्यक्रम**

**हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप जीवन शैली अपनाना चाहिए**

**गोल्डेन कार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत सहायक हुए सम्मानित**



उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत सहायकों को सम्मानित करते डीएम

**कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि हम सब लोग वृक्ष के महत्व के बारे में भली-भॉति जानते हैं। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकतीं। हमारे जीवन के लिए धरातल पर अधिक से अधिक पेड़-पौधों का होना अत्यन्त आवश्यक है। वह प्रत्येक तत्व, जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते हैं, वह सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं। हमारा पर्यावरण धरती पर स्वस्थ्य जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुरक्षित जीवन के लिए धरातल पर मानक के अनुसार 33 प्रतिशत वन आच्छादित होना चाहिए, जबकि हमारे देश के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 23 प्रतिशत भाग ही वन आच्छादित है एवं उ0प्र0 के भौगोलिक क्षेत्र के लगभग 09 प्रतिशत भाग ही वन आच्छादित है। केन्द्र व प्रदेश सरकार के विशेष प्रयास से वनावरण विगत वर्षों से लगातार बढ़ रहा हैं। कहा कि नदी तालाब को गन्दा न करें एवं जब आवश्यक न हो तो विद्युत उपकरणों को बन्द रखें आदि। कार्यक्रम में धर्मा देवी इंटर कॉलेज के छात्र- राजा पाण्डेय, अनुराग एवं आलोक त्रिपाठी व छात्रा-तान्या सिंह ने पर्यावरण विषय पर अपने सम्बोधन के माध्यम से जीवन में पेड़-पौधों की महत्ता व संरक्षण पर प्रकाश डाला तथा आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इसके बाद जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विकास खण्ड के 03-03 पंचायत सहायकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेण्टों देकर सम्मानित किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए पौधे

**चरवा, कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सोमवार को थानाध्यक्ष चरवा आलोक कुमार सोनकर द्वारा जहां थाना स्टाप के साथ बैठक कर उन्हें वृक्षों व पोधों के महत्व को बताया वहीं उन्होंने थाना परिसर में पौध रोपित भी किया। हालांकि इस दौरान उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व होता है कि वह कम से कम एक पौध जरूर रोपित करे। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि यही पौध जब बड़े होकर वृक्ष का रूप लेते हुए हैं तो जहां इनसे पर्यावरण संतुलित रहता है वहीं मनुष्य को इनसे बेहतर आक्सीन भी मिलता है। ऐसे में सभी को चाहिए कि वह वृक्षों की महत्ता को समझें।



पौध लगाते थानाध्यक्ष चरवा

## अतीक के शूटर अब्दुल कवि पुलिस रिमांड में

**कई विंदुओं पर जानकारी लेते हुए है पुलिस, पूछताछ जारी**

**कौशाम्बी।** राजूपाल हत्याकांड में नामजद रहे माफिया अतीक के शूटर अब्दुल कवि को कौशाम्बी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 48 घंटे के लिए कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने अब्दुल कवि से सबसे अहम सवाल यही पूछा कि 2005 में राजूपाल की हत्या के बाद वह अबतक कहां छिपा था। वह अतीक गैंग के लिए कब से काम कर रहा था। उमेश पाल हत्याकांड के दौरान वह कहां था। अतीक ने उससे आखिरी बार कब संपर्क किया। उमेश पाल हत्याकांड के शूटरों को किसके कहने पर पनाह दी थी। इन सवालों के अलावा अन्य कई सवाल पूछे गए। हालांकि पुलिस अफसरों ने इस प्रकरण में कुछ भी जानकारी देने से इनकार किया। देर रात तक पूछताछ चलती रही।

प्रयागराज में 25 जनवरी 2005 को बसपा विधायक राजूपाल की हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड की जांच कर रही सीबीआई ने सरायअकिल थाना क्षेत्र के भखंदा निवासी अब्दुल कवि का नाम प्रकाश में लाते हुए आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। अब्दुल कवि माफिया अतीक अहमद का शूटर है। 18 साल से वह पुलिस व सीबीआई को चकमा देकर कवि फरारी काट रहा था। 14 फरवरी को सीबीआई ने सरायअकिल पुलिस के साथ धारा 82 के तहत उसके घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। इसके बाद 24 फरवरी को प्रयागराज में राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल व उनके दो सरकारी गनर की गोली व बम मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस को पता चला कि हत्याकांड के बाद माफिया अतीक के शूटर कवि के घर में छिपे हैं। तीन मार्च को पुलिस ने कवि के घर पर छापामारी की। शूटर तो नहीं मिले लेकिन घर की दीवार में छिपाकर रखे गए कई असलहे बरामद हुए। इसका मुकदमा कवि समेत उसके परिवार के 11 लोगों के खिलाफ लिखा गया। इससे पहले अक्तूबर 2020 में ही कवि ने अपने भाई वली व कादिर के साथ मिलकर चकपिन्हा निवासी ओम प्रकाश पाल पर तमंचे से फायर किया था। ओम प्रकाश पाल भी राजूपाल हत्याकांड के गवाह हैं। पांच अप्रैल 2023 को कवि लखनऊ की सीबीआई कोर्ट में हाजिर हो गया। पुलिस ने जिले में उसके खिलाफ दर्ज दो मामलों रिमांड के लिए कोर्ट से मांग की थी। कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद पुलिस रविवार को उसे लेकर आ गई और पूछताछ शुरू कर दी।

## नगर अध्यक्ष व ईओ ने किया नगर भ्रमण, सुनी समस्या



नगर भ्रमण कर क्षेत्र की समस्या जानते चरवा नगर पंचायत अध्यक्ष

**कौशाम्बी।** चरवा नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी द्वारा सोमवार को नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान वार्डों में व्याप्त समस्याओं के बाबत जानकारी लेते हुए उसके समाधान का आश्वासन दिया।

चरवा नगर पंचायत अध्यक्ष जगनारयण द्वारा अधिशासी अधिकारी के साथ चरवा नगर पंचायतों के चरवा उत्तर थोक,चरवा चैराहा,ओदार पुर,पिपरी आदि गांवों का निरीक्षण करते हुए लोगो की समास्याओं को सुना। लोगों ने जल भराव, नाली, सड़क, आवास आदि समस्याओं को अध्यक्ष को अवगत कराया। लोगों की समस्याओं को देखते हुए अध्यक्ष जगनारायण ने वार्ड के निवासियों को समस्या से निदान कराए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ छोटी-छोटी समस्याओं को तत्काल निस्तारण करने के लिए अधिशासी अधिकारी से कहा। इस मौके पर उनके साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ससुरालवालों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर ओसा गांव में ब्याही युवती ने ससुरालवालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का आरोप है कि शादी के एक साल बाद बेटी को जन्म देने के बाद ससुरालवालों ने यातना देना शुरू कर दिया। मायके से दो लाख रुपये न लाने पर ससुरालवालों ने उसे पखवाड़ा भर पहले मासूम बच्ची समेत घर से निकाल दिया। सोमवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

बहादुरपुर ओसा गांव में ब्याही राधना पत्नी धीर सिंह ने बताया कि शादी में मिले दहेज में ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं थे। बेटी को जन्म देने के बाद ससुरालवाले आग बबूला हो गए। छोटी-छोटी बात पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। मायके से दो लाख रुपये लाने की भी मांग की जाने लगी। दो लाख रुपये नहीं मिलने पर पखवाड़ा भर पहले ससुरालवालों ने उसे कमरे में बंद कर पीटा फिर मासूम बच्ची के साथ घर से निकाल दिया। सोमवार को पिता के साथ मंझनपुर पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है

### पति पर प्रताड़ना का आरोप एएसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र में ब्याही युवती ने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का आरोप है कि पहली बार वह बिदा होकर ससुराल पहुंची तो सबकुछ ठीक रहा। कुछ दिन बाद वह मायके चली आई। दोबारा ससुराल गई तो पति ने कमरे में बंद कर उसके साथ अप्राकृतिक दुराचार किया। मनमानी का विरोध करने पर उसे बेल्ट से पीट दिया। वह मायके पहुंची और परिजनों को बताई। युवती के घर वालों ने विरोध किया तो उन्हें भी धमकी दी गई। विवाहिता सोमवार को मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की। एएसपी ने पीड़िता को जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## सगाई के बाद युवक ने तोड़ा रिश्ता

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम इलाके के एक युवक ने सगाई के बाद रिश्ता तोड़ दिया। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर, बात नहीं बन सकी। सोमवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है। एएसपी ने पीड़िता को जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

कड़ाधाम थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि छह महीने पहले उसकी शादी गांव के ही एक युवक के साथ तय हुई थी। दोनों परिवार के बीच गोद भराई व सगाई की रश्म अदायगी भी हो गई। सगाई के बाद युवती के घर वाले निकाह की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच युवक के साथ उसके घर वालों ने निकाह से इनकार कर दिया। सगाई के बाद रिश्ता टूटता देख युवती के घर वाले अवाक रह गए। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत भी हुई पर युवक किसी भी मायने में राजी नहीं हुआ। सोमवार को पिता के साथ मंझनपुर पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत की। पीड़िता से प्रार्थना पत्र लेते हुए एएसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## युवक ने पत्नी पर किया कातिलाना हमला

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के स्वातखत कड़ा मसवानी टोला में रविवार की रात युवक ने पत्नी पर कातिलाना हमला किया। लोहे की रॉड से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने घायल विवाहिता को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। स्वातखत कड़ा मसवानी टोला मोहल्ले की शीलम देवी पत्नी पप्पू सोनकर ने बताया कि रविवार की रात पति से उसका विवाद हो गया। इसके बाद पप्पू ने पीटते हुए जान से मारने की नियत से सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। खून से लथपथ विवाहिता चिल्लाते हुए घर से बाहर भागी। चीख पुकार सुन मोहल्ले के लोग भागकर मौके पर पहुंचे तो विवाहिता की जान बची। पति की पिटाई से जख्मी विवाहिता ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ विवाहिता को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित पति पप्पू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपित घर छोड़कर फरार है।

### पत्थर उखाड़कर भूमिधरी पर किया कब्जा

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के दिलावलपुर निवासी मोहम्मद जुनैद अंसारी ने बताया कि बताया कि गांव के ही एक परिवार से उसका जमीन का विवाद चल रहा है। विवादित जमीन की पैमाइश कराने के बाद उसने पत्थर लगवाया गया था। आरोप है कि आरोपित ने परिजनों के साथ मिलकर पत्थर उखाड़ते हुए जमीन पर कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने थाने में मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपित शहजादे, रिजवान, अफाक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जेठ-जेठानी ने पीटा घर से निकाला

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी एक पीड़िता ने अपने जेठ व जेठानी पर घर से निकालने व मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता की सुनवाई जब टेढ़ीमोड़ चैकी व महिला थाने में नहीं हुई तो वह एसपी से मिली। एसपी ने मामले में कार्रवाई का निर्देश कोखराज पुलिस को दिया है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया है कि उसके ससुर को कई साल पहले कॉलोनी मिली थी। कालोनी के दो कमरों में एक कमरें में जेठ-जेठानी तो दूसरे में वह और उसका पति रहता है। ससुर की मौत के बाद जेठ-जेठानी उसे कॉलोनी से निकाल रहे हैं। यह भी बताया कि 11 मई को उसके साथ जेठानी कमला देवी व जेठ राजेश कुमार ने उससे मारपीट की। मामले की शिकायत पीड़िता ने टेढ़ीमोड़ चैकी में की तो उसे महिला थाना भेज दिया गया। महिला ने थाने में शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। एसपी ने मामले में कोखराज पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## चलौली में ग्राम संगठन का हुआ उद्घाटन



फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सोमवार को ग्राम चलौली ब्लाक चायल के शक्ति महिला ग्राम संगठन का उद्घाटन किया गया। इस दौरान एडीओ (आई एस बी) जय सिंह एवम ब्लॉक मिशन प्रबंधक देवभूषण पांडेय , आशीष मिश्रा द्वारा फीता काटकर ग्राम संगठन का उद्घाटन किया। समूह की महिलाओ द्वारा कलश यात्रा गांव में निकाली गई एवम सरस्वती पूजन किया गया जिसमे सभी महिलाओ ने बढ़चढकर अपनी भागीदारी निभाई। एडीओ (आई एस बी) एवम ब्लॉक मिशन प्रबंधक ने महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से महिला सशक्तिकरण की ओर जागरूक किया। इस मौके फतेहपुर जनपद से आई हुई सीनियर आईसीआरपी सुशीला देवी, सुरसती एवं समुह सखी रेवती, ममता तथा समूह की अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

## सीओ सिराथू ने रोपित किए पौधे



कार्यालय परिसर में पौध रोपित करते सीओ सिराथू

**कौशाम्बी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने उप जिलाधिकारी मनीष यादव के साथ सैनी थाना सहित सर्किल के चारों थाने व चैकियों में पौध रोपित कर पर्यावरण को बेहतर बनाए जाने के लिए संदेश दिया। साथ ही आम जनमानस से ज्यादा से ज्यादा पौध रोपित करने की अपील किया। सीओ ने कहा शुद्ध प्राणवायु के लिए पौध रोपित करें और उसकी अच्छी देखभाल कर उसे वृक्ष बनाएं। सभी लोग अपने घर के गलियारे और छतों पर अच्छे और वायु देने वाले पौधे लगाए जिससे शुद्ध वातावरण का माहौल बन सके और सभी लोग शुद्ध प्राण वायु पा सके।

## साहब मेरी जान बचा लो, अन्यथा मार डालेंगे

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली के रैय्या देह माफी गांव की बृजकली पत्नी बचन ने थाना पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में गुहार लगाते हुए कहा कि मेरा लड़का शंकर लाल शराबी है। नशे में धुत होकर आए दिन बुरी तरह से मारता पीटता है। बताया कि सोमवार की दोपहर को शराब के नशे में आकर मुझे लात घूंसा से मारा पीटा। इतना ही नहीं मेरे गर्दन पर धारदार चापड़ रख कर मुझे काटने जा रहा था। चीख सुनकर मुहल्ले के लोगों ने बीच बचाव किया तो मेरी जान बच सकी। इतना ही नहीं मेरा शराबी बेटा मेरे बहु को भी मारपीट कर घर से बेघर कर दिया। हालांकि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना पुलिस जांच में जुट गई थी।

## पर्यावरण दिवस पर प्रकृति संरक्षक हुए सम्मानित

**कार्यक्रम**

**परिषदीय विद्यालय सौंरई बुजुर्ग में पर्यावरण जागरूकता को हुई विविध गतिविधियां**



सौंरई बुजुर्ग विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते बच्चे

**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय सौंरई बुजुर्ग में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया।

शिक्षक अजय कुमार साहू और अहमद रजा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम की शुरूआत एसएमसी अध्यक्ष उर्मिला देवी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर शुरूआत की। विद्यालय की शिक्षिका राठौर शशि देवी के नेतृत्व में छात्रों के मध्य पर्यावरण से सम्बंधित निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र खुशबू,शीलू ,शिवम क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षक अजय साहू व अहमद रजा ने इस दौरान गांव के पांच प्रकृति संरक्षक रामदास पटेल,रजब अली,लल्लू पाल,जगदीश पटेल उर्फ फुद्दी,कल्लू यादव को सम्मानित किया। इस प्रकृति संरक्षकों ने गांव में अब तक कुल सौ पौधे लगाकर उनकी देखभाल करते हुए गांव के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। शिक्षक अजय साहू ने कार्यक्रम के दौरान छात्रों व अभिभावकों को बताते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की शुरूआत 1972 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 5 जून 1972 को पहला पर्यावरण दिवस मनाया, तब से हर वर्ष इस दिन को मनाया जाने लगा। हांलकि संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का फैसला लिया था लेकिन पर्यावरण दिवस सबसे पहले स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में मनाया गया। 1972 में स्टॉकहोम में पहली बार पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें 119 देशों में हिस्सा लिया था। शिक्षक अहमद रजा ने बताया कि सुखी व स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति की सुरक्षा और पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत मे शिक्षक अहमद रजा ने मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक राम प्रसाद,राठौर शशि देवी,एसएमसी सदस्य गीता देवी, चंदा, सावित्री, मानसी व छात्रो के अभिभावक सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सत्ताइस प्रतिबंधित गोवंश कराये गये मुक्त, गंभीर धाराओं मे केस

**सफलता**

**पुलिस ने एक आरोपी को भेजा जेल, सीओ ने की सराहना**



बाग में बरामद किये गये गोवंश

**प्रतापगढ़।** बाग में ट्रक पर गोवंश लादे जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गोवंश तस्करी करने वाले एक बडे गैंग का पदार्फाश करते हुए सत्ताईस गोवंश को मुक्त कराया। साथ ही आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

लालगंज कोतवाल कमलेश पाल के निर्देशन में रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह रविवार की रात चैकी क्षेत्र मे गश्त पर निकले थे। कोतवाल कमलेश को कहीं से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में विरसिंहपुर की एक बाग में ट्रक पर बडी संख्या मे गोवंश लादे जा रहे हैं। आधी रात चैकी इंचार्ज ने फोर्स के साथ बाग में दबिश दी तो पुलिस को देख वहां भगदड मच गयी। पुलिस ने एक आरोपी को दबोचते हुए ट्रक की घेराबंदी कर ली। हालांकि ट्रक चालक व एक आरोपी बाग में रात का फायदा उठाते निकल भागे। मौके पर ट्रक मे पन्द्रह गोवंश रस्सी से बंधे लदे पाये गये। बारह गोवंश नीचे मिले। पुलिस ने सभी सत्ताईस गोवंश को मुक्त कराते हुए गोशाला भेजवाया। वहीं पकड़े गये आरोपी लालगंज थाना के गोविन्दपुर निवासी ननकू यादव के पुत्र कल्लू यादव को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। पुलिस ने डीसीएम को भी कब्जे मे लेते हुए उसे मुकदमें मे दाखिल किया है। चैकी इंचार्ज की तहरीर पर आरोपियो के खिलाफ गोवंश निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता अधिनियम को लेकर गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है। सोमवार को आरोपी कल्लू यादव को पुलिस ने जेल भेज दिया। जानकारी मिलने पर टेज्नी सीओ अमृत जैन कोतवाली पहुंचे और पुलिस की कामयाबी की सराहना की।



लालगंज सीओ तथा कोतवाली परिसर मे पौधरोपण करते ट्रेनी सीओ अमृत जैन

# पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह हुआ पौधरोपण

**पर्यावरण दिवस**

**आईएसओ का दर्जा रखने वाली कोतवाली तथा सीओ कार्यालय में रोपित हुए फलों वाले पौधे**

**लालगंज।** अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर सोमवार को हरित क्रांति जागरूकता को लेकर विभिन्न आयोजन किये गये। आईएसओ का दर्जा रखने वाली कोतवाली तथा सीओ कार्यालय में फलों वाले पौधे भी रोपित हुए। टेज्नी सीओ एवं आईपीएस अमृत जैन के नेतृत्व मे पुलिसकर्मियों ने सीओ कार्यालय में पांच तथा कोतवाली में दर्जन भर पौध रोपित किये। टेज्नी सीओ अमृत जैन ने कार्यक्रम मे मौजूद लोगों से पृथ्वी का संतुलन बनाए रखने के लिए अधिकाधिक पौधरोपण पर जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने पर्यावरण सुरक्षा के ध्येय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी हरित क्रांति को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता कहा। इस मौके पर उदयपुर थानाध्यक्ष निकेत भारद्वाज, एसआई योगेन्द्र सिंह, रवीन्द्र यादव, राजेश कुमार, शिशिर पटेल, अबरार आदि रहे। वहीं नगर पंचायत के दीवानी वार्ड में भी नए कार्यालय भवन परिसर में भी वृहद पौधरोपण हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने परिसर में फल तथा छाया देने वाले जीवनोपयोगी पौधो को रोपित किया। कार्यक्रम का संयोजन ईओ पदमजा मिश्रा तथा संचालन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। सांगीपुर ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू के नेतृत्व में प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। प्रमुख अशोक सिंह ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर शुरू हुए इस अभियान को प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे प्रभावी बनाया जाएगा। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष रोहित सिंह, चंदन सिंह, धर्मेन्द्र मिश्र, संजय सिंह बघेल, पवन यादव, पारस सरोज, राजू मिश्र, मुन्ना सिंह आदि रहे। लालगंज ब्लाक परिसर में एसडीएम न्यायिक तनवीर अहमद तथा ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज के निर्देशन में आदर्श तालाब के तटवर्ती क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर उधम सिंह, एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी, प्रीतेन्द्र ओझा, विमलेश सिंह आदि रहे।

# अब समय आ गया है पर्यावरण संरक्षण को लेकर एकजुटता दिखानी होगी : श्लोक मिश्र



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते हुए

**प्रतापगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर चिलबिला स्थित वन विभाग कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण कार्यकर्ता श्लोक मिश्र ने पौधरोपड करते हुए लोगों से अपील किया कि अब समय आ गया है पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को एकजुटता दिखानी होगी।

कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एकजुट होकर ही, तेजी से बढ़ रहे क्लाइमेट चेंज कि समस्या से निपटा जा सकता है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण दिवस की थीम शोल्यूसन टू प्लास्टिक पॉल्यूशन पर चर्चा करते हुए कहां की आज मानव जीवन के दैनिक उपयोग में आने वाली अधिकतर वस्तुएं प्लास्टिक से निर्मित है। ऐसे में कुछ प्रमुख प्लास्टिक उत्पाद जैसे पॉलीथिन वाटर बाटल आदि से दुनिया का अधिकतर भूभाग प्रभावित हुआ है। हमें ऐसे प्लास्टिक के कचरो का अब हल निकालना होगा। जिससे धरती को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। हम राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा संघ आवर नेचुरल अर्थ मिलकर लंबे समय से इस पर काम कर रहे हैं धरती में प्लास्टिक कचरे को फैलने से रोकने के लिए हमें हुमन चैन को बढ़ाने की आवश्यकता है। हमे प्लास्टिक कचरे को रोड के किनारे पार्क खाली पड़ी जमीनों में ना फेंककर डस्टबिन में ही डालें तथा जितना हो सके प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करें। तथा प्लास्टिक को नेचुरल तरीके से रीयूज करने पर ध्यान दें। तभी हम आने वाले समय मे चुनौतियों से निपट सकते हैं। कार्यक्रम में डीएफओ प्रतापगढ़, एसडीओ, रेंज ऑफिसर, अभिषेक पांडेय, आशीष कुमार सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# फुटबाल प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ ब्वॉयज टीम ने जीता खिताब



विजेता खिलाडियो को पुरस्कृत करतीं चेयरपर्सन अनीता

**लालगंज।** नगर पंचायत के रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज के मैदान में हुई अर्न्तजनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता मे प्रतापगढ़ ब्वॉयज टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। टीम ने उप विजेता प्रतापगढ़ अग्रसर स्पोंटिंग क्लब को तीन 3-2 से पराजित किया। रविवार की देर शाम प्रतियोगिता के समापन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने विजेता एवं उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। समापन मैच में बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने रोमांचक मुकाबले को लेकर दोनों टीमों का जमकर उत्साहवर्धन किया। दोनों टीमें एक एक गोल करके बराबरी पर पहुंची। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में प्रतापगढ़ ब्वायज टीम ने 3-2 से मैच जीत लिया। मैच में अग्रसर स्पोंटिंग क्लब के खिलाडी सुफेल का आखिरी समय में गोल करना दर्शकों मे रोमांच भर गया। वहीं इसी क्लब के खिलाडी रोमी को गोल्डन बूट अवार्ड से भी चेयरपर्सन अनीता ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता मे प्रतापगढ़ के अलावा पडोसी जिले रायबरेली, ऊंचाहार, लालगंज, अमेठी समेत आठ टीमों का भी चार दिवसीय खेल आयोजन में रोमांचक प्रदर्शन दिखा। मैच रेफरी आशीष द्विवेदी रहे। बतौर मुख्य अतिथि चेयरपर्सन अनीता ने कहा कि खेल की प्रतियोगिताएं हमें सामुदायिक एकता के साथ टीम भावना की मजबूती की भी प्रेरणा दिया करती है। अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन संयोजक रामचंद्र यादव ने किया। इस मौके पर बृजेश द्विवेदी, अशोक सिंह, शास्त्री सौरभ, विनय पाण्डेय, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

# जमीन विवाद में महिला को पड़ोसी कर रहे परेशान

**पट्टी।** प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश के बाद भी पड़ोसी महिला को जमीनी विवाद में परेशान कर रहे है। महिला को अपने ही जमीन पर निर्माण करने से पड़ोसी रोक रहे है। पीड़िता महिला ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत अरैला गांव की रहने वाली रेहाना पत्नी रोजई ने बताया कि वह अपने जमीन पर मकान निर्माण कर रही है। लेकिन पड़ोसी अपने दबंगई के बल पर महिला को मकान निर्माण करने में बाधा डाल रहे हैं। जबकि मामले में महिला ने तहसीलदार से शिकायत की थी। तहसीलदार ने पुलिस से शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए मौके पर पहुंचकर जांच के लिए कहा था। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद पुलिस वहां नहीं पहुंची। मामले में महिला ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

# प्रधानमंत्री की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत का बढ़ा सम्मान : आदित्य प्रसाद



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

**केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गिनाई उपलब्धियां**

**प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में प्रदेश महामंत्री झारखण्ड व राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद एवं सांसद संगम लाल गुप्ता ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। यह सरकार गांव, गरीब, दलित, पीड़ित, असहायों की सरकार है। प्रधानमंत्री ने दुनिया व देश के लिये जो काम किया है ऐसा कोई कर नही सकता है। केन्द्र सरकार द्वारा 11 करोड़ 50 लाख शौचालय बनाने का कार्य किया है। उज्जवला योजना के तहत 9 करोड़ 50 लाख लाभार्थियों को लाभ दिलाया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन देने का कार्य किया गया। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद की उपलब्धियों के सम्बन्ध में अवगत कराया कि आजादी के बाद से अब तक जितना कार्य रेल में नहीं हुआ उससे ज्यादा वर्तमान सरकार के प्रयास से रेलवे का विकास हमारे सामने है और इसलिये रेलवे के लिये 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। पीएम आवास योजना का बजट बढ़ाकर 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है जो यह दर्शार्ता है कि सरकार सामान्य व्यक्ति, गरीबों वंचितों के प्रति कितनी संवेदनशील है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भी माँ बाराही देवी धाम, बेल्हा देवी, बाबा घुइसरनाथ, बाबा बेलखरनाथ धाम व शनिदेव धाम के सड़को की कनेक्टिविटी बेहतर बनाते हुये उसके सर्वांगीण विकास हेतु कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि 2017 के बाद प्रतापगढ़ में 140 पुलिस बूथों और 35 पुलिस चैकियों का नव निर्माण सहित पुराने जर्जर थानों के भवन का कायाकल्प कर फरियादियां से जुड़ी जनसुविधायें उपलब्ध कराकर जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास कायम करने की ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यकारिणी के साथ ही अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्य अभियंता ने औचक निरीक्षण कर नेवर पेड की वसूली में सख्ती लाने के दिये निर्देश, हड़कम्प



लालगंज में कैम्प का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता

**लालगंज।** प्रयागराज के विद्युत वितरण के मुख्य अभियन्ता के यहां औचक निरीक्षण को लेकर विभाग में हडकंप मच गया। मुख्य अभियंता विनोद कुमार गंगवार अधीक्षण अभियंता सत्यपाल के साथ अचानक लालगंज तहसील कैम्प का निरीक्षण करने आ पहुंचे। मुख्य अभियंता ने उप खण्ड के सभी वाणिज्यिक व घरेलू विधा के नेवर पेड उपभोक्ताओं पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर कडे निर्देश दिये। उपखण्ड अधिकारी तथा अवर अभियंताओं से विद्युत बकाये की वसूली के बाबत प्रगति की जानकारी भी मुख्य अभियंता ने बिंदुवार ली। बकाये को लेकर अभियान में ढिलाई को लेकर मुख्य अभियंता का पारा भी चढ़ा दिखा। मुख्य अभियंता की मौजूदगी में कैम्प में तेरह नेवर पेड के मद में एक लाख दो हजार चार सौ सैंतीस रुपए जमा कराए गए। वहीं बकाये को लेकर तेरह उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन भी काटे गये।

## संक्षेप

### आस्था के संकल्प व तिरंगे के जोश के साथ पैदल करेंगे सचिन द्वादश ज्योतिलिंगों का दर्शन



**लालगंज।** संकल्प, साधना व राष्ट्रीयता एवं आध्यात्म के संगम में युवक की आस्था बारह ज्योतिलिंगों के पैदल दर्शन की सराहनीय भूमिका में दिखी है। राजस्थान के टोंक जिला निवासी सत्ताईस वर्षीय सचिन गुर्जर ने आस्था के पुष्प के साथ देवाधिदेव महादेव के द्वादश ज्योतिलिंगों के पद यात्री के रूप में दर्शन की ललक पूरी करने के लिए उत्साह व उमंग मे देखे गये। बाबा केदारनाथ से सचिन गुर्जर की महादेव के बारह ज्योतिलिंगों की यह दर्शन यात्रा बाबा घुइसरनाथ के समीप लालगंज तक आ पहुंची। सचिन ने स्थानीय कोतवाली पहुंचकर यात्रा का रजिस्टेज्शन कराया। वहीं बगल स्थित हरिहरमंदिरम में भी उसने दर्शन पूजन किया। सचिन के आध्यात्म के क्षेत्र में साहस व संकल्प की पुलिसकर्मियों के साथ कोतवाली में मौजूद लोगों मे भी सराहना देखी गयी। सचिन ने बताया कि केदारनाथ धाम से लालगंज तक वह पैदल ऊँ नमः शिवाय के जाप मंत्र की शक्ति संजोये दो माह नौ दिन में पूरी करने में सफल रहा। सचिन का कहना है कि उसे महादेव की इच्छाशक्ति पर पूरा भरोसा है और वह डेढ़ से दो वर्ष में बारह ज्योतिलिंगों के दर्शन का अपना मिशन पूर्ण कर लेगा। सचिन के हाथ में तिरंगा ध्वज भी इस यात्रा में उसकी राष्ट्र साधना को धर्म की आध्यात्मिक संस्कृति में पिरोये हुए देखा गया। सचिन लालगंज से काशी विश्वनाथ महादेव की नगरी के लिए जब निकला तो मौजूद लोग उसके संकल्प की सफलता की मंगलकामनाएं भी व्यक्त करते दिखे।

### रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**प्रतापगढ़।** नगरपालिका परिसर में सोमवार को जुटे सभासदगण व कर्मचारियों ने अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से नगरवासियों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की गई। पालिका अध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील किया कि प्रतिबंधित पालीथिन का प्रयोग कतई न करें। अपने आस-पास गंदगी न करें, घरों से निकलने वाला कूड़ा डस्टबिन में ही डालें और कूड़ा वाहन जाने पर उसे सौंप दें। मोहल्लों में सफाई के लिए नामित किए गए कर्मचारियों का सफाई में सहयोग करें। कूड़ा जुटाकर उसे जलाने से परहेज करें। नगर भ्रमण करने के बाद रैली वापस पालिका कार्यालय पहुंची। जहां गोष्ठी में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। नगरपालिका अध्यक्ष ने कार्यालय परिसर और सभासदों ने अपने-अपने मोहल्ले में पौधरोपण कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया।

### ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, एक घायल

**पट्टी।** सड़क पर बने गढे को बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा चालक ई रिक्शा लेकर पलट गया। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों की मदद से उसे पट्टी सीएचसी भेजा गया जहां पर युवक का इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के नारंगपुर बाजार के समीप सड़क पर हुए गड्ढे को बचाने के चक्कर में ई रिक्शा पलट गया। लंभुआ तहसील के रहने वाले विनोद कुमार जायसवाल ई-रिक्शा से तहसील मुख्यालय आ रहा था। ई-रिक्शा पलटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे पट्टी सीएचसी भेजा जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

### परदेस से लौट रहे युवक का बैग लेकर हुआ फरार

**पट्टी।** ढकवा मोड के पास परदेस से लौट रहे युवक को टप्पेबाजों ने अपना निशाना बनाया। युवक को लिफ्ट देने के बहाने उसका बैग लेकर बाइक सवार फरार हो गये। पीड़ित ने थाने पहुंचकर इसकी तहरीर दी है। औगानपुर गांव के रहने वाले रामकृपाल यादव रोजी रोटी के सिलसिले में महाराष्ट्र में रहता है। सोमवार को वह अपने गांव लौट रहा था। ढ़खवा मोड पर वह साधन का इंतजार कर रहा था। तभी एक व्यक्ति उसे लिफ्ट देने के लिए मोटरसाइकिल से रुका। थोड़ी दूर जाने के बाद बाइक सवार ने अपना बैग नीचे गिरा दिया और रामकृपाल से बैग लाने के लिए कहा। जैसे ही रामकृपाल बाइक से नीचे उतरकर बैग लेने गया बाइक सवार उसका बैग लेकर फरार हो गया। पीड़ित युवक ने थाने जाकर लिखित शिकायत करते हुए प्रार्थना देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### बाइक से घर लौट रहे युवक को पीटा



**प्रतापगढ़।** देर रात बाइक से घर लौट रहे युवक को मारने पीटने और अचेतावस्था में छोड़कर भाग जाने का आरोप है। घटना के तीन बाद पुलिस ने उसका इलाज सीएचसी में कराया। प्राथमिक उपचार के बाद भी उसकी हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आरोपित को पुलिस ने शांति भंग में पाबंद कर चालान कर दिया। पुलिस घटना को पूरी तरह संदिग्ध मान रही है। हथिगवां थाना क्षेत्र के भदसिव निवासी दशरथ (26) पुत्र राम आसरे ने पुलिस को तहरीर दी। वह दो जून की रात करीब नौ बजे अपनी बुआ के घर से बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह शुकुलपुर के पास एनएच टू हाइवे पर पहुंचा बेलहा समसपुर गांव निवासी मगन अपने तीन अन्य अज्ञात साथियों के संग रोककर उसकी बाइक छीनने लगे। विरोध करने पर उसे लाठी-डंडे, धारदार हथियार से मारा पीटा जिससे वह अचेत होकर गिर गया।

### कैम्प में किसानों की समस्याओं का किया निस्तारण



**प्रतापगढ़।** डीएम के निर्देश पर रानीगंज तहसील की पूरनपुर ग्राम पंचायत में सोमवार को कृषि विभाग की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों की शिकायत सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। कर्मचारियो ने बताया कि शिविर में कुल 41 लाभार्थी शिकायत लेकर पहुंचे। उनके आवेदन की वर्तमान स्थित की जांच कर समस्या निस्तारित कर दी गई।

### रेल हादसे के दिवगंतो को दी श्रद्धांजलि



**प्रतापगढ़।** बालासोर (उड़ीसा) में हुई रेल दुर्घटना में जान गंवाने वालों को कांग्रेस कार्यकताओं ने रविवार की शाम पार्टी कार्यालय पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी, डॉ. प्रशांत देव शुक्ल, डॉ. नीरज त्रिपाठी, इरफान अली, वीके सिंह, रोहित शुक्ल, कपिल द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### पड़ोसी पर महिला ने छेड़छाड़ व मारपीट का लगाया आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खादर गांव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसके घर के सदस्य जब खेत में काम करने के लिए चले गए तो पड़ोसी रामतीर्थ पुत्र रामदेव उसे अकेला देख उसके घर में घुस आए और उसके साथ अश्लील बातें करने लगे। जब उसने छेड़छाड़ का विरोध किया तो पड़ोसी आक्रामक हो गए और उसे लात घूसों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़िता को जब होश आया तो उसने पूरी आपबीती अपने घर वालों को बताई। पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची और मामले में नामजद प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## जनसंपादकीय

# राजेन्द्र कृष्ण ने एक गीत में ढाला बापू का जिंदगीनामा

जाहिद खान



फि ल्मी दुनिया में राजेन्द्र कृष्ण वह गीतकार हैं, जिन्होंने हिंदी फि ल्मों की कहानी, स्क्रिप्ट और संवाद भी लिखे। हर मैदान में वे कामयाब रहे। लेकिन राजेन्द्र कृष्ण के चाहने वालों में उनकी पहचान गीतकार की ही है। चार दशक तक उनका फि ल्मों में सिक्का चला। इस दरमियान उन्होंने ऐसे नायाब गीत लिखे, जो आज भी उसी तरह से पसंद किए जाते हैं। उनके लिखे गीतों का कोई जवाब नहीं। वे सचमुच लाजवाब हैं। राजेंद्र कृष्ण का पूरा नाम राजेंद्र कृष्ण दुग्गल था। उन्हें बचपन से ही शेर-ओ-शायरी का जुनूनी शौक था। अपना शौक पूरा करने के लिए वे स्कूल की किताबों में अदबी रिसालों को छिपाकर पढ़ते। यह शौक कुछ यूं परवान चढ़ा कि आगे चलकर खुद लिखने भी लगे। पन्द्रह साल की उम्र तक आते-आते उन्होंने मुशायरों में शिरकत करना शुरू कर दिया। जहां उनकी शायरी खूब पसंद भी की गई। शायरी का शौक अपनी जगह और गम-ए-रोजगार का मसला अलग। लिहाजा साल 1942 में शिमला की म्युनिसिपल कारपोरेशन में क्लर्क की छोटी सी नौकरी कर ली। लेकिन उनका दिल इस नौकरी में बिल्कुल भी नहीं रमता था। नौकरी के साथ-साथ उनका लिखना-पढ़ना और मुशायरों में शिरकत करना जारी रहा। यह वह दौर था, जब सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर मुशायरों-कवि सम्मेलनों की बड़ी धूम थी। इन मुशायरों की मकबूलियत का आलम यह था कि हजारों लोग इनमें अपने मनपसंद



शायरों को सुनने के लिए दूर-दूर से आते थे। शिमला में भी उस वक़्त हर साल एक अजीमुश्शान ऑल इंडिया मुशायरा होता था, जिसमें मुल्क भर के नामचीन शायर अपना कलाम पढ़ने आया करते थे। साल 1945 का वाकि आ है, मुशायरे में दीगर शोअरा हजरात के साथ नौजवान राजेंद्र कृष्ण भी शामिल थे। जब उनके पढ़ने की बारी आई, तो उन्होंने अपनी गजल का मतला पढ़ा, "कुछ इस तरह वो मेरे पास आए बैठे हैं/जैसे आग से दामन बचाए बैठे हैं"। गजल के इस शे'र को खूब वाह-वाही मिली। दाद देने वालों में जनता के साथ-साथ जिगर मुरादाबादी की भी आवाज मिली। शायर-ए-आजम जिगर मुरादाबादी की तारीफ से राजेन्द्र कृष्ण को अपनी शायरी पर एतमाद पैदा हुआ और उन्होंने शायरी और लेखन को ही अपना पेशा बनाने का फैसला कर लिया। एक बुलंद इरादे के साथ वे शिमला छोड़, मायानगरी मुंबई में अपनी किस्मत आजमाने जा पहुंचे।

फि ल्मी दुनिया में काम पाने के लिए राजेन्द्र कृष्ण को ज्यादा जद्दोजहद नहीं करनी पड़ी। उन्हें सबसे पहले फि ल्म 'जनता' की पटकथा लिखने को मिली। यह फि ल्म साल 1947 में रिलीज हुई। उसी साल उनकी एक और फिल्म 'जंजीर' आई, जिसमें उन्होंने दो गीत लिखे। लेकिन उन्हें असल पहचान मिली फिल्म 'प्यार की जीत' से। साल 1948 में आई इस फिल्म में संगीतकार हुस्नलाल भगतराम का संगीत निर्देशन में उन्होंने चार गीत लिखे। फि ल्म के सारे गाने ही सुपर हिट हुए। खास तौर पर अदाकारा सुरैया की सुरीली आवाज से राजेन्द्र कृष्ण के गाने 'तेरे नैनों ने चोरी किया मेरा छोटा सा ज़िया परदेसिया' में जादू जगा दिया। गाना पूरे देश में खूब मकबूल हुआ। साल 1948 में ही राजेन्द्र कृष्ण ने एक और गीत ऐसा लिखा, जिससे वे फि ल्मी दुनिया में हमेशा के लिए अमर हो गए। 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की हत्या हुई। बापू की इस हत्या से पूरा देश गमगीन हो गया। राजेन्द्र कृष्ण भी उनमें से एक थे। बापू के जानिब अपने जज्बात को उन्होंने एक जज्बाती गीत 'सुनो सुनो ऐ दुनियावालों बापू की ये अमर कहानी' में ढाला। तकरीबन तेरह मिनिट के इस लंबे गीत में महात्मा गांधी का पूरा ज़िंदगीनामा है। मोहम्मद रफी की दर्द भरी आवाज ने इस गाने को नई ऊंचाईयां पहुंचा दी। आज भी ये गीत जब कहीं बजता है, तो देशवासियों की आंखें नम हो जाती हैं।

हिंदी फिल्मों में राजेन्द्र कृष्ण के गीतों की कामयाबी का सिलसिला एक बार शुरू हुआ, तो उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक के बाद एक उनकी ऐसी कई फि ल्में आईं, जिनके गीतों ने ऑल इंडिया में धूम मचा दी। साल 1949 में फिल्म 'बड़ी बहन' में उन्हें एक बार फिर संगीतकार हुस्नलाल भगतराम के संगीत निर्देशन में गीत लिखने का मौका मिला। इस फि ल्म के भी सभी गाने हिट हुए। खास तौर पर 'चुप-चुप खड़े हो जरूर कोई बात है..' और 'चले जाना नहीं..' इन गानों ने नौजवानों को अपना दीवाना बना लिया। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की आवाज ने इन गीतों में वह कशिश पैदा कर दी, जो आज भी दिल पर असर करती है। फिल्म 'बहार' (साल-1951) में शमशाद बेगम का गाया गीत 'सैंया दिल में आना रे..' भी खूब मकबूल हुआ। इन गानों ने राजेन्द्र कृष्ण को फि ल्मों में गीतकार के तौर पर स्थापित कर दिया। साल 1953 में फि ल्म 'अनारकली' और साल 1954 में आई 'नागिन' में उनके लिखे सभी गाने सुपर हिट साबित हुए। इन गानों की कामयाबी ने राजेन्द्र कृष्ण के नाम को देश के घर-घर तक पहुंचा दिया। फि ल्म 'अनारकली' में यूं तो उनके अलावा तीन और गीतकारों जांनिसार अख़्तर, हसरत जयपुरी, शैलेन्द्र ने गीत लिखे थे, लेकिन राजेन्द्र कृष्ण के लिखे सभी गीत बेहद पसंद किए गए। 'ज़िंदगी प्यार की दो-चार घड़ी होती है..', 'जाग दर्दे-ए इश्क जाग', 'ये ज़िंदगी उसी की है' और 'मोहब्बत में ऐसे कदम डगमगाए' उनके लिखे गीतों को हेमंत कुमार और लता मंगेशकर की जादुई आवाज ने नई बुलंदियों पर पहुंचा दिया। इसी फि ल्म से उनकी जोड़ी संगीतकार सी. रामचंद्रा के साथ बनी। इस जोड़ी ने आगे चलकर कई सुपर हिट फि ल्में 'पतंगा', 'अलबेला', 'पहली झलक', 'आजाद' आदि दीं। इन फि ल्मों में लता मंगेशकर द्वारा गाये गए गीत खूब लोकप्रिय हुए।

फि ल्म 'नागिन' की कामयाबी के पीछे भी राजेन्द्र कृष्ण के गीतों का बड़ा योगदान था। इस फि ल्म में उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत 'मन डोले, तन डोले, मेरे दिल का गया करार रे', 'मेरा दिल ये पुकारे आजा', 'जादूगर सैयां छोड़ मोरी बैयां' लिखे। संगीतकार हेमंत कुमार के शानदार संगीत और लता मंगेशकर की आवाज ने इन गीतों को जो ज़िंदगी दी, वह आज भी इसके चाहने वालों के दिलों में धड़कन की तरह धड़कते हैं। सरल, सहज जबान में लिखे राजेन्द्र कृष्ण के गीत लोगों के दिलों में बहुत जल्द ही अंदर तक उतर जाते थे। जहां उन्हें मौका मिलता, उम्दा शायरी भी करते। संगीतकार मदन मोहन के लिए उन्होंने जो गाने लिखे, वह अलग ही नजर आते हैं। मिसाल के तौर पर फि ल्म 'अदालत' में राजेन्द्र कृष्ण ने एक से बढ़कर एक बेमिसाल गजलें 'उनको ये शिकायत है कि हम कुछ नहीं कहते', 'जाना था हमसे दूर बहाने बना लिये' और 'यूं हसरतों के दाग मुहब्बत में धो लिये' लिखीं। अपनी मखमली आवाज से पहचाने जाने वाले सिंगर तलत महमूद के जो सुपर हिट गीत हैं, उनमें से ज्यादातर राजेन्द्र कृष्ण के लिखे हुए हैं। यकीं न हो तो खुद ही देखिए 'ये हवा ये रात ये चांदनी तेरी इक अदा पे निसार है' (फि ल्म-संगदिल), 'हमसे आया न गया, तुमसे बुलाया न गया' (फि ल्म-देख कबीरा रोया), 'आंसू समझ के क्यूं मुझे आँख से तुमने गिरा दिया' (फि ल्म-छाया), 'फिर वही शाम वही गम वही तनहाई है', 'मैं तेरी नजर का सुरूर हूं, तुझे याद हो के न याद हो' (फि ल्म-जहाँआरा)।

फि ल्म की हर सिचुएशन पर राजेन्द्र कृष्ण को गीत लिखने की महारत हासिल थी। ज़िंदगी के हर रंग और हर भाव पर उन्होंने गीत लिखे। ये सभी गीत सुपर हिट हुए। उनके सुपर हिट गीतों की एक लंबी फेहरिस्त है, जो कभी भुलाए नहीं जाएंगे। 'चल उड़ जा रे पंछी..' (फिल्म-भाभी), 'जहां डाल डाल पर सोने की चिड़ियां करती हैं बसेरा' (फिल्म- सिकन्दर-ए-आजम)। गीतकार राजेंद्र कृष्ण ने तकरीबन 300 फिल्मों के लिए एक हजार से ज्यादा गीत लिखे। सौ से ज्यादा फि ल्मों की कहानी, संवाद और पटकथा लिखीं। जिसमें उनके द्वारा लिखी कुछ प्रमुख फिल्में 'पड़ोसन', 'छाया', 'प्यार का सपना', 'मनमौजी','धर्माधिकारी', 'मां-बाप', 'साधु और शैतान' हैं। एक वक़्त ऐसा भी था, जब राजेन्द्र कृष्ण उन्हीं फि ल्मों में गीत लिखते थे, जिसमें उनके संवाद और पटकथा होती थी। अपने फिल्मी लेखन के बारे में राजेन्द्र कृष्ण की एक इंटरव्यू में कैफि यत थी, "आम तौर पर एक फिल्म में छः या सात गीत होते हैं। जिसमें रोमांटिक सिचुएशन ज्यादा होती है। उसमें तो कोई पैगाम नहीं दिया जा सकता। मगर क्योंकि मैं स्क्रिप्ट राइटर भी हूं, संवाद भी लिखता हूं तो इसलिये कोई न कोई सिचुएशन ऐसी निकाल लेता हूं जिसमें देशभक्ति, भजन, या समाजवाद की बात हो या गजल हो जाए।" बहरहाल, राजेन्द्र कृष्ण को जब भी मौका मिला, उन्होंने अपने गीतों और संवादों से देशवासियों को सरल शब्दों में एक संदेश दिया। सीधे-सच्चे लफ़्ज और सादा अंदाज में वे ऐसे गीत लिखते थे, जो दिलों में गहरे तक उतर जाते थे। अपने शानदार गीतों के लिए राजेन्द्र कृष्ण कई पुरस्कारों और सम्मान से भी नवाजे गए। साल 1965 में उन्हें 'तुम्ही मेरे मंदिर, तुम्ही मेरी पूजा' (फि ल्म-खानदान) गीत के लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

(आधुनिकता को पश्चिम में अब कम से कम दो साल हो गये। उसकी एक लम्बी परम्परा बन गयी और उसकी अदम्य प्रयोगशीलता और नवाचार कई चरणों में निरन्तर रही है। रजा इस परम्परा में अवस्थित तो हैं पर वे उससे अलग अपनी राह बनाते हैं। पचास सालों से अधिक पहले रची गयी उनकी कृतियों में न सिर्फ.एकान्त है पर एक तरह की सौम्य शास्त्रीय आभा भी है। यह आभा उनके सजग रूप से भारतीय होने भर से नहीं आयी है- इसके पीछे अपने को प्रचलित अभिप्रायों से दूर रहकर अपने सच की एकान्त साधना करने जैसा कुछ है। यह जानबूझकर केन्द्र नहीं हाशिया चुनना है। इस प्रदर्शनी का एक हासिल मेरे लिए यह भी है कि पहली बार मैंने यह पहचाना कि रजा आलोक के, प्रकाश से भी चित्रकार हैं। एक तरह से वे एकान्त की उज्ज्वलता के कवि हैंः उनके लिए एकान्त भी कला है।)

# आलोक के भी चित्रकार हैं रजा

कभी-कभार

अशोक वाजपेयी



15 मई 2023 को पेरिस के सैण्टर पाम्पिदू की गैलरी 4 में सैयद हैदर रजा की तीन महीने चलनेवाली ऐतिहासिक प्रदर्शनी का आखिरी दिन था। दोपहर को जब हम वहाँ पहुँचे तो लगभग एक घण्टे की अवधि में चालीस-पचास दर्शक वहाँ कलाकृतियाँ देख रहे थे। मुझे लगा कि रजा में आधुनिकता की शास्त्रीय आभा है जो आकर्षित करती है। मेरी पत्नी रश्मि ने, जो मेरे साथ प्रदर्शनी देख रही थीं, कहा कि उन्हें लगता है कि रजा की कलाकृतियाँ एक तरह के उदास एकान्त की अभिव्यक्ति हैं। यह एकान्त आधुनिकता का एकान्त हैः उसमें तनाव, गहमागहमी है पर अन्ततः वह एकान्त है, अपने साथ, अपनी कला में, अपने जीवन की बेचैनी से मानों अपसरण कर पाया गया एकान्त।

आधुनिकता को पश्चिम में अब कम से कम दो साल हो गये। उसकी एक लम्बी परम्परा बन गयी और उसकी अदम्य प्रयोगशीलता और नवाचार कई चरणों में निरन्तर रही है। रजा इस परम्परा में अवस्थित तो हैं पर वे उससे अलग अपनी राह बनाते हैं। पचास सालों से अधिक पहले रची गयी उनकी कृतियों में न सिर्फ.एकान्त है पर एक तरह की सौम्य शास्त्रीय आभा भी है। यह आभा उनके सजग रूप से भारतीय होने भर से नहीं आयी है- इसके पीछे अपने को प्रचलित अभिप्रायों से दूर रहकर अपने सच की एकान्त साधना करने जैसा कुछ है। यह जानबूझकर केन्द्र नहीं हाशिया चुनना है। इस प्रदर्शनी का एक हासिल मेरे लिए यह भी है कि पहली बार मैंने यह पहचाना कि रजा आलोक के, प्रकाश के भी चित्रकार हैं। एक तरह से वे एकान्त की उज्ज्वलता के कवि हैंः उनके लिए एकान्त भी कला है।

रिल्के रजा के प्रिय कवि थे। वे पेरिस में दशकों तक अपने स्टूडियों में काम शुरू करने के पहले रिल्के की कुछ पंक्तियाँ, फ्रेंच अनुवाद में, मंत्र की तरह, प्रार्थना की तरह दुहराते थे। रिल्के के बुद्ध पर लिखी एक कविता की ये पंक्तियाँ मुझे रजा के चित्रों को देखते हुए याद आयींः 'बाहर की ओर एक गरमाहट मदद करती है/ क्योंकि ऊँचे, ऊपर ऊँचे/ तुम्हारे अपने सूर्य उग रहे हैं/ अपरिमित और चक्कर लगाते उद्दीप्त हो रहे हैं/ फिर, कुछ है जो शुरू हो रहा है जीवित होना/ तुममें जो सूर्यों से अधिक देर तक टिका रहेगा...।'

रजा का बिन्दु अन्ततः सूर्य ही है।

उस शाम एक आभार-भोज में सैण्टर के अध्यक्ष ने बताया कि रजा की प्रदर्शनी को पचास हजार से कहीं अधिक दर्शकों ने देखा है। यह मरणोत्तर उपलब्धि है। उनके जीवनकाल में इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने उनके चित्र कभी नहीं देखे-सराहे।

### बारिश में वेनिस

कुछ अरसे पहले खबर आयी थी कि वेनिस में सूखा पड़ा है और उस शहर की विख्यात नहरों में पानी की कमी इतनी हो गयी है कि उनमें गोन्दोला नहीं चल पा रहे हैं जो, पैदल गलियों में चलने के अलावा, अन्दरूनी यातायात का मुख्य माध्यम होते हैं। इस स्थिति के ठीक उलट जब हम एक दिन की एक झटपटिया सैर के लिए वेनिस पहुँचे तो वहाँ लगातार बारिश हो रही थी और पूरे दिन और रात, अगले दिन सुबह हमारे वेनिस छोड़ते समय भी अविरल हो रही थी। बारिश को अस' बनाती ठण्डी जोरदार हवा चल रही थी जो ठिठुरन भी पैदा कर रही थी। हम पेरिस से एक सस्ती हवाईयात्रा कर वेनिस पहुँचे थे और हमारे पास सामान बहुत कम था पर बारिश इतनी और हवा इतनी तेज थी कि वहीं खरीदे छाते हमें भींगने से बचाने में कामयाब नहीं हो सके। इतालवी न जानने के कारण अपनी होटल तक पहुँचने की कोशिश में कई बार भटके और भींगते रहे। किसी तरह होटल मिला तो उसकी प्रबन्धक हमें अपने कमरों में पहुँचाकर शाम पाँच बजे ही रात भर के लिए अपने घर चली गयी।

रश्मि और मैं तो पहले वेनिस आ और घूम चुके थे। पर मेरी बेटी दूर्वा और नातिन ताविषी के लिए यह दिन बहुत दुर्भाग्य का रहा। कुछ भी नहीं देख पाये। मैं याद तो करता रहा रेनर मारिया रिल्के, एजरा पाउण्ड और जोसेफ ब्राडस्की को, जिनमें से दो की समाधि भी वेनिस में है और पिछली बार हम वहाँ जा पाये थे। इस बार कहीं जाना बेहद त्रस्तिकर था। फिर भी, हिम्मत कर सैण्ट मार्क चौक तक गये तो वहाँ पानी भरा था और लगातार बारिश के कारण वहाँ लगाये लकड़ी के पट्टों पर चलना दूभर हो रहा था। ताविषी दो-तीन क्यूरिओ दूकानों में जा पायी। रात के भोजन के लिए ऐसा रेस्तराँ चुनना पश्चिम में हमेशा कठिन रहता है जहाँ कुछ शाकाहारी भोजन मिल जाये। इस बीच एक अच्छी बात यह हुई है कि पेरिस से लेकर वेनिस तक के बहुत सारे रेस्तराँओं में बांग्लादेशी वेटर और रसोइये हैं जिनसे थोड़ी-बहुत हिन्दी बोली जा सकती है। सो एक रेस्तराँ चौक के पास ही एक गली में मिल गया। वहाँ का प्रबन्धक बांग्लादेशी था।

किस्सा कोताह, हम रात देर गये होटेल वापस लौटे। जूते इतने भींग चुके थे कि रात भर में वे सूख नहीं पाये। सुबह जल्दी हम भरपूर बारिश में वाटर टैक्सी लेकर, जो खासी खचीर्ली साबित हुई, रेलवे स्टेशन तक गये। ट्रेन, प्रत्याशित रूप से, साफ-सुथरी आरामदेह थी और उसमें बैठकर हम रोम के लिए रवाना हो गये। एक दिन वेनिस में पूरी तरह अकारथ गया और उस अकारथता से कुछ मुक्ति मिली। यों बारिश जीवनदायी होती है पर कभी-कभी वह बहुत मजा-बिगाडू भी हो सकती है। वेनिस में यही हुआ। वेनिस में नीचे बहता या हिलोरें लेता पानी मनोरम है पर जब सिर पर लगातार बरसने लगता है तो मन बिफर जाता है।

**हिम्मत कर सैण्ट मार्क चौक तक गये तो वहाँ पानी भरा था और लगातार बारिश के कारण वहाँ लगाये लकड़ी के पट्टों पर चलना दूभर हो रहा था। ताविषी दो-तीन क्यूरिओ दूकानों में जा पायी। रात के भोजन के लिए ऐसा रेस्तराँ चुनना पश्चिम में हमेशा कठिन रहता है जहाँ कुछ शाकाहारी भोजन मिल जाये।**

### रोम में दो दिन

रोम को लेकर कई कहावतें बरबस याद आती हैंः 'रोम में वही करो जो रोमन करते हैं", 'रोम एक दिन में नहीं बना'। लगभग पाँच घण्टे के ट्रेन सफर के बाद हम जब रोम के तरमीनी स्टेशन पर उतरे तो मौसम सुहावना था, गुलाबी सी ठण्ड थी। संयोग से हमारा होटल स्टेशन से पैदल जा सकने की दूरी पर था। दोपहर के भोजन का समय हो चुका था। इतावली भोजन संसार भर में विख्यात और लोकप्रिय है हालाँकि उसमें टमाटर और पनीर का इस्तेमाल इतना अधिक होता है कि मुझे रूचिकर नहीं लगता। पर शाकाहारियों के लिए उनका मारगरीत पित्जा आसानी से हर कहीं मिल जाता है।

दो दिनों में रोम को ठीक से देखना संभव नहीं है और आपको सख़्ती और व्यावहारिकता से चुनना पड़ता है कि क्या देखें। रश्मि और बच्चे तो बस में शहर का एक चक्कर लगाने चले गये। मैं नहीं गया क्योंकि मैं दोबार पहले रोम घूम चुका हूँ। वेनिस की ऊब और थकान भी पूरी तरह से दूर नहीं हो पायी थी। शाम को होटल के नजदीक एक चीनी रेस्तराँ मिल गया जहाँ अंग्रेजी समझने वाले थे, अन्तरंग सुरूचिपूर्ण था और खचीर्ला नहीं था। उन्होंने शाकाहारी चीजें.भी फुरती से बना और परोस दीं।

हमने अगले और आखिरी दिन में कोलेसियम और वैटिकन सिटी जाना तय किया। वाहन व्यवस्था करने में कुछ देर लगी और जब तक हम वहाँ याने कोलेसियम पहुँचे तो इस अद्भुत स्मारक पर भारी भीड़ थी। यह एक वृत्ताकार जटिल और बहुत ऊँची संरचना है। उसमें बैठकर, हजारों की संख्या में, राजसी परिवार, भद्रजन, अधिकारी और सामान्य नागरिक ग्लेडिएटरों के दुस्साहसिक कारनामों से लेकर अपराधियों को दिये गये मृत्युदण्ड के तहत उन्हें सबके सामने खाये जाने के लिए भूखे शेरों के सामने फेंके जाने के नृशंस कार्य देखते थे। भव्यता और क्रूरता साथ-साथ और आमोद का कारण थी। याद आया कि चिन्तक वाल्टर बैन्यामिन ने कहा था कि सभ्यता का इतिहास, साथ ही, बर्बरता का इतिहास भी है। याद आयी पोलिश कवि चेष्वाव मीवोष की कविता 'काम्प्यो द फ़्यूरी' और उसकी ये पंक्तियाँ :'यहाँ इसी चौक पर/ ज्योदार्नो ब्रूनो जलाया गया था,/ जल्लाद ने चिता की आग जलायी/ जिज्ञासु भीड़ से घिरे हुए/ और जैसे ही लपटें शान्त हुईं/ मधुशालाएँ फिर से खचाखच भरी हुईं/ जैतून और नीबू की टोकनियाँ/ बेचने वाले अपने सिरों पर लिये हुए।'

हम वैटिकन सिटी तक पहुँचे तो पहले वहाँ जितना पैदल चलना था उतना चल पाना हम पति पत्नी के लिए संभव नहीं था। सो बेटी-नातिन ही गये और हम लौट आये। वे वहाँ से लौटती हुई इस फव्वारे को भी देखती आयीं जहाँ यह किंवदन्ती सक्रिय है कि उसमें सिक्का डालने से मनोकामना पूरी होती है। अगली सुबह हम रोम एयरपोर्ट पर थे जहाँ सुरक्षा जाँच कराते हुए मेरा फोन छूट गया और अब तक वापस नहीं मिला है। इस असावधानी को कोई रोमन भूल क्यों मानेगा?

**(लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)**

# न्याय के लिए संघर्ष में पहलवानों के कर्तव्य

मोर्चा

प्रेम सिंह



'इंडियन एक्सप्रेस' (23 मई 2023) में मुखपृष्ठ पर प्रथम स्टोरी के रूप में प्रकाशित अपने आलेख 'बहुत-सी लड़कियों की तरह सालों-साल मुझे भी चुप-चाप इस शख्स (बृजभूषण शरण सिंह) के हाथों (यौन-उत्पीड़न) सहना पड़ा' में विनेश फोगाट ने एक गौरतलब बात कही हैः ह्लअब कोई डर नहीं बचा था। केवल इतना ही डर बाकी था कि हमें कुश्ती छोड़नी पड़े। हमारा भरोसा है कि इस खेल के हमारे पास अभी पांच साल हैं। लेकिन ये सब प्रतिरोध करने के बाद कौन जाने भविष्य के गर्भ में हमारे लिए क्या है! हम यह भी जानती हैं कि हमारे जीवन को खतरा हो सकता है। क्योंकि हमने बृजभूषण शरण सिंह से ही नहीं, सत्ता की दूसरी ताकतों से भी झगड़ा मोल ले लिया है। लेकिन मैं मौत से नहीं डरती।" न्याय के लिए संघर्ष के रास्ते पर महिला पहलवान अंततः डर और लालच की मनोवृत्तियों से मुक्ति पा लेती हैं। इस अर्थ में उनके संघर्ष पर गम्भीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है।

आलेख में फोगाट बताती हैं कि भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा लंबे समय से किए जा रहे यौन-उत्पीड़न के खिलाफ उन्होंने विभिन्न सरकारी/प्रशासनिक संस्थाओं झ भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई), खेल मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), निगरानी समिति (ओसी), दिल्ली पुलिस आदि झ के आगे गुहार लगाई। लेकिन किसी ने उनकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई नहीं की। न्याय पाने के लिए उन्हें मजबूरन सामाजिक मैदान में उतर कर संघर्ष करने का निर्णय लेना पड़ा। साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और यौन-उत्पीड़न का शिकार हुईं कई अन्य पहलवानों ने इस निर्णय के साथ एकजुटता दिखाई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। आलेख से स्पष्ट होता है कि पहलवानों को सीधे संघर्ष के निर्णय पर पहुंचने से पहले लंबे आत्म-संघर्ष से गुजरना पड़ा है।

आज के अधिनायकवादी/कट्टरतवादी राजनीतिक-सामाजिक वातावरण में डर और लालच पर जीत हासिल कर लेना एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। शुरू से ही सत्ता-प्रतिष्ठान और ट्रोल सेना तरह-तरह से महिला पहलवानों का मनोबल तोड़ने की कोशिशों में लगे हैं। दिल्ली पुलिस का रवैया उनके प्रति दमनकारी रहा है। शायद यह उनके आत्म-संघर्ष से उपजी ताकत का परिणाम है कि वे सभी अंततः डर और लालच पर जीत हासिल कर पाए। यहां तक कि उन्होंने प्राणों तक के डर से मुक्ति पा ली। लालच करियर का भी होता है झ जिसे प्रत्येक खिलाड़ी कड़ी लगन और मशक्कत से अर्जित करता है। जैसा कि आलेख में फोगाट ने कहा है कि उन्होंने अपने आगे के करियर की परवाह छोड़ दी है। जाहिर है, अन्य पहलवानों ने भी।

ध्यान कर सकते हैं कि उपनिवेशवादी शासन के दौरान भारतीय मानस में डर और लालच की जुड़वां मनोवृत्तियों ने गहरी पैठ बना ली थी। इस विशिष्ट परिघटना के चलते देश में करीब तीन शताब्दियों तक औपनिवेशिक पराधीनता की स्थिति बनी रही। भारत का स्वतंत्रता संग्राम डर और लालच की मनोवृत्तियों को काट कर भारतीय मानस में निर्भयता और अपरिग्रह/संतोष की प्रस्थापना का संघर्ष भी था। गांधी ने पूरी निष्ठा के साथ इस लक्ष्य को स्वतंत्रता संग्राम की सांसों में पिरोने की कोशिश की थी। हालांकि, उनका नेतृत्व मानने वाले ज्यादातर नेताओं/बुद्धिजीवियों की निष्ठा गांधी के प्रयास के साथ या तो आधी-अधूरी थी, या बिल्कुल नहीं थी।

आजादी मिलने के साथ ही हमने निर्भयता और संतोष का पाठ पढ़ाने की हिमाकत करने वाले गांधी की दैहिक और वैचारिक हत्या कर दी। आजादी के मात्र चार दशक बाद ही देश के दरवाजे नवसाम्राज्यवाद की अगवानी में लिए खोल दिए गए। डर और लालच की जुड़वां मनोवृत्तियां शायद उपनिवेशवादी दौर से भी ज्यादा तेजी और गहराई से भारतीय मानस में पैठती चली गई हैं। केंद्र की सत्ता पर काबिज और उसे लंबे समय तक बनाए रखने की नीयत से परिचालित आरएसएस/भाजपा का वर्तमान संस्करण लोगों के भीतर सत्ता का डर बैठाने और उन्हें लालची बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। लेकिन भाजपेतर शासक-अभिजन (रूलिंग इलीट) भी अपने सत्ता-क्षेत्र (पावर डोमेन) में यही भूमिका निभाता है। एक न्यायपूर्ण व्यवस्था के लिए डर और लालच का फंदा काटना जरूरी है। दो-चार नागरिक भी ऐसा करते हैं, तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। महिला पहलवानों ने यह किया है।

न्याय करने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों के अभी तक के रुख से यह विश्वास नहीं बनता कि बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ़्तारी होगी और उन पर मुकद्दमा चलेगा। अलबत्ता, क्षति-नियंत्रण के लिए उनसे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के लिए कहा जा सकता है। न्याय करने वाली संस्थाओं में बैठे भले लोग जब पहलवानों को नसीहत देते हैं कि बृजभूषण शरण सिंह उनके पिता जैसे हैं; वे पितृ-भाव से तुम्हें स्पर्श करते हैं, तो संदेश यही होता है कि 'संस्कारी यौन-उत्पीड़क' शिकायत और सजा से परे होता है! वरना ये लोग अच्छी तरह जानते हैं कि बृजभूषण शरण सिंह 'पिता जैसी' शख्सियत के स्वामी होते तो महिला पहलवानों की तरफ से आरोप लगते ही अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे चुके होते।

लेकिन पहलवानों को निराश या हताश नहीं होना चाहिए। जल्दबाजी से भी काम नहीं लेना चाहिए। न्याय के संघर्ष के पथ पर वे खाली हाथ नहीं हैं। डर और लालच को जीत लेने की जो ताकत उन्होंने कमाई है, उसके चलते वे एक बड़ी भूमिका में आ गए हैं। अपनी इस स्थिति को उन्हें और मजबूत बनाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के जो ब्यौरे सामने आए हैं, उन्हें देख कर लगता है कि कुश्ती संघ के भीतर, और बाहर भी महिलाओं को बृजभूषण शरण सिंह के हाथों यौन-उत्पीड़न सहना पड़ा हो। सात महिला पहलवानों के सीधे संघर्ष को देख कर चुप रह जाने वाली ऐसी महिलाओं को न्याय मिलने की उम्मीद बंधी हो सकती है। जिस खेल बिरादरी से संघर्षरत पहलवानों ने सबसे पहले समर्थन की गुहार लगाई थी, हो सकता है चुप्पी के बावजूद उनके भीतर बैठा कायर कुछ न कुछ टूटा हो। जो नागरिक जंतर-मंतर पर उनके समर्थन में पहुंचे, हो सकता है वे निर्भयता और आत्म-प्रतिष्ठा की कीमत पर लालच का शिकार न होने का कुछ सबक लेकर लौटे हों। जो नागरिक, विशेषकर महिलाएं, घरों में अथवा कार्यस्थलों पर रहते हुए यह संघर्ष देख रही हैं, हो सकता है उन्हें कुछ हिम्मत हासिल हुई हो। जीवन की सार्थकता के लिए पहलवानों की यह कम बड़ी पूंजी नहीं है। उन्हें निराश होकर गंगा में अपने मेडल बहाने अथवा आमरण अनशन करने की जरूरत नहीं, बल्कि आगे के कर्तव्य निर्धारित करने की जरूरत है।

उसके लिए जरूरी होगा कि समर्थकों और सलाहकारों का पूरा सम्मान करते हुए वे पहले की तरह अपने फैसले खुद करें। यह बात उनके समर्थकों और सलाहकारों को भी समझनी चाहिए। खास कर उन्हें जो अपनी सफलता के लिए पहलवानों को पीछे धकेल कर खुद आगे रहना चाहते हैं। देश में राजनीतिक विमर्श जिस निम्नतम धरातल पर पहुंच चुका है, उसके चलते पहलवानों के प्रतिरोध के पीछे राजनीतिक स्वार्थ-सिद्धि के आरोप स्वाभाविक हैं। खिलाड़ियों का चरित्र-हनन करने, उन पर कीचड़ उछालने, उनके संघर्ष को जातिवादी अथवा क्षेत्रवादी बाड़ों में कैद करने का काम भी फैसला होने तक चलते रहना है। कुछ भले पूर्व और वर्तमान खिलाड़ी उपदेश देते रहेंगे कि खेल और राजनीति को नहीं मिलना चाहिए। पहलवानों को इस सब में उलझे बगैर देश के नागरिक और प्रतिष्ठित खिलाड़ी की पहचान के साथ अपना संघर्ष जारी रखना चाहिए। उन्हें पूरा हौसला और ताकत मिले।

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं, संपर्क 8826275067)**

व्यंग्य

## हर कथा सुहानी



अशोक गौतम

बकवास करने से पूर्व अपने भक्तिभाव के बारे में मैं आपको ही क्लीयर कर दूं कि भगवद् भक्ति को लेकर मैं औसत से भी बहुत नीचे का भक्त हूं। या यों समझ लीजिए माइन सौ। पर हां! साहब भक्ति को लेकर कोई मुझसे इंच भर भी आगे जाकर देखे तो सही, हरामी की उसी पल टांग न तोड़ दूं। टांग तोड़ूं भी ऐसी कि किसी भी अस्पताल में लाख जुड़ाने के बाद भी न जुड़े और वह जिस जिस जन्म में आदमी की योनि में जन्म ले वह सिंगल टांग का ही पैदा हो।

पर मुझे पता है कि कलियुग इस जूतम पैजारी युग में किसीको मजे से डूबो सकती है तो बस, ये भक्ति ही डूबो सकती है। पर हे मेरे भक्त बिरादरो! इसका मतलब ये कदापि नहीं हो जाता कि जहां भक्ति की व्यापारिक धारा अविरल बह रही हो, वहां मैं नहीं जाता। मैं वहां और भक्तों की तरह जरूर जाता हूं, पर भंडारा शुरू होने से कुछ देर पहले। किसी भी कथा में ज्यादा देर बैठने से मेरा दिल घटने सा लगता है, दम घुटने सा लगता है, पता नहीं क्यों?

कुछ ही देर पहले मुझे ज्यों ही मेरे खास भंडारा प्रिय भक्त खाई ने बताया कि उस मुहल्ले में राम कथा चल रही है, तो मेरी जीभ उस काम कथा के भंडारे का रसपान करने को मचल उठी।

सच कहूं तो अबके बड़े दिन हो गए थे, किसी कथा में भंडारे का आस्वाद लिए बिना। वैसे मैं ये सच कह रहा हूं , बुरा मत मानिएगा। अगर आप बुरा मानेंगे तो मेरी आत्मा को ठेस पहुंचेगी। कहीं भी कोई भी कथा हो, एक तो वहां भक्त भंडारे के समय को ही इकट्ठा होने लगते हैं जो उसमें भंडारे का आयोजन हो तो। वर्ना ऐसी तामसिक भगवद् कथाओं में आयोजक और कथा करने वाले ही ऊंघते रहते हैं।

' .....तो कथा में भंडारे का भी प्रोग्राम है क्या?'मैंने कथा के सार पर चर्चा की।

'अगर भगवद् कथा में भंडारे का आयोजन न हो तो कथा करवाने वाले को मोक्ष नहीं मिलता बंधु!'

'तो कथा कितने दिन की है?'

'सात दिन की, पर दो दिन तो निकल गए, उन्होंने जिस तरह कहा मत पूछो मेरे क्या हाल हुए,' तो पहले क्यों नहीं बताया? मैं भी वहां सातों दिन खाकर पुण्य समेट लेता। मतलब अब केवल पांच दिन ही मजे से मसालेदार वैष्णव भेजन से पेट में डालते कटेंगे? चलो! जो भगवद् इच्छा! कहीं से कुछ पता चला कि भंडारे में क्या क्या पक रहा है?' मैंने उनसे पूछा तो वे मेरे होंठों पर अपनी खुरदरी जीभ फेरते यों बोले ज्यों भंडारे में पकवानों के पतीलों पर अपनी जीभ फेर रहे हों,'तुम्हारे फेमस मालपुए ,' यह सुन आप सच नहीं मानेंगे उस वक्त जीभ ही नहीं, मेरा रोम रोम मूतने लग गया।

अब आपसे छिपाना क्या! मैं मालपुओं का बहुत दीवाना हूं। अगर नरक को जाता मुझे कोई प्यार से चार मालपुए खिला दे तो मैं उसके बदले नरक में हंसते हुए चला जाऊं।

'तो किस किस दिन है मालपुओं का प्रोग्राम?

'कथा कमेटी के प्रधान से पूछ कर बताता हूं,' उन्होंने कहा तो मैं भगवान से प्रार्थना करने लगा कि हे भगवान! आपकी कथा के भंडारे में रोज मालपुए ही बनें आपके परम भक्तों के लिए।

उन्होंने तत्काल अपनी जेब से फोन निकाला और मेरे सामने ही कथा कमेटी के प्रधान को मिलाया ताकि हाथ कंगन को कोई आरसी न रहे,' प्रधान जी! क्या आप बताने की कृपा करेंगे कि भंडारे में आपके भक्तों को कब कब मालपुओं का इंतजाम रहेगा? और भंडारा कितने बजे के आसपास शुरू होता है? मुझे डिटेल में बताएंगे तो हार्दिक प्रसन्नता ही नहीं, अति प्रसन्नता होगी।'

' पूछते हुए लग तो बुरा रहा है ,पर मित्र! वास्तव में तुम किस टाइप के भक्त हो? मालपुए खाने वाले या मालपुए खाने आने वालों के जूते उठाने वाले?'

' जी! केवल और केवल मालपुए खाने वाला।'

' भक्त को जय सिया राम! तो डियर! यहां तो पहले दिन से ही पेट पिपासुओं के लिए मालपुए चल रहे हैं, भंडारा सात बजे से, पर यह तहकीकात क्यों?'

' आपकी कथा की परम सफलता के लिए। घर के लिए भी मालपुए देते हैं न? तो पचासियों राम कथा भक्तों की तरह हम भी साढ़े छह के आसपास ही कथा सुनने आएं? पहले आकर बुहत बोरियत होती है' कथा प्रधान अपने से थे सो उन्होंने न पहचानते हुए भी पहचानते से खुलकर तो बात जारी रखी। सोचे होंगे, मालपुए बच गए तो कहां फेकेंगे? इस बहाने किसीके पेट में तो जाएंगे,' तुम जैसे परम स्नेही भक्त हमारे भंडारे का प्रसाद ही ग्रहण कर लें तो हमारी कथा संपूर्ण हुई समझो,' आह! हम जैसे भक्तों की भक्ति के बारे में उनके दिमाग में कितनी क्लीयरिटी!

.. इन दिनों हम दोनों ही क्या, हमारे जैसे नब्बे प्रतिशत भक्त चली राम कथा में साढ़े छह बजे के आसपास ही पहुंचते हैं। कथा तीन बजे शुरू हो तो होती रहे। साढ़े छह बजे के आसपास ही कथा का पंडाल भरने लगता है, और पौने सात बजे तक खचाखच भर जाता है। तब वहां तिल भरने तक को जगह नहीं मिलती।

मित्रो! अब तक पचासियों राम कथाएं सुन लीं। पर राम कथा का मुझ पर कोई बुरा असर न हुआ। कथा वाचकों पर हुआ हो तो मैं कुछ कह नहीं सकता।

चलो, राम कथा के बहाने बचे पांच दिन मुंह में मालपुए बिन नागा जाते रहेंगे। शरीर में शुगर इन दिनों बढ़ न जाए, इसलिए लो जी मैंने घर में मीठा खाना छोड़ दिया । मेरे जैसे भक्तों को इससे बड़ी संतुष्टि और होगी भी क्या! भगवान उनका भला करे जिन्होंने इस राम कथा में कथा सुनने वालों को पूरे समय मालपुओं का इंतजाम किया है।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क. 941800089)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# ओवरब्रिज के डिवाइडर से टकराकर नीचे गिरा ट्रक, चालक की गई जान

**दुखद**

**लालगंज के पतुलखी गांव की घटना**

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज।** राष्ट्रीय नेशनल हाईवे सड़क पतुलखी के सामने सोमवार को सुबह मिर्जापुर की ओर से मध्य प्रदेश जा रही ट्रक ट्रेलर अनियंत्रित होकर लालगंज के पतुलखी गांव के सामने ओवरब्रिज में घुस गई। जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गई।

जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मध्य प्रदेश रीवा जिले के कैलाशपुर गांव के निवासी दिनेश कुमार 37 वर्ष गाजीपुर से खाली ट्रक पिपराही मध्य प्रदेश लेकर जा रहे थे। वह लालगंज के पतुलखी गांव के सामने पहुंचे तो ओवर ब्रिज पर ट्रक अनियंत्रित हो गई और फोरलेन सड़क के बीचों बीच ओवर ब्रिज की रेलिंग को तोड़ते हुए फूल के अंदर झूल गई। घटना के समय ट्रक से रेलिंग टूटने की इतनी जोरदार थी कि राहगीरों के साथ ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। सुबह के समय वाकिंग करने वाले ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल ट्रक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गई। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दिया और शव को कब्जे में लेकर परिजनों के आने की प्रतीक्षा के साथ विधिक कार्रवाई में जुट गई।

## छत से गिरकर झोलाछाप डाक्टर की हुई मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के अमहा पानी टंकी के पास शिवशंकर सिंह पटेल के मकान में किराए का कमरा लेकर क्लीनिक चला रहे प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के बांस गांव निवासी 45 वर्षीय राजेश सिंह पटेल की रविवार की देर रात छत से गिरकर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने मकान मालिक व ग्रामीणों से घटना के संबंध में पूछताछ कर जांच पड़ताल की। प्रयागराज जिले के बांस गांव निवासी शंभू सिंह पटेल का 45 वर्षीय पुत्र राजेश सिंह पटेल के अमहा गांव स्थित पानी टंकी के पास अपने रिश्तेदार के यहां किराए का मकान लेकर पत्नी शीला पटेल के साथ रहते थे और 15 वर्षों से क्लीनिक खोलकर लोगों का इलाज करते थे। रविवार की रात खाना खाकर छत पर सोने चले गए। जहां देर रात छत से नीचे गिरने से झोलाछाप की मौत हो गई। सोमवार सुबह घटना की जानकारी होने पर मृतक की पत्नी और मकान मालिक आनन-फानन में उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन शव को लेकर घर चले गए थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज वीरेन्द्र सिंह ने घटना की जांच पड़ताल की। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की गई है छत से गिरने से युवक की मौत हुई है परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं शव को लेकर घर चले गए हैं।

## घटना के दूसरे दिन मिला साहिल का शव

**जनसंदेश न्यूज**

**बरामदगी**

**पम्प कैनाल के पास उतराया मिला युवक का शव**

**मछली मार रहे युवकों ने पुलिस को दी शव मिलने की जानकारी**

**कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम को भेज दिया**

**अदलहाट।** ग्राम रैपुरिया व टिकरी वाराणसी के बीच मध्य गंगा के रेती पर साथियों के साथ स्नान करते समय डूबे लापता युवक का शव सोमवार को नरायनपुर पम्पकैनाल के पास उतराया मिला। ज्ञात हो रविवार को नौ साथियों के साथ चितईपुर थाना क्षेत्र के वसुंधरा मोटर्स के कर्मचारी गंगा में स्नान करने आये थे। गहरे पानी मे चले जाने से पांच युवक गंगा में डूबने लगे थे। तीन युवकों को बचा लिया गया था। अनिल कुमार उर्फ सोनू की मौत वाराणसी के ट्रामा सेंटर जाते समय हो गयी थी तथा साहिल गौतम 24 वर्ष पुत्र अमित गौतम निवासी शास्त्रीनगर खैरा बाद घाघियाना सुलतानपुर गंगा में लापता हो गया था।

रविवार को वाराणसी से आयी एनडीआरएफ की टीम भी शव को खोजने में असफल हो गयी थी। सोमवार की सुबह नरायनपुर के पम्पकैनाल के पास मछली मारने पहुंचे ग्रामीणों ने शव उतराया मिलने की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। शव देखते ही परिजन बिलखने लगे। मृतक साहिल गौतम की शादी नहीं हुई थी। तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

पिता अमित गौतम पेंटिंग का कार्य करते है। घर की माली हालत ठीक नहीं होने के चलते साहिल गौतम वाराणसी में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। नरायनपुर पुलिस आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## अवैध तरीके से हो रहे कब्जे को हटाने की मांग

### स्वर्ण जयंती पार्क त्रिमुहानी पर कब्जे को लेकर प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** नगर के त्रिमुहानी पार्क स्थित कांग्रेस स्वर्ण जयंती पार्क पर लोगों द्वारा अवैध अनाधिकृत कब्जा को लेकर सोमवार को शहर कांग्रेस कमेटी के लोगों ने जिलाधिकारी को एक पत्रक सौंपा।



पत्रक देने जाते कांग्रेसी

जिसमें जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक ने बताया कि स्वर्ण जयंती त्रिमुहानी पार्क कांग्रेस पार्टी का पार्क है, जहां 100 वर्ष से ज्यादा समय से जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी का इस पर कब्जा है। जानकारी देते हुए बताया कि यह पार्क असहयोग आंदोलन सन 1920 21वीं तथा नमक भंग कानून 1930 ईस्वी में सत्याग्रह करने वाले तथा नमक बनाने वाले मीरजापुर के प्रतिष्ठित स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की गतिविधियों का साक्षी रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की स्थापना 1885 हुई थी। सन 1935 ईस्वी में कांग्रेस कमेटी के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर केंद्र प्रांत एवं जिला स्तर पर स्वर्ण जयंती मनाई गई। कांग्रेस कमेटी के लोगों ने अवैध तरीके से हो रहे कब्जे को हटवाने की मांग किया है। इस दौरान बृजेश पांडेय, राम सिंह, छोटे खान, शंकर चौबे, राजधर दुबे, कमलेश दुबे, रमेश प्रजापति, पप्पू इश्तियाक अंसारी, मनीष दुबे, रियाज अहमद, राजेंद्र विश्वकर्मा, कुंज बिहारी उपाध्याय, अनुज मिश्रा, अशोक गुप्ता, विजय दुबे, नरेंद्र ठाकुर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा से जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन प्रत्याशी बने डा. जगदीश सिंह पटेल

**बनाया कैंडिडेट**

**जिले में दौड़ी खुशी की लहर**

**जनसंदेश न्यूज**

**मड़िहान।** स्थानीय क्षेत्र के जमुई गांव निवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष व द्वितीय मालवीय के नाम से विख्यात डा. जगदीश सिंह पटेल को भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ने प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होते ही जगदीश सिंह पटेल के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। डा. जगदीश सिंह पटेल के बारे में बताया जाता है कि इन्होंने उस दौर में भाजपा की लाज बचाई थी जब प्रदेश व केन्द्र में भाजपा वनवास झेल रही थी तब जगदीश सिंह पटेल को विधान परिषद सदस्य में उम्मीदवार बनाया गया था जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी प्रत्याशियों से ज्यादा मत इनको मिला था।



डा. जगदीश पटेल को बधाई देते काशी प्रांत के अध्यक्ष

हालांकि बसपा उम्मीदवार विनीत सिंह से हार गये थे। बावजूद लम्बे समय से भाजपा का झंडा-डंडा लेकर सड़को पर संघर्ष करते रहें। यहां तक की 2017 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उम्मीदवारी पर मुहर भी लगा दी थी लेकिन अंतिम समय में टिकट नहीं मिला। जबकि 2017 के पहले इनके द्वारा जगह-जगह कार्यक्रम व बैनर पोस्टर लगाकर तैयारी किया गया था जो अंतिम समय में टिकट नहीं मिला। बावजूद इन्होंने भाजपा प्रत्याशी की मदद किया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा लम्बे समय बाद इनके संघर्ष को याद करते हुए जिला सहकारी बैंक का चेयरमैन प्रत्याशी घोषित किया गया जिससे समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि नक्सल व पिछड़ा क्षेत्र मड़िहान तहसील के अंदर शिक्षा के क्षेत्र में डा० जगदीश सिंह पटेल ने बहुत बड़ा काम किया है इनके पुत्र राजगढ़ ब्लाक के ब्लाक प्रमुख है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद जगदीश सिंह पटेल ने विंध्यांचल माता रानी के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद मांगा। बधाई देने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, छानबे विधायक रिंकी कोल, एमएलसी विनीत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगासागर दुबे, लालबहादुर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला मंत्री हरिशंकर सिंह पटेल,रमाकांत पटेल ज्ञान प्रकाश दुबे, राजगढ़ ब्लाक प्रमुख गजेन्द्र प्रताप सिंह आदि लोग रहें।

## शव दफनाने को लेकर घंटों चली पंचायत

### तहसीलदार के आदेश के बाद दफनाया गया शव

**जनसंदेश न्यूज**

**अदलहाट।** विकास नरायनपुर अन्तर्गत ग्राम कोलउन्द में सोमवार को ग्रामीणों के विरोध के बावजूद तहसीलदार नूपूर सिह ने गांव के सरकारी कब्रिस्तान में शव को दफनवाया। मृतक जैनूद्दीन खांन 65 वर्ष जो पठान थे। उन्होंने जीवित रहते हुए शेख बिरादरी के कब्रिस्तान में दफनाने की इच्छा कर दी थी। इस कब्रिस्तान में दफनाने का विरोध कर रहे ग्रामीण गुड्डू शेख बाबू, बेचन इस्तिखार, निसार खांन आदि ने बताया कि कोलउन्द में चार जगहों पर सरकारी कब्रिस्तान है।



शव को दफनाने को लेकर मौके पर जुटे अधिकारी

परम्परानुसार पठान व शेख दोनों अलग अलग कब्रिस्तान में दफन किये जाते रहे है। मृतक जैनूद्दीन खांन ने सन 2000 में कानूनी लड़ाई लड़ कर जिस कब्रिस्तान को खाली कराया था। उनकी दो पत्नी की मृत्यु के बाद उसी कब्रिस्तान में दफनाया गया था। तो जैनूद्दीन के शव को भी उसी कब्रिस्तान में ही दफन किया जाय। मृतक जैनूद्दीन खांन की पुत्री सबाना के साथ के अन्य लोग गांव के शिव मंदिर के पास वाले कब्रिस्तान में शव दफन करने को अड़ गये थे। जिसमें अब तक शेख बिरादरी के शवों को दफनाया जा रहा था।

मौके पर पहुंची तहसीलदार नूपूर सिह ने कहा कि कब्रिस्तान सरकारी है तो मृतक के परिजन गांव के किसी भी सरकारी कब्रिस्तान में शव दफना सकते है। उन्हे मना नही किया जा सकता। अन्त में मृतक पक्ष के ग्रामीणों ने शव को दफन किया।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया, कानूनगो नागेंद्र द्विवेदी, लेखपाल विजय सिंह, लेखपाल सुनील मौर्या, प्रधान जीशान खांन, पूर्व प्रधान निसार खांन आदि तमाम लोग उपस्थित रहें।

## उधार बियर न मिलने पर सेल्समैन का फोड़ा सिर

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के मुँहकुंचवा में उधार बीयर न देने पर मनबढ़ बदमाशों ने दुकान के सेल्समैन पर हमला कर दिया। राड से किए गए प्रहार में सेल्समैन धर्मेंद्र का सिर फुट गया। झुंड बनाकर पहुंचे बदमाशों ने दिन भर की बिक्री का रुपया भी लेकर फरार हो गए। नामजद तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। देहात कोतवाली क्षेत्र के मुँहकुंचवा स्थित सरकारी बीयर की दुकान पर धर्मेंद्र आम दिनों की तरह ग्राहकों को बियर बेंच रहा था। इसी दौरान दुकान पर रात करीब 9:30 बजे अक्सर बियर लेने आने वाले मनोज और अर्जुन पहुंचे। उन लोगों ने उधार बियर मांगा। जिस पर धर्मेंद्र ने उधार देने में अपनी असमर्थता जताया। लिहाजा दोनों युवक लौट गए। कुछ देर बाद दर्जन भर की संख्या में पहुंचे युवकों ने सेल्समैन पर हमला बोल दिया। हमला के चलते दुकान पर भगदड़ मच गई। हमलावर मारपीट के साथ ही बिक्री का रूपया भी लूट कर चलते बने। घायल सेल्समैन ने इसकी जानकारी ठेकेदार और पुलिस को दी। घायल धर्मेंद्र का इलाज मंडलीय अस्पताल में कराया गया। सूचना पर पहुंची देहात कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हैं। सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कुछ लोग उधार की बीयर मांग रहे थे। उसी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। देहात कोतवाली और चौकी प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

## अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**सफाई पर जोर**

**कहा, कैदियों की पर्सनल समस्या का करें निस्तारण**

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर के अपर जिला जज / सचिव लाल बाबू यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर फलदार वृक्षों का रोपण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में कुल 726 दोषसिद्ध व विचाराधीन बन्दी निरुद्ध पाये गये। कारागार के कार्यालय एवं अभिलेखों निरीक्षण किया। अपर जिला जज / सचिव के साथ प्रभारी जेल अधीक्षक आशुतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से व्यक्तिगत तौर पर प्रत्येक बैरकों में जाकर एक-एक बन्दियों से उनके स्वास्थ्य इलाज, दवा पेयजल, नियमानुसार नास्ता खाने व मुकदमें में पैरवी हेतु अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी प्राप्त किया और सिद्धदोष कैदियों से जेल अपील हुआ है अथवा नहीं की भी जानकारी लिया। साथ ही स्वच्छता एवं पर्यावरण पर विशेष ध्यान देने पर बल दिए साथ ही बन्दियों के लिये उपलब्ध शौचालयो एवं जेल नालियों के साफ-सफाई की व्यवस्था एवं दौरान निरीक्षण बन्दियों को मिलने वाले तैयार भोजन की गुणवत्ता एवं दवा इलाज पर विशेष ध्यान दिये जाने के लिए प्रभारी जेल अधीक्षक एवं जेल के डाक्टर को निर्देशित किया। किशोर बैरक में निरूद्ध बालकों को शिक्षा व खेल कूद से सम्बन्धित सामग्री तथा शिक्षा परक एवं रोजगार परक शिविरों का आयोजन कराकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। महिला बैरक में निरुद्ध महिला बन्दियों से व्यक्तिगत तौर पर सम्पर्क कर उनके समस्याओं को सूने और महिला जेल वार्डन को निर्देशित किया कि महिला बन्दियों की कोई भी समस्या हो तो अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करें। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण, शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध जलवायु विषय पर ग्राम पिपराडाड़ फॉर्म हाउस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव लाल बाबू यादव एवं उद्यान अधिकारी मेवा राम के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता शिविर में वृक्षारोपण एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## नहीं हो सकता बिना जन सहयोग के पर्यावरण संरक्षण : डीएम

**दो टूक**

**डीएम ने कहा, बिजली एवं पानी बचाना भी है प्रकृति संरक्षण**

**अकेले सरकार नहीं कर सकती काम**

**हवा, जल, नदी और तालाब हैं जीवन दाता : एडीएम वित्त**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पर्यावरण संरक्षण के आम जनता की सहभागिता आवश्यक बताया। कहा कि अगर कही रोपित पौधा सूख रहा है तो उसमें पानी डाल कर उसे जीवन दिया जा सकता हैं। भावी पीढ़ी के लिए प्रकृति को बचाये रखने के लिए फालतू बिजली और पानी का प्रयोग न करके भी प्रकृति की रक्षा की जा सकती हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में पर्यावरण के संरक्षण और उसके संवर्धन के लिए शपथ दिलाया। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रकृति द्वारा निःशुल्क जंगल, पहाड़, नदी, तालाब, हवा और पानी मिला है। सबकी अपनी उपयोगिता हैं। किसी की अनदेखी कर पूर्णता को नहीं प्राप्त कर सकते। हवा,जल, नदी और तालाब जीवन दाता है। इनके संरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर दिया बल। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि जीवन में छोटी-छोटी बातें भी पर्यावरण संरक्षण में सहायक होती हैं। बिजली के उपकरण का जरूरत न होने पर बंद कर देना और अनावश्यक पानी को न बहाना भी पर्यावरण संरक्षण किस श्रेणी में आता है।

कहा कि केवल पेड़ लगाने से ही पुणे पर्यावरण संरक्षण नहीं होता। हम अपनी आदतों में सुधार करके भी प्रकृति का संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखना है सभ्य नागरिक की जिम्मेदारी है। सरकार अकेले पेड़ लगाकर प्रकृति को संरक्षित नहीं रख सकती। हम सबको अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए। वन, नदी, तालाब आदि को बचाने का आज के दिन संकल्प लेना चाहिए कि हम भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण संरक्षण अपने जीवन का एक अहम लक्ष्य बना कर अपने कर्तव्य का पालन है करें। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट विनय सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में शपथ दिलाते एडीएम वित्त



वृक्षारोपण करते डायरेक्टर व अन्य

### वृक्षारोपण के लिए कप्तान ने दिलाई मातहतों को शपथ

**मीरजापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को को धरती को हरा-भरा बनाने एवं भावी पीढ़ियों को प्रदूषण मुक्त और सुरक्षित जीवन प्रदान करने हेतु पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलायी गयी। तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण कर पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण सहित आम जनमानस को अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। इसी क्रम में जनपद के सभी थानों, कार्यालयों व पुलिस चौकियों पर पुलिस अधिकारीगण द्वारा पुलिसकर्मियों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाते हुए वृक्षारोपण किया गया। पुलिस लाइन में शपथ एवं वृक्षारोपण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर-परमानन्द कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन-रामदुलार यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु सदैव करें वृक्षारोपण : डायरेक्टर

**वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश**

**अदलहाट।** क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 100 विभिन्न पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने विद्यालय में आम के वृक्ष लगाया और कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में बढ़ते हुए प्रदूषण, भूमिगत जल संसाधन की कमी, पक्षियों की घटती संख्या और वायु में ऑक्सीजन का अनुपात घटने जैसी समस्याएं जोकि पर्यावरण असंतुलित कर रही हैं, इसका एक ही निदान है और वह है वृक्षारोपण। कहा कि इस वक्त विद्यालय में लगभग 3000 पौधे है जिनमें से कई वर्षों का रूप लेकर फल भी दे रहे हैं। विद्यालय की डायरेक्टर सुश्री सौम्या द्विवेदी ने भी वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को पर्यावरण दिवस की महत्ता समझने को कहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या शैल तिवारी ने बताया कि विद्यालय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु सदैव ही बच्चों को जागरूक किया जाता है और बच्चों से विद्यालय और घर में वृक्षारोपण भी करवाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को ऑनलाइन विभिन्न एक्टिविटीज जैसे कि पौधारोपण, पेंटिंग, निबंध, कविता लेखन, कहानी लेखन इत्यादि करवाई गई जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अच्युतानंद दुबे, सुजीत उपाध्याय, अवधेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, ममता, शिवांश द्विवेदी, नीतू द्विवेदी इत्यादि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### खिलाड़ियों के समर्थन में उतरी भाकपा माले



**मीरजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाली एक नाबालिग सहित कई महिला पहलवानों ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद और भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के संगीत आरोप लगाए हैं जिसको लेकर 23 अप्रैल 2023 दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दे रही है। जिसको लेकर भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन देकर भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार महिला पहलवानों को दिल्ली के जंतर मंतर पर अपने धरना जारी रखने की अनुमति देने, महिला पहलवानों के साथ क्रूरता के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार कर तेजी से चार्जशीट दाखिल करने और अभियोजन के लिए उनकी हिरासत में पूछताछ की जाए। महिला पहलवानों पर लगाए गए केस रद्द किये जाने की मांग किया है। ज्ञापन देने वालों में जीरा भारती जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा, राम प्यारे भारती जिला सचिव भाकपा माले व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन कर किया पौधरोपण

**हलिया।** स्थानीय दिघिया रेंज परिसर में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनक्षेत्राधिकारी रामनारायण जैसल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वनक्षेत्राधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है कि पेड़ों की सुरक्षा करें तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कर पौधों को तैयार करें। श्रवण कुमार संत ने कहा कि 5 जून 1972 से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। समाज को इसके प्रति चैतन्य होने की जरूरत है पौधरोपण कर पौधों के संरक्षण करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। गोष्ठी के पूर्व रेंज परिसर में फलदार आम, जामुन, आंवला, नीम, करंज सहित अन्य कई प्रजातियों के पौधों को रोपित किया। जिसमें महिलाओं ने भी पौध रोपण में सहभागिता निभाया इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए रेंज परिसर में साफ सफाई अभियान चलाते हुए प्लास्टिक कचरा आदि को साफ किया गया। इसी प्रकार थाना परिसर में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने भी पुलिसकर्मियों के साथ पौधरोपण कर पार्यावरण संरक्षण करने के लिए शपथ दिलाई है। ब्लाक मुख्यालय पर बीडीओ कुलदीप कुमार ने अपने मातहतों के साथ पौधरोपण किया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सक अभिषेक जैसवाल व डाक्टर विवेक खरे ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ पौधरोपण किया है।

### भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर ने किया वृक्षारोपण

**अदलहाट।** भारत विकास परिषद नरायनपुर द्वारा सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम कोलउन्द स्थित श्री शिव मंदिर के परिसर में वृक्षारोपड़ का कार्य किया गया जिसमें बेल, पीपल, कनेर, मौसरी तथा तुलसी के पौधे रोपे गये। प्रकल्प प्रमुख डा. आरसी केशरी ने पहला फावड़ा चलाकर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राकेश सिंह, अध्यक्ष डा शिवबली सिंह, सचिव ओम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष तुलसीदास गुप्ता आदि तमाम लोग उपस्थित रहें।

### कन्या जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** बाल पोषण केंद्र में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी की अध्यक्षता में शासन के मंशानुरूप व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कन्या जन्मोत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों एवं उनके अभिभावकों के साथ केक काटा गया और सभी को फल का वितरण किया गया। साथ ही अभिभावकों को बच्चियों के जन्म पर एक वृक्ष उपहार स्वरूप देकर यह संदेश दिया कि जैसे जैसे एक वृक्ष का लालन पालन करेंगे, उसी प्रकार अपनी बिटिया का लालन पालन कर उसका जीवन रोशन करें। एक स्वस्थ वृक्ष एक स्वस्थ बिटिया की पहचान बनेगा। जैसे एक वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध वातावरण प्रदान करता है, उसी तरह एक स्वस्थ, शिक्षित बिटिया एक खुशहाल परिवार के निर्माण में सहयोग करेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बच्चियों का कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत आवेदन कराने को कहा गया। महिला कल्याण अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

### नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**मीरजापुर।** बीते 15 मई को थाना चुनार क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा नाबालिग के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु क्षेत्राधिकारी चुनार व प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के क्रम में सोमवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीत बहादुर सिहं मय पुलिस बल द्वारा थाना चुनार पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को जेल भेजा गया।

### कच्चे मकान में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**जिगना।** विंध्याचल थाना अंतर्गत ग्राम सौनहा में तारा चंद बिन्द के घर सोमवार की दोपहर कच्चे मकान में आग लग जाने से गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। मकान में रखा 5 कुंतल गेहूं, 2 कुंतल रहर, एक कुंतल चावल और कुछ रुपए जलकर नष्ट हो गया। परिजनों का कहना है कि आग कैसे लगी समझ में नहीं आ रहा है। लोगों का कहना था कि देखते ही देखते आग बहुत ही विकराल रूप बना लिया था। जिसमें जामुन और आम के वृक्ष भी जल गए। सैकड़ों लोगों ने आग को बुझाने में काफी मदद किया तब जाकर कहीं आग पर काबू पाया गया। घर जल जाने से परिवार बेघर हो गया।

### तीन के खिलाफ एससी-एसटी व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** हलिया क्षेत्र के खरिहट खुर्द गांव निवासी रामलाल कोल ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार की शाम घर से रतेह चौराहा जा रहा था कि सेमरा गांव में साइड को लेकर गलरा गांव निवासी रूस्तम व अशलम तथा ऊंटी गांव निवासी पुनीत सिंह ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए मारपीट की जिससे सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### ओवरटेकिंग में ट्रक से पिकप की हुई टक्कर

**लालगंज।** बरौंधा चौकी क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास नेशनल हाई-वे पर ट्रक और पिकप के टक्कर में पिकप चालक आकाश 32 निवासी कोरांव प्रयागराज घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक और पिकप दोनों मीरजापुर की ओर जा रहे थे। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास दो बजे के करीब ट्रक से ओवरटेक करते समय पिकप ट्रक के पीछे जा भिड़ा जिससे पिकप चालक गंभीर से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर बरौंधा चौकी के हेड कांस्टेबल विजय भान सिंह मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस लालगंज सी एच सी भेजवाया। टक्कर के बाद ट्रक चालक भाग निकला।

### श्री बृजराज आदर्श इंटर के प्रबंधकीय चुनाव का परिणाम घोषित

**देर रात तक चली वोटों की गिनती के बाद बृजेश कुमार सिंह उर्फ बीके ने मारी बाजी**

**राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र के श्री बृजराज आदर्श इण्टर कालेज में प्रबंध समिति का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदाताओं की भारी संख्या एवं भीड़ ने चिलचिलाती धूप व गर्मी में भी खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान 2396 मतदाताओं के सापेक्ष 1887 मतदाताओं ने वोट डाले। ज्ञात हो कि प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर दो पक्षों के बीच महीने भर से जोड़ तोड़ की राजनीति चल रही थी। वहीं दोनों पक्षों ने अपने अपने विचारों को मतदाताओं के बीच रखा जिसके बाद मतदाताओं ने उनके भाग्य का फैसला रविवार को सुनाया। जहां प्रबंध संचालक कौशल प्रताप सिंह एवं प्रेक्षक सुरेश कुमार ने बृजेश कुमार सिंह उर्फ बीके को प्रबंधक पद हेतु निर्वाचित घोषित किया। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी विरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बच्चा को हार का सामना करना पड़ा। ओमप्रकाश सिंह अध्यक्ष, दीपक कुमार सिंह उपप्रबंधक, रविशंकर सिंह कोषाध्यक्ष, तथा हरिशंकर सिंह उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किए गए। सभी निर्वाचित प्रबंध समिति को चुनाव प्रेक्षकों ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण-पत्र सौंपा। क्षेत्रीय लोगों ने सभी नव निर्वाचित प्रबंध समिति को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# स्पोर्ट्स



स्पेन में 2023 फार्मूला वन कार रेस में भाग लेते हुए प्रतियोगी।

# जून में पहली बार खेला जाएगा ओवल में कोई टेस्ट, पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के जीतने की संभावना अधिक

## ऐसे में इस मैच में टॉस सबसे अहम रहेगा क्योंकि यहां शुरूआत में बल्लेबाजी करना आसान समझा जाता है



**लंदन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात जून को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच इंग्लैंड के ओवल मैदान में होगा। यह पहली बार है जब जून में इस मैदान में कोई टेस्ट खेला जा रहा है। अभी तक इस मैदान पर कुल 104 टेस्ट हुए हैं। इसमें  जुलाई में 8 टेस्ट मैच हुए हैं। जिसमें से आधे मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं। ऐसे में इस मैच में टॉस सबसे अहम रहेगा क्योंकि यहां शुरूआत में बल्लेबाजी करना आसान समझा जाता है। पिछले रिकार्ड को देखें तो 8 में से 4 मैच में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को यहां जीत मिली है। वहीं दो मैच में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है जबकि 2 मैच बराबरी पर रहे हैं। भारतीय टीम ने यहां एक टेस्ट जुलाई में खेला था और वह मुकाबला ड्रॉ रहा था।

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने इस मैदान पर अब तक कोई टेस्ट जुलाई में नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलियाई  टीम ने इस मैदान पर खेले 38 में से 7 टेस्ट जीते हैं। 17 में उसे हार मिली है, जबकि 14 टेस्ट ड्रॉ रहे। वहीं भारतीय टीम ने ओवल में 14 टेस्ट खेले हैं और उसे 2 मैच में जीत मिली है जबकि 5 मुकाबले में हार व 7 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पलड़ा यहां भारी नजर आता है। वहीं इस मौसम में सिर्फ चौथे दिन 60 फीसदी बारिश होने के अनुमान है। वहीं बचे हुए दिन मौसम साफ रहेगा। आईसीसी ने फाइनल के लिए छठा रिजर्व रखा है।

ऐसे में बारिश के कारण कुछ ओवर नहीं हो पाते हैं, तो छठे दिन मैच पूरा होगा। वहीं साल 2021 में भी पहले सत्र के फाइनल का परिणाम भी छठे दिन ही निकला था। आईसीसी के नियम के अनुसार, यदि बारिश के कारण मैच पूरा नहीं हो पाता है या मुकाबला ड्रॉ रहता है तो दोनों ही टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जाएगा।

## भारतीय टीम के कमजोर मध्यक्रम को संभालेंगे पुजारा, रहाणे और विराट

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से होने वाले आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले भारतीय टीम की चिन्ता का कारण उसका कमजोर मध्यक्रम है। इसी कारण बल्लेबाज श्रेयस मुकाबला के फिट नहीं होने पर आजिंग्य रहाणे को जगह दी गयी। ऐसे में चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली पर जिम्मेदारी और बढ़ जाएगी। पुजारा, विराट और रहाणे 30 की उम्र के हो रहे हैं और यह साबित करने के लिए खेल रहे हैं कि उनके पास अभी भी कड़ी चुनौतियों के बीच भारत की बल्लेबाजी को आगे बढ़ाने की पर्याप्त क्षमता है। पिछले 18 महीनों से बाहर रहे रहाणे को घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन के बाद टीम में जगह मिली जबकि पुजारा को काउंटी में बेहतर प्रदर्शन के कारण। ऐसे में इन दोनो का ही लक्ष्य मध्यक्रम में अपनी उपयोगिता साबित करना रहेगा। वहीं कि कोहली यह दिखाना चाहते हैं कि वह अभी भी टेस्ट मैचों को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर को भविष्य के लिए  मध्य क्रम का स्तंभ करार दिया है। द्रविड़ को उस पूल के निर्माण की उम्मीद थी जिसे उन्होंने नवंबर 2021 में सीनियर टीम के साथ कार्यभार संभालने से पहले भारत के विकासात्मक पक्षों के प्रमुख के रूप में बनाया था।



पेरिस में बेलारुस की आर्यका सबालेंका फ्रैंच ओपन टेनिस के चौथे दौर के मैच में उत्साहित होती हुई।

## अभ्यास के दौरान चोटिल हुए ईशान



**लंदन।** विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले ही भारतीय क्रिकेट टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। 7 जून को होने वाले इस महा मुकाबले में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला होगा। इसके लिए भारतीय टीम ने जमकर अभ्यास किया पर उसी दौरान युवा सलामी बल्लेबाज ईशान किशन चोटिल हो गये। ईशान के दाहिने हाथ में चोट लगी है। किशन के हाथ पर सीधे गेंद लगी थी। ईशान इसके बाद भी पट्टी बांधकर खेलते हुए नजर आए थे। इससे उम्मीद है कि उनकी चोट गंभीर नहीं होगी। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम ने केएस भरत और ईशान के तौर पर दो विकेटकीपर चुने हैं। दोनों ही खिलाड़ी काफी अच्छे हैं। दोनों में से किसे खेलने का अवसर मिलेगा यह अभी नहीं कहा जा सकता है। कोई पूर्व क्रिकेटर ईशान को शामिल करने के पक्ष में है जबकि कोई भरत को टीम में चाहता है। भरत ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में खेला था। ऐसे में मिले अनुभवों को देखते हुए उन्हें अवसर मिलने की संभावना अधिक है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ईशान किशन या केएस भरत में से किसी एक को मौका मिलेगा। केएस भरत लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी खेले थे। हालांकि, ईशान अपनी बैटिंग काबिलियत के बूते डब्ल्यूटीसी फाइनल में बड़े मैच विनर साबित हो सकते हैं।

ईशान किशन का प्रदर्शन आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए शानदार रहा था। ईशान ने इंडियन प्रीमियर लीग के 16वें सीजन में खेले 16 मैचों में 142 के दमदार स्ट्राइक रेट से 454 रन कूटे थे। इस दौरान उनके बल्ले से तीन फिफ्टी निकली थी। हालांकि, इसके बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम को दूसरे क्वालिफायर में हार का मुंह देखना पड़ा था।

## अब सिक्स पैक एब्स के लिए चर्चा में रिंकू सिंह: मालदीव में छुट्टियों पर फोटोशूट कराया



आइपीएल के मैच में आखिरी पांच गेंदों पर पांच छक्के लगाकर हीरो बने कोलकाता नाइट राइडर्स के बैटर रिंकू सिंह अब अपने सिक्स पैक एब्स को लेकर चर्चा में हैं। रिंकू इन दिनों छुटियां मनाने मालदीव गए हुए हैं। रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर की है, जिसमें उनके सिक्स पैक एब्स दिख रहे हैं। उनकी इन तस्वीरों को क्रिकेट फैंस खूब पसंद भी कर रहे हैं। रिंकू सिंह के इस अंदाज को देखकर शुभमन गिल की बहन शाहनील गिल ने लिखा- ओ हीरो। केकेआर के कप्तान नीतीश राणा की पत्नी साची मारवाह ने वाइट हार्ट इमोजी के साथ 'अच्छा' लिखा है। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज मोहसीन खान ने लिखा- रिंक्स। रिंकू सिंह अभी किसी सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था- वे खुद की ट्रेनिंग पर फोकस करना चाहते हैं। रिंकू सिंह 25 साल के हैं। वे आइपीएल में पांच साल से जुड़े हैं।  रिंकू सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले हैं। रिंकू सिंह को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 55 लाख रुपए में खरीदा था।

***आइपीएल 2023 में रिंकू ने 14 मैचों में 474 रन बनाए***

रिंकू सबसे ज्यादा चर्चा में तब आए जब उन्होंने पिछली बार की चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ लीग मैच में यश दयाल की आखिरी पांच गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इस सीजन में रिंकू ने 14 मैचों में 59.25 की औसत और 149.53 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए।

***रिंकू से लगातार पांच छक्के खाने वाले यश लव जिहाद को लेकर चर्चा में***

रिंकू सिंह ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के गेंदबाज यश दयाल के ही एक ओवर में 5 छक्के लगाए थे। अब वही यश दयाल लव जिहाद को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में यश ने लव जिहाद से जुड़ी एक पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इस वजह से वो ट्रोल होने लगे। हालांकि बाद में उन्होंने पोस्ट डिलीट कर दी और इसके लिए माफी मांगी।

## पांच छक्के खाने वाले यश दयाल ने गलती से शेयर की नफरत फैलाने वाली पोस्ट, सफाई देकर मांगनी पड़ी माफी



**नई दिल्ली।** यूपी और गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज यश दयाल के इंस्टाग्राम स्टोरी पर बवाल मचा हुआ है। उन्होंने स्टोरी में इस्लाम के खिलाफ पोस्ट किया था। यश दयाल वही गेंदबाज हैं, जिनके खिलाफ रिंकू सिंह ने लगातार 5 गेंदों पर 5 छक्के मारकर केकेआर को जीत दिलाई थी। उनकी इंस्टा स्टोरी आग की तरह फैल गई। इसके कुछ देर बाद स्टोरी हटा दी गई। फिर उनके हैंडल से एक और स्टोरी पोस्ट हुई। इस स्टोरी को हटाने के बाद यश दयाल ने एक और स्टोरी लगाई। इसमें उन्होंने अपनी पुरानी स्टोरी के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा- दोस्तों माफी चाहता हूं स्टोरी गलती से पोस्ट हो गई थी। प्लीज नफरज न फैलाएं। थैंक यूं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा- मेरे मन में हर समुदाय और समाज के लिए सम्मान है। इस बवाल पर यश दयाल की तरफ से अब बयान जारी किया गया है। इसमें उनका कहना है कि दोनों ही स्टोरी उन्होंने पोस्ट नहीं की है। उन्होंने बयान में कहा- मेरे इंस्टा हैंडल से आज दो स्टोरी पोस्ट की गई। दोनों मैंने नहीं की थी। मैंने इसे लेकर अधिकारियों को रिपोर्ट कर दिया है। मुझे लगता है कि मेरा अकाउंट कोई और चला रहा है और उसी ने पोस्ट किया है। मैं अपने अकाउंट को वापस लाने की कोशिश कर रहा हूं। मैं सभी समुदायों की इज्जत करता हूं और आज की फोटो मेरी आस्था नहीं दशार्ती है।

यश दयाल ने अभी तक भारत के लिए कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है लेकिन वह टीम का हिस्सा रह चुके हैं। पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश दौरे के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश को टीम इंडिया में शामिल किया गया था। आईपीएल 2023 में रिंकू सिंह से 5 छक्के खाने के बाद वह कई मैचों तक बाहर थे। इस दौरान उनका वजह भी काफी कम हो गया था।

## डब्ल्यूटीसी से पहले कम अभ्यास से परेशान नहीं कमिंस



**लंदन** (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस के अनुसार किसी भी टूनार्मेंट के लिए ज्यादा तैयारी से अधिक जरुरी तरोताजा रहना है। कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए थोड़े कम अभ्यास के साथ पहुंचने से भी कोई परहेज नहीं है। किमिंस ने ये बात अपनी ही टीम के साथ खिलाड़ियों ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और बल्लेबाज डेविड वार्नर को लेकर कही है। ये दोनो ही भारत में दो माह आईपीएल खेलकर  डब्ल्यूटीसी के लिए पहुंचे हैं। वहीं बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन काउंटी क्रिकेट में खेल रहे थे। इन तीनों के अलावा टीम के अधिकतर खिलाड़ी लंबे समय के बाद कोई अंतररष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे हैं।

इसी को लेकर कमिंस से जब पूछा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले उनकी टीम के अधिकतर खिलाड़ियों ने कम अभ्यास किया है। तो उन्होंने कहा कि आज के दौर में क्रिकेट में आराम मिलना कठिन है, ऐसे में पिछले कुछ समय से खेल से दूर रहना हमारे लिए अच्छा रहा है। 49 मैचों में 217 टेस्ट विकेट लेने वाले इस तेज गेंदबाज ने कहा, कुल छह टेस्ट मैचों डब्ल्यूटीसी और पांच एशेज टेस्ट के लिए अधिक खेल कर यहां पहुंचने की तुलना में थोड़े कम अभ्यास के आना और बेहतर है। साथ ही कहा कि मैं एक गेंदबाज के तौर पर ये बात कह रहा हूं। गेंदबाजी में होने वाली थकाम को देखते हुए मैं शारीरिक रूप से तरोताजा रहना चाहता हूं।



पेरिस में रुस की अनासटेनिश पेवलुनकोवा बेल्जियम की एलीसी मार्टन के खिलाफ फ्रैंच ओपन टेनिस में खेलती हुई।

## इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ीं , स्पिनर लीच एशेज सीरीज से बाहर हुए

**लंदन।** इंग्लैंड की टीम के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच पीठ में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एशेज टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। आयरलैंड के खिलाफ हुए मैच में लीच की पीठ में ये खिंचाव आया था। इस गेंदबाज ने आयरलैंड के खिलाफ मैच में चार विकेट लिए थे। ऐसे में उनका बाहर होना मेजबान टीम के लिए करारा झटका है। लीच ने पिछले कुछ समय में अच्छी गेंदबाजी की है। उन्होंने पिछले साल 46 टेस्ट विकेट लिए थे। उन्हें दो एशेज टेस्ट के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में भी शामिल किया गया था। लीच के बाहर होने से इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर हुई है क्योंकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी अभी तक फिट नहीं हुए हैं। इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा, धीमी गति के तेज गेंदबाज लीच ने आयरलैंड पर इंग्लैंड की जीत के दौरान पीठ के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत की थी।



मैड्रिड में ला लिगा फुटबॉल में जीत के बाद साथी खिलाड़ियों ने स्टार खिलाड़ी करीम बेंजमा को उछाल दिया।

# ओडिशा रेल हादसे में ममता का बड़ा ऐलान

## मृतकों के परिजनों और घायलों की मदद के लिए आगे आईं ममता, परिवार के सदस्य को नौकरी देने का एलान घायलों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देगी सरकार, ममता ने दार्जिलिंग की चार दिवसीय यात्रा भी रद्द की

**कोलकाता।** ओडिशा के बालेश्वर में हुए रेल हादसे में पश्चिम बंगाल के कई लोगों की जान गई है और कई घायल बताए जा रहे हैं। इस बीच सीएम ममता बनर्जी ने पीड़ितों के लिए आज बड़ा एलान किया है। ममता ने मृतकों औ के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की बात कही है।

ममता ने कहा कि बंगाल सरकार राज्य के उन लोगों को भी नकद सहायता देगी जो कोरोमंडल एक्सप्रेस में सवार थे और वर्तमान में मानसिक और शारीरिक आघात से गुजर रहे हैं। वह अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे घायल यात्रियों से मिलने के लिए मंगलवार को भुवनेश्वर और कटक जाएंगी। सीएम ने कहा कि वर्तमान में ओडिशा के विभिन्न अस्पतालों में पश्चिम बंगाल के 206 घायल यात्रियों को भर्ती कराया गया है।



उन्होंने कहा, कटक के अस्पतालों में 33 गंभीर घायल यात्री हैं, बंगाल के कुछ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ जाएंगे। वह बुधवार को पीड़ितों के परिजनों को अनुग्रह राशि के चेक और नियुक्ति पत्र वितरित करेंगी।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि वह दुर्घटना पर किसी भी तरह की राजनीति में नहीं पड़ना चाहतीं और घायल यात्रियों और उनके परिवारों की मदद के लिए सब कुछ करेंगी। सूत्रों ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना में घायल हुए राज्य के यात्रियों के इलाज और पुनर्वास की निगरानी के लिए बनर्जी ने दिन में अंतिम समय में दार्जिलिंग की अपनी चार दिवसीय यात्रा रद्द कर दी।

***ओडिशा रेल हादसा देश के खिलाफ बड़ी साजिश, पूर्व रेल मंत्री ने की उइक जांच की मांग***

पूर्व रेल मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश त्रिवेदी ने बालासोर रेल हादसे को बड़ी साजिश का नतीजा बताते हुए कहा कि रेलवे और सीबीआई जांच से ही साजिश का पदार्फाश हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि साजिश करने वालों का टारगेट बड़े पैमाने पर यात्रियों की जान लेना था लेकिन ओडिशा सरकार, रेलवे और आपदा प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों को बचाया जा सका। उन्होंने कहा कि नौ साल पहले तक रेलवे आईसीयू में थी, जिसे अब सुधार की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हादसे पर दाल में काला होने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि काला चश्मा पहनकर सब कुछ काला ही नजर आता है। यह समय राजनीति का नहीं है, चिता पर राजनीति बंद होनी चाहिए।

नैनीताल के दूरस्थ पर्यटन स्थल धानाचूली पहुंचे पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री दिनेश त्रिवेदी ने बातचीत में कहा कि ओडिशा में रेल हादसा बेहद दुखद है। बंगाल की सीएम के बयान पर कहा कि सीएम ममता बहुत सीनियर राजनेता हैं, उनको क्या कहें। जब देश की सुरक्षा का सवाल आता है तो राजनीति नहीं करनी चाहिए। राजनीति के लिए बहुत समय है, बहुत मुद्दे हैं। चिताओं पर राजनीति उनको शोभा नहीं देती।

### कर्नाटक का बजट 7 जुलाई को किया जाएगा पेश

**दावणगेरे।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि राज्य का बजट सात जुलाई को पेश किया जाएगा। कांग्रेस नीत सरकार द्वारा वित्त वर्ष के भीतर सभी पांच चुनावी गारंटी को लागू करने की दिशा में कदम उठाने के साथ अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि आवश्यक धन का आवंटन किस तरह होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल में अभी बजट पर चर्चा नहीं हुई है, लेकिन विधानसभा का सत्र तीन जुलाई से शुरू होगा और राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद सात जुलाई को बजट पेश किया जाएगा।

सिद्धरमैया ने कहा, ह्यह्यहम बजट सत्र आहूत कर रहे हैं, जहां हम सात जुलाई को बजट पेश करेंगे। हम अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को लागू करने के लिए प्रावधान करेंगे। बजट के आकार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बजट की तैयारी बैठक शुरू होने के बाद ही वह इस मामले पर बोल पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव से पहले पिछली सरकार द्वारा पेश किए गए बजट का आकार 3.08 लाख करोड़ रुपये था।

### रवीना टंडन की बेटी ने पूरा किया अपना वादा : ग्रेजुएशन की खुशी में खिलाई मिठाई



**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा टंडन ने हाल ही में मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से ग्रेजुएशन पूरा किया है। कुछ दिन पहले राशा को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था, जहां पैपराजी ने उनसे ग्रेजुएशन की खुशी में मिठाई लाने की बात कही थी। राशा ने भी उन्हें मिठाई खिलने का वादा किया था और अपनी बात पर खरी उतरते हुए, उन्होंने रविवार को मुंबई एयरपोर्ट पर पैपराजी को मिठाई बांटी, जिसका एक वीडियो सामने आया है।

वीडियो में राशा एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं। उन्होंने पैपराजी को देखते ही काजू कतली का डिब्बा मंगाया और डिब्बा खोलकर फोटोग्राफर्स को मिठाई बांटने लगीं। वीडियो में राशा कहती हैं, 'आखिरी बार कहा था ना खिलाऊंगी'। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। फैंस राशा के इस स्वीट जेस्चर की जमकर तारीफ कर रहे हैं। रवीना ने बेटी के ग्रेजुएट होने पर अपने इंस्टाग्राम पर राशा के बचपन की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की थीं। फोटोज को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा था, 'समय बीतता है, यह सच है'।

## खास खबर

### राकेश टिकैत बोले- सरकार से पहलवानों की बातचीत शुरू, नौ जून को नहीं करेंगे कूच

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने पहलवानों की बातचीत शुरू की है। कहा कि खिलाड़ियों ने ताकत दिखाई है, जिसका असर देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि आंदोलन अभी जारी है। गृह मंत्रालय से पहलवानों की बातचीत शुरू हुई है। सोरम और कुरुक्षेत्र की पंचायत में भी बातचीत करने की बात कही गई थी। वहीं, मुंडलाना में बजरंग पूनिया ने कहा था कि अभी आगे का निर्णय नहीं लेना है, जब पहलवान कोई बैठक बुलाएंगे या कोई निर्णय लेंगे तो हम सभी एकत्र होंगे। ऐसे में पहलवानों को दिल्ली ले जाने का नौ जून का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गांव और देहात में तैयारी रखें। खिलाड़ियों ने बहुत मेहनत से आंदोलन चलाया। पहलवान जो भी निर्णय करेंगे, उसके बाद भविष्य की रणनीति तय की जाएगी।

### पाकिस्तान से तस्करी की कोशिश नाकाम

**अमृतसर।** बीएसएफ के डीआईजी संजय गौड़ ने बताया कि हमें पिछले 2-3 दिनों से इनपुट मिल रहे थे कि पाकिस्तान से तस्कर ड्रोन के जरिए हेरोइन की तस्करी करने की कोशिश करेंगे। हमारे जवानों ने कार्रवाई की। बार्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने रविवार रात सीमांत गांव रतन खुर्द के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। सर्च अभियान के दौरान जवानों ने गांव के बाहर स्थित एक खेत से क्षतिग्रस्त ड्रोन, हेरोइन के तीन पैकेट जिनमें 3.2 किलो हेरोइन थी, बरामद किए। बीएसएफ ने इसकी सूचना पंजाब पुलिस को दे दी है। बीएसएफ प्रवक्ता के मुताबिक बीएसएफ की टुकड़ियां रविवार रात अमृतसर सेक्टर में पाकिस्तान से सटे बॉर्डर पर गश्त कर रही थी। इस दौरान सीमांत गांव रतन खुर्द के पास गश्त कर रहे जवानों ने रात करीब पौने दस बजे पाकिस्तान की ओर से घुसे ड्रोन की आवाज सुनी। जवानों ने उसे रोकने के लिए उस पर फायरिंग की, तो गांव के बाहर किसी खेत में किसी चीज के गिरने की आवाज आई।

# सिसोदिया को झटका

## मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका खारिज, पत्नी से मिलने की मिली इजाजत



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। बीती तीन जून को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट में जज दिनेश कुमार शर्मा ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। जिसको लेकर आज सुनवाई हुई है। वहीं दूसरी तरफ कोर्ट ने सिसोदिया को राहत देते हुए बीमार पत्नी से मिलने की मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने कहा कि मनीष सिसोदिया हॉस्पिटल या फिर घर दोनों ही जगहों पर जाने की इजाजत है। वह सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक घर या हॉस्पिटल जा सकते हैं।कोर्ट ने कहा कि इस अवधि के दौरान याचिकाकर्ता अपने परिवार के सदस्यों को छोड़कर किसी और के साथ बातचीत नहीं करेगा। साथ ही मोबाइल नहीं दिया जाएगा। मीडिया से दूर रखा जाए। आदेश में कहा है कि दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश है कि सिसोदिया जहां अपनी पत्नी से मिलने जाते हैं वहां मीडिया का जमावड़ा नहीं हो। वह मोबाइल फोन या इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं सकते हैं।

***सिसोदिया की जमानत याचिका पर जज ने कहा***

ईडी मामले में भी मनीष सिसोदिया के जमानत अर्जी खारिज कर दी है और कहा कि आरोप बहुत गंभीर हैं। मैं 15 दिन की अंतरिम जमानत भी स्वीकार नहीं की जा सकती है। अदालत ने कहा कि मनीष सिसोदिया को पत्नी से सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मिलने की इजाजत है। लेकिन जहां भी वह जाएं मीडिया का जमावड़ा न हो।

### गहलोत बोले- 40-40 लाख के लॉट में बाटेंगे फ्री स्मार्टफोन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में महिलाओं को जल्द ही फ्री स्मार्ट फोन मिलेगा। 40-40 लाख के लॉट में ये मोबाइल दिए जाएंगे। चिप के कारण फ्री मोबाइल देने में देरी हो रही है। गहलोत ने सोमवार को जयपुर में आरआईसी सेंटर में इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी जारी करते हुए ये बात कही। इसके साथ ही आज से प्रदेश में उज्ज्वला और बीपीएल रसोई गैस कलेक्शन धारियों को इस योजना का फायदा मिलना शुरू हो गया। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की योजना के तहत आज 13 लाख 90 हजार 588 लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी ट्रांसफर की गई, जो 58 करोड़ 98 लाख 84 हजार 778 रुपए है। ये सब्सिडी रजिस्टर्ड लाभार्थियों, जिन्होंने अप्रैल-मई महीने के सिलेंडर ले लिए उनको जारी की गई है। गहलोत ने कार्यक्रम में लाभार्थियों से कहा- कांग्रेस का अगला मेनिफेस्टो जो बनेगा, वो विधवा, एससी-एसटी और गरीबों की जरूरत को ध्यान में रखकर बनेगा। उन्होंने कहा- बीजेपी का काम हमेशा हमारी योजनाओं को बंद करना रहा है। हमने सिलेंडर सस्ता करके प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को ही प्रमोट किया है।

# कांकेर में मासूम को पीटने वाली महिला गिरफ्तार

## एक अधिकारी सस्पेंड और दूसरे को नोटिस जारी, शिवनगर दत्तक ग्रहण में क्रूरता का वीडियो हुआ था वायरल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में स्थित शिवनगर दत्तक ग्रहण केंद्र में मासूम बच्चों की पिटाई के मामले में आरोपी महिला सीमा द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किशोर न्याय अधिनियम, और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। तत्कालीन महिला एवं बाल विकास अधिकारी चन्द्र शेखर मिश्रा को सस्पेंड किया गया है। बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है।

शिवनगर दत्तक ग्रहण केंद्र का एक वीडियो सामने सामने आया था। जिसमें यहां की प्रोग्राम मैनेजर सीमा द्विवेदी क्रूरता से मासूमों को पीटती दिखाई दे रही है। दैनिक भास्कर को मिले इस वीडियो में महिला पहले एक बच्चे की पिटाई करती है, और फिर दूसरी बच्ची को भी पीटने लगती है। बताया जा रहा है ये घटना कुछ महीने पहले की है। मासूम बच्चों की पिटाई के मामले में आरोपी महिला सीमा द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



मासूम बच्चों की पिटाई के मामले में आरोपी महिला सीमा द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सामने आए वीडियो में दिख रहा है सीमा द्विवेदी ने बच्ची को पहले हाथ से मारा फिर बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। जमीन पर गिरी बच्ची को दोबारा खड़ा किया और फिर बांह पकड़कर पलंग पर पटक दिया। बच्ची चीखती, चिल्लाती है, रोने लगती है लेकिन मैनेजर को तरस आना तो दूर, उसकी और पिटाई करती रहती है। दो आया वहां से गुजरती हैं, लेकिन किसी की हिम्मत नहीं होती की बच्चों के साथ हो रही बर्बरता को रोक सके।

***पास में खड़ी बच्ची को भी बुलाकर पीटने लगी***

जब ये सब हो रहा था, उसी बीच एक दूसरी बच्ची वहां पहुंच गई तो मैनेजर महिला उसे पास बुलाकर सवाल जवाब करने लगती है। फिर बाल पकड़कर उसकी भी पिटाई शुरू कर देती है। बच्ची गिरती है तो उसे उठाकर पलंग पर लेटा कर पीटती है। इसके बाद भी मैनेजर का गुस्सा शांत नहीं होता है तो वह दोनों से गाली-गलौज करने लगती है। यहां काम करने वालों ने दबी जुबान में बताया, यह दृश्य दत्तक ग्रहण केंद्र में आम है। बच्चे डरे सहमे रहते हैं। किसी कर्मचारी ने विरोध किया तो उसे बिना किसी कारण काम से हटा दिया गया है। निकाले गए सभी कर्मचारियों की सूची बनाकर जांच की जाए तो दत्तक ग्रहण के अंदर चल रही यातना का पूरा सच सामने आ जाएगा।

***रात में आता है प्रोग्राम मैनेजर का प्रेमी***

दत्तक ग्रहण केंद्र में 6 साल तक के बच्चे रहते हैं, रात को यहां एक युवक भी आता है। इस केंद्र में 0 से 6 साल तक के बच्चों को रखा जाता है। भास्कर ने पड़ताल की तो संस्थान से जुड़े सूत्रों ने बताया कि प्रोग्राम मैनेजर का बॉयफ्रेंड है, जो अक्सर रात में पहुंचता है। जबकि यहां बाहरी लोगों का आना प्रतिबंधित है।

***महीनों से प्रताड़ना सह रहे हैं बच्चे***

सूत्रों की माने तो यहां के बच्चे महीनों से प्रताड़ना सह रहे हैं। इसका विरोध करने वाले 8 कर्मचारियों को एक साल के अंदर केंद्र से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। ***एजेंसी***

# बैंड के शोर में आई मौत

## नाच रहे थे बराती, तभी जेनरेटर ने ली महिला की जान, दूल्हे को अकेला छोड़ भागे



**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में रविवार रात आई बरात के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में महिला की जान चली गई। थाना जैथरा क्षेत्र के गांव पटिउर में बरात में चल रहे बैंड के जेनरेटर की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसको पहले जैथरा पीएचसी और फिर मेडिकल कॉलेज एटा लाया गया, यहां उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद बराती भाग गए। दूल्हा के साथ बचे चंद लोगों की मौजूदगी में शादी की रस्में पूरी की गईं।

गांव पटिउर निवासी सर्वेश कुमार की पत्नी कन्या देवी (45) की मौत हुई है। पति ने बताया कि गांव के ही श्याम सुंदर की बेटी अल्का की बरात जिला फरुर्खाबाद के गांव पालिदापुर से आई थी। दूल्हा शैलेश बग्गी पर बैठा था। रात करीब 12.30 बजे हमारे घर के सामने ही बरात चढ़ रही थी, जिसे पत्नी देखने चली गई। यहां पर बैंड के जेनरेटर में किसी तरह पत्नी की साड़ी फंस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद उसे सीएचसी जैथरा लेकर गए। यहां हालत गंभीर होने के चलते मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

महिला की मौत की खबर जैसी ही गांव पहुंची तो दूल्हे के कुछ परिजनों को छोड़कर बाकी के बराती बिना खाना खाए ही भाग गए। दुल्हन के भाई कल्याण सिंह ने बताया कि हादसा होने के बाद बमुश्किल से दूल्हा के साथ छह से सात परिवार के घनिष्ठ लोग ही थे। इनकी मौजूदगी में शादी की औपचारिक रस्में पूरी की गईं। सोमवार तड़के तीन बजे बहन को विदा कर दिया गया।

# बॉयफ्रेंड के साथ भागी लड़की, पिता ने शोक-संदेश छपवाए

## गांव में मृत्यु भोज का निमंत्रण भेजा, भीलवाड़ा से वायरल हुआ जिंदा युवती का शोक-संदेश

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा में एक 'शोक संदेश' वायरल हो रहा है। इसमें एक परिवार ने अपनी बेटी के स्वर्गवास की सूचना देते हुए 'पीहर की गोरनी' यानी मृत्यु भोज के निमंत्रण दिया है। समाज के लोगों को आमंत्रित करते हुए यह शोक संदेश गांव में बांटा गया तो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरअसल, कार्ड में जिस युवती प्रिया जाट की मौत की सूचना दी गई है, वो असल में जीवित है। बेटी के जिंदा रहते, ऐसा शोक संदेश चर्चा का विषय बना हुआ है।

यह पूरा मामला भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव का है। नारायण लाल लाठी की पोती और भैरूलाल की बेटी प्रिया जाट लापता है। वह अपने प्रेमी के साथ घर से भागी है। प्रिया के परिजनों के अनुसार उनकी रजामंदी के बिना वह युवक के साथ घर से भागी है। बेटी के इसी कदम से नाराज परिजनों ने उसके 1 जून 2023 को स्वर्गवास की खबर के साथ 13 जून 2023 को सुबह 9 बजे पीहर की गोरनी यानी




मृत्यु भोज का कार्यक्रम तय कर दिया।

***पुलिस के सामने परिजनों को पहचानने से इनकार किया***

यह कि रतनपुरा गांव की प्रिया जाट अपने परिजनों की मर्जी के खिलाफ अपनी पसंद के युवक के साथ घर से भागी थी। इस पर परिजनों ने हमीरगढ़ थाने में प्रिया की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने प्रिया को ढूंढ़कर परिजनों की मौजूदगी में उससे बात की। प्रिया ने पुलिस के सामने अपने परिजनों को पहचानने से साफ इंकार कर दिया। परिजनों के सामने ही वह अपने प्रेमी के साथ चली गई।

***परिवार ने कहा हमारे लिए मर गई बेटी***

पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाने वाले परिजनों को बेटी से ऐसी प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं थी। लेकिन पहचानने से ही इनकार करने के बाद परिजनों ने वहीं पर कह दिया कि 'हमारी बेटी तो मर चुकी है'। इसके बाद उन्होंने शोक संदेश भी छपवा दिया। अब यह शोक संदेश जब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर भीलवाड़ा के ही युवक आशीष जाट ने शोक संदेश का फोटो शेयर किया है। उसने अपनी पोस्ट में लिखा है कि रतन पूरा गांव में भैरूलाल लाठी की बेटी प्रिया जाट 18 की होते ही अपने बॉयफ्रेंड के साथ भाग गई। थाने में अपने मां-बाप के लिए कहा कि 'मैं इनको जानती नहीं हूं' इसके बाद परिवार ने इसकी गोरनी की चिट्ठियां (शोक-संदेश) बांट दी। बहुत अच्छी पहल, ऐसी औलाद के लिए यही अच्छा है। उधर, प्रिया के छोटे भाई ने बताया कि 'मेरी बहन प्रेमी लड़के के साथ चली गई थी। इससे माता-पिता बहुत आहत हुए।

# पीयू में हिस्सेदारी पर ठनी

## हरियाणा और पंजाब के सीएम के बीच नहीं बन पाई सहमति, अब तीन जुलाई को होगी बैठक



**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी में हिस्सेदारी के मुद्दे पर सोमवार को पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों की अहम बैठक खत्म हो गई है। दोनों सीएम के बीच इस मुद्दे पर एक बार फिर सहमति नहीं बन पाई है। अब तीन जुलाई को दोबारा बैठक होगी। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान की इस अहम बैठक की अध्यक्षता चंडीगढ़ के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने की। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस मामले में पहले ही आपत्ति जता चुके हैं। मान ने कहा कि यह यूनिवर्सिटी राज्य की विरासत है। इस पर पंजाब किसी तरह का बदलाव बर्दाश्त नहीं करेगा। मान ने कहा कि पीयू पंजाब के लोगों के साथ भावनात्मक रिश्ता है। यह राज्य की विरासत का प्रतीक है। यह यूनिवर्सिटी केवल पंजाब और उसकी राजधानी चंडीगढ़ की जरूरतों को पूरा करती है। पीयू पर पंजाब का मौजूदा कानूनी और प्रबंधकीय दर्जा बहाल रखा जाना चाहिए। मान ने याद दिलाया कि वर्ष 1966 में पंजाब के पुनर्गठन के अवसर पर पंजाब यूनिवर्सिटी को संसद द्वारा लागू किए पंजाब पुनर्गठन अधिनियम-1966 की धारा 72 (1) के अधीन इंटर स्टेट बॉडी कारपोरेट घोषित किया गया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा के कॉलेजों को भी पीयू के साथ संबद्धता होनी चाहिए। हरियाणा पीयू में राज्य के हिस्से की बहाली की मांग कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हरियाणा सरकार, केंद्र के साथ मिलकर पंजाब विश्वविद्यालय को आगे ले जाएगी, ताकि विश्वविद्यालय समृद्ध हो और इसकी जरूरतें पूरी हों।

# बिहार में नौ साल से बन ही रहा पुल

## दो साल में लागत की 10 फीसदी राशि गंगा में डूबी, आखिर में गिरा

**पटना।** बिहार सरकार अब जांच कराए या यह दावा करे कि पुल गिरने की आशंकां पहले ही थी, आमजन कोई तर्क स्वीकारने को तैयार नहीं है। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने महागठबंधन सरकार के मुखिया नीतीश कुमार को पहली बार भ्रष्टाचार पर घेरना शुरू किया है तो आम जनता सुल्तानगंज-अगुवानी घाट पुल के ढहने की तस्वीर लगाकर सरकार को ट्रोल कर रही है। नौ साल से यह पुल एक कंपनी बना रही है और कुल लागत की 10% राशि दो साल के अंदर गंगा में समाती दिख चुकी है। गंगा नदी पर बन रहे सुल्तानगंज-अगुवानी घाट पुल को दूसरी बार लोगों ने ढहते देखा। करीब 3160 मीटर लंबे निमार्णाधीन पुल का लगभग 600 मीटर हिस्सा, यानी करीब 20% गंगा में समा चुका है। अप्रैल




2022 में करीब 200 मीटर और इस बार लगभग 400 मीटर नदी में समाया है। इस पुल के निर्माण का टेंडर एसपी सिंगला कंपनी के नाम खुला था। 2014 से पुल 'निमार्णाधीन ही है। कुछ दिनों पहले ही आठवीं और कथित तौर पर अंतिम डेडलाइन मिली थी 31 दिसंबर 2023 की। इससे पहले इसी माह के अंत तक पुल का निर्माण कार्य पूरा करने की डेडलाइन थी। पटना आउटर रिंग रोड, सिमरिया के नए सेतु समेत इस कंपनी को बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कई ड्रीम प्रोजेक्ट मिले हुए हैं। तारीख-दर-तारीख बढ़ती रहती है और कार्रवाई नहीं होने के कारण सवाल उठते रहते हैं, लेकिन इसपर न तो सरकार सीधे तौर पर कुछ कहती है और न कंपनी के अधिकारी मीडिया से बात करते हैं।

***1710 करोड़ से भी ज्यादा हो जाएगी लागत?***

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस पुल के दूसरी बार गिरने से बिफरे हुए हैं। रविवार को उन्होंने जांच के आदेश दिए और सोमवार को दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। पुल को गिरना ही था- उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की बात से इत्तेफाक नहीं रखते हुए मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि पहली बार गिरने पर भी जांच कराने कहा था, इस बार तत्काल जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बिहार में निर्माणकारी एजेंसी पर कार्रवाई के कारण प्रोजेक्ट की राशि बढ़ने के भी केस हो चुके हैं और अगर मुख्यमंत्री के निर्देश पर दोषी एजेंसी पर कार्रवाई हुई तो लागत राशि बढ़ने की खबर भविष्य में आ सकती है।

### दुबई जा रही थीं टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी, एयरपोर्ट पर रोका गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुचिरा बनर्जी को सोमवार को कोलकाता एयरपोर्ट पर रोक लिया गया। साथ में दो बच्चे भी थे, वे दुबई जा रहे थे। अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुचिरा बनर्जी को इमिग्रेशन ऑफिस ने एयरपोर्ट पर रोक लिया। वह कोलकाता से दुबई जा रही थीं। ऑफिस के अंदर कुछ देर बैठने के बाद वे वापस घर चली गईं। ईडी कोयला तस्करी के मामले की जांच कर रहा है। बताया जा रहा है कि इसके खिलाफ वे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। जानकारी के अनुसार रुचिरा के साथ उनके दो बच्चे भी थे। उनकी विदेश यात्रा में बाधा डालने के लिए हवाई अड्डे के आव्रजन कार्यालय पर आरोप लगाए गए हैं। मालूम हो कि रुचिरा बनर्जी सोमवार सुबह अपने बच्चों के साथ दुबई के लिए निकली थीं।



हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर अटलाकुड़ी ग्लेशियर प्वाइंट के पास ग्लेशियर खिसकने से बर्फ में लापता हुई महिला की तलाश में आज फिर बचाव अभियान चलाया गया। सुबह करीब साढ़े बजे एसडीआरएफ ने बर्फ में दबा हुआ महिला यात्री का शव बरामद कर लिया है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 240 , निफ्टी 60 अंक उछला



**मुम्बई।** शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीदारी) हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 240.36 अंक करीब 0.38 फीसदी बढ़कर 62,787.47 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 62,943.20 तक ऊपर जाने के बाद 62,751.72 तक फिसला था। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी) भी 59.75 अंक तकरीबन 0.32 फीसदी उछलने के बाद अंत में 18,593.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 18,640.15 के उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद 18,582.80 तक फिसला। कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स के शेयरों में से 16 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर करीब 3.81 फीसदी तक चढ़े। इसके अलावा एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो और टाटा स्टील सेंसेक्स के शेयर भी सबसे ज्यादा लाभ वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 14 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। टेक महिंद्रा के शेयर करीब 1.16 फीसदी तक गिरे। इसके अलावा एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, एचयूएल और कोटक बैंक के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ शुरू हुआ। सेंसेक्स 344.82 अंक की बढ़त के साथ 62,891.93 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 75.15 अंक की बढ़त के साथ 18,609.25 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। बेंचमार्क इंडेक्स की शुरुआत आज प्री-ओपनिंग में मजबूत होती नजर आई है। सेंसेक्स 159.08 अंक की बढ़त के साथ 62,706.19 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 66.60 अंक की बढ़त के साथ 18,600.70 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। पिछले कारोबारी सत्र शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए। बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई है। सेंसेक्स 344.82 अंक यानी 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 62,891.93 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 75.15 अंक यानी 0.41 फीसदी की बढ़त के साथ 18,609.25 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। बेंचमार्क इंडेक्स की शुरुआत आज प्री-ओपनिंग में मजबूत होती नजर आई है। 09:02 बजे के आसपास सेंसेक्स 159.08 अंक यानी 0.25 फीसदी की बढ़त के साथ 62,706.19 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 66.60 अंक यानी 0.36 फीसदी की बढ़त के साथ 18,600.70 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ग्लोबल मार्केट से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को घरेलू बाजार बढ़त के साथ खुल सकते है। इसका संकेत देते हुए एसजीएक्सनिफ्टी आज 50 अंक बढ़कर 18,717 के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर, अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। निवेशकों के बीच ऋण सीमा बिल और मजबूत नौकरियों की रिपोर्ट को लेकर उत्साह था। डॉव जोन्स, एसएंडपी 500 और नैस्डैक कंपोजिट 2 फीसदी तक चढ़े। अमेरिकी बाजार के नक्शेकदम पर चलते हुए, एशियाई बाजार में आज सुबह बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी हुई, जिसमें निक्की 225, टॉपिक्स, कोस्पी और एसएंडपी 200 सूचकांक 1 फीसदी तक चढ़े।

## विदेशी निवेश ने तोड़ा 9 महीने का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में भारतीय शेयर बाजारों में 43,838 करोड़ रुपए का निवेश किया। यह नौ महीने का उच्चतम स्तर है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने जून में भी खरीदारी जारी रखी है और इस महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों में शेयर बाजारों में उन्होंने 6,490 करोड़ रुपए डाले हैं। बाजार के विशेषज्ञ कहते हैं कि इस महीने भी एफपीआई का प्रवाह जारी रहेगा। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों के साथ अन्य इंडिकेटर्स इस बात का इशारा कर रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था और मजबूत हो रही है। आंकड़ों के मुताबिक मई के पूरे महीने में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 43,838 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह पिछले नौ माह में एफपीआई के निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले उन्होंने अगस्त, 2022 में शेयरों में 51,204 करोड़ रुपए डाले थे। अप्रैल, 2023 में शेयरों में उनका निवेश 11,630 करोड़ रुपए और मार्च में 7,936 करोड़ रुपए रहा था। बता दें कि सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से सर्वाधिक विदेशी निवेश भारत में ही आया है। जबकि चीन में इसके विपरीत खूब बिकवाली हुई है। मार्च के निवेश में मुख्य योगदान अमेरिका की जीक्यूजी पार्टनर्स द्वारा अडानी समूह की कंपनियों में डाली गई पूंजी का था। हालांकि अगर अडानी समूह में जीक्यूजी के निवेश को निकाल दिया जाए, तो मार्च का आंकड़ा भी नकारात्मक हो जाएगा। इसके अलावा इस साल के पहले दो माह में एफपीआई ने 34,000 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की थी। शेयरों के अलावा एफपीआई ने मई में ऋण या बॉन्ड बाजार में भी 3,276 करोड़ रुपए डाले हैं। इस तरह 2023 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों में 35,748 करोड़ रुपए औ बांड बाजार में 7,471 करोड़ रुपए डाल चुके हैं।

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने मनाया विश्व पर्यावरण सप्ताह 2023

**नई दिल्ली।** पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर एक सप्ताह तक चलने वाले (5-11 जून) राष्ट्रीय पर्यावरण अभियान की शुरुआत की। इस अभियान की शुरुआत पायनियर वन होण्डा, नोएडा (उत्तर प्रदेश) में पौधारोपण समारोह के साथ हुई। इस अवसर पर श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एण्ड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया, श्री ताकेशी कोबायाशी- डायरेक्टर, सेल्स एण्ड मार्केटिंग, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया तथा एचएमएसआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं को पौधे भी बांटे। कंपनी से नो टू प्लास्टिक (प्लास्टिक का उपयोग न करने) थीम के तहत प्लास्टिक व्यर्थ को कम करने और स्थायी विकल्पों को अपनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रही है।

## गौतम अडानी अमीरों की सूची में 18वें से 19वें स्थान पर खिसके

*अडानी की नेटवर्थ में 662 लाख डॉलर की गिरावट*



**मुंबई।** अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी अब अमीरों की सूची में कुछ और नीचे चले गए हैं और उनसे एशिया के दूसरे सबसे रईस शख्स का तमगा छिन गया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स में गौतम अडानी अब 18वें स्थान से 19वें स्थान पर खिसक गए हैं और चीन के अरबपति झोंग शैनशैन ने उन्हें पीछे कर दिया है। चीनी अरबपति झोंग शैनशैन 62.4 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ विश्व के टॉप के धनवानों की सूची में 18वें स्थान पर आ गए हैं और इसके साथ ही उन्होंने बीते हफ्ते में 1.18 अरब डॉलर की संपत्ति अपने नाम और जोड़ ली है। वहीं भारतीय अरबपति गौतम अडानी की नेटवर्थ में इस दौरान 662 लाख डॉलर की गिरावट आई है जिसके चलते वो 18वें स्थान से फिसलकर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस समय एशिया के तीन अरबपति हैं और इनमें सबसे पहला नाम मुकेश अंबानी का आता है जो 13वें स्थान पर हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 84.6 अरब डॉलर पर है और बीते हफ्ते उनकी भी संपत्ति में गिरावट आई है। मुकेश अंबानी की दौलत 166 लाख डॉलर घट गई है। इस तरह देखा जाए तो ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स में मुकेश अंबानी 13वें स्थान पर, झोंग शैनशैन 18वें स्थान पर और गौतम अडानी 19वें स्थान पर हैं और ये तीन अरबपति दुनिया के सबसे अमीरों की लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि एशियाई अमीरों की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी एशिया के नंबर वन रईस के स्थान पर काबिज हैं। एलन मस्क 199 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर बर्नार्ड अरनॉल्ट, तीसरे स्थान पर जेफ बेजोस, चौथे स्थान पर बिल गेट्स, पांचवे स्थान पर लैरी एलिसन, छठे स्थान पर स्टीव बाल्मर, सातवें पर वॉरेन बफे, आठवें पर लैरी पेज, नौवें पर सर्गी ब्रिन और दसवें स्थान पर मार्क जुकरबर्ग हैं। खास बात ये है कि दुनिया के दस सबसे अमीर अरबपतियों में से नौ धनवान अमेरिका से हैं। केवल दूसरे स्थान के बर्नार्ड अरनॉल्ट ही ऐसे हैं जो गैर-अमेरिकी हैं। बर्नार्ड अरनॉल्ट फ्रांस से हैं।

### अवी के नए अनलिमिटेड नाईट डेटा पैक- वी छोटा हीरो पेश

**मुंबई।** आज की डिजिटल दुनिया में मोबाइल इंटरनेट रोजाना के हर काम के लिए जरूरी हो गया है फिर चाहे आपको काम करना हो या एंटरटेनमेंट का लुत्फ उठाना हो। काम के हाइब्रिड तरीकों, कंटेंट के लगातार उपयोग, सोशल चैट और सर्फिंग, इमर्सिव गेमिंग- इन सब के बीच प्रीपेड उपभोक्ताओं को अक्सर यही चिंता सताती रहती है कि उनका डेटा कोटा कहीं खत्म न हो जाए। समाज के निम्नतम वर्ग के यूजर अक्सर अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए डेटा एक्सेस के लिए जूझ रहे होते हैं। डेटा की इन्हीं जरूरतों को पूरा करने और समाज के सभी वर्गों के लिए डेटा एक्सेस को एक समान बनाने के प्रयास में अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने दो नए अनलिमिटेड नाईट डेटा पैक्स वी छोटा हीरो पैक्स के लॉन्च के साथ अपने हीरो प्रोपोजिशन का विस्तार किया है। ये पैक प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिनके द्वारा वे मध्यरात्रि से सुबह 6 बजे तक रात भर बिंज कर सकते हैं।

## आधार को पैन कार्ड के साथ लिंक करने की अंतिम तिथि 30 जून



**नई दिल्ली।** जून में ऐसे कई जरूरी काम हैं, जिन्हें 30 जून तक निपटाना होगा। ऐसा करने से चूकने पर आपको बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इन कामों को को निपटाने में देरी आपका वित्तीय नुकसान भी करा सकती है। इनमें आधार कार्ड को पैन कार्ड के साथ लिंक करना, अपने आधार कार्ड को फ्री में अपडेट करने के अलावा ज्यादा पेंशन का विकल्प चुनना शामिल हैं। 30 जून की समयसीमा में जहां आपको आधार कार्ड से जुड़े अपने कामों को निपटाना जरूरी है। आधार पैन लिंक करना और एडवांस टैक्स का पेमेंट तक ऐसे काम है, जिन्हें करने से चूकने पर आपकी जेब पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा ज्यादा पेंशन चुनने के लिए भी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से कई बार आखिरी तारीख बढ़ाई गई है। आधार कार्ड को पैन कार्ड के साथ लिंक करने की अंतिम तिथि 30 जून 2023 है। आयकर विभाग द्वारा इस काम को अनिवार्य किया गया है। ऐसा न करने पर आपका पैन कार्ड किसी काम का नहीं रहेगा। इनवैलिड पैन कार्ड का किसी भी काम में इस्तेमाल करने पर आपको 10,000 रुपए का जुर्माना भी देना पड़ सकता है। इस महीने निपटाए जाने वाले जरूरी कामों की लिस्ट में ईपीएफ सब्सक्राइबर्स से जुड़ा बेहद अहम काम शामिल है। दरअसल, ज्यादा पेंशन के लिए आवेदन करने के लिए ईपीएफओ की ओर से 26 जून 2023 की आ?खिरी तारीख निर्धारित की गई है। पहले इस काम को करने के लिए 3 मई की तारीख तय की गई थी। ऐसे लोगों के लिए आपके लिए एडवांस टैक्स पेमेंट जरूरी है, जिसे करना आवश्यक है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करने से चूकता है तो उसे पहले तीन किस्तों पर 3 फीसदी और आखिरी किस्त पर 1 फीसदी के हिसाब से कुल एडवांस टैक्स की राशि पर ब्याज देना होगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर, टाटा टी ने लॉन्च किया जागो रे का नया एडिशन

**नई दिल्ली।** टाटा टी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जागो रे का नया एडिशन पेश किया है। वर्तमान की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक- जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। जलवायु परिवर्तन का असर पूरी दुनिया में महसूस किया जा रहा है। इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इस वैश्विक संकट का प्रभाव हमारी पृथ्वी पर असर डाल रहा है जो हमारे बच्चों के भविष्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। सन 2007 से टाटा टी का जागो रे अभियान वास्तविक परिवर्तन लाने और पूरे समाज के लाभ के लिए प्रभावी उपाय लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भ्रष्टाचार, चुनाव, महिला सशक्तिकरण, कोविड-19 जैसे विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता पैदा करते हुए जागो रे ने सामाजिक जिम्मेदारी को एक नया अर्थ दिया है। टाटा टी ने इस मुद्दे पर सामाजिक जागरूकता पैदा करने के लिए अपने मंच का उपयोग किया है।

## सोने के दाम 60 हजार चांदी 72 हजार पर



**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने और चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत गिरावट के साथ हुई है। दोनों के वायदा भाव सोमवार को गिरावट के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव अब 72 हजार रुपए और सोने के वायदा भाव 60 हजार रुपए से नीचे कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोमवार को चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 119 रुपए की गिरावट के साथ 71,901 रुपए के भाव पर खुला। यह 144 रुपए की गिरावट के साथ 71,876 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसने 71,901 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 71,741 रुपए किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया था। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव 78 हजार रुपए किलो को पार कर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए थे। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 53 रु. की गिरावट के साथ 59,555 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 60 रुपये की गिरावट के साथ 59,548 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 59,555 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 59,425 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया। पिछले महीने इस कॉन्ट्रैक्ट ने 61,845 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

## क्रूड ऑयल को लेकर सऊदी अरब का बड़ा फैसला, तेल उत्पादन में और कमी करेगा



**मुंबई।** सऊदी अरब ने क्रूड ऑयल को लेकर बड़ा फैसला किया है। सऊदी अरब का कहना है कि दुनिया भर में फैल रही मंदी की आशंका के बावजूद तेल उत्पादन में प्रति दिन दस लाख बैरल की और कमी करेगा। तेल की कीमतों को बढ़ाने के लिए उत्पादन में कमी का ये फैसला लिया गया है। सऊदी अरब ने ये घोषणा क्रूड एक्सपोर्ट देशों के 13 सदस्यीय संगठन (ओपेक) और रूस के नेतृत्व में इसके 10 भागीदारों की बैठक के बाद की है। विशेषज्ञ की मानें तो ओपेक सहित अन्य देशों की ओर से क्रूड उत्पादन को लेकर मौजूदा नीति बनाए रखने की उम्मीद थी। लेकिन अब सऊदी की तरफ से उत्पादन में कटौती का ये फैसला आना सभी के लिए चौंकाने वाला है। इस फैसले के बाद क्रूड की कीमतों में तेजी आई है। ऐसे में भारत में एक बार फिर से सस्ते पेट्रोल-डीजल की उम्मीद को झटका लगा है। सऊदी अरब ने फैसला किया है कि वो साल 2024 तक प्रति दिन 500के बैरल कटौती को आगे बढ़ाएगा। सऊदी अरब प्रतिदिन 10 लाख बैरल अतिरिक्त कटौती करेगा। वहीं इसक 2024 तक प्रति दिन 211के बैरल कटौती को आगे बढ़ाएगा। रूस 2024 तक स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को आगे बढ़ाएगा। ओपेक प्रतिदिन 40.5 मिलियन बैरल के नए उत्पादन लक्ष्य से सहमत है। इससे पहले अप्रैल में, ओपेक के कई सदस्य स्वेच्छा से उत्पादन में एक मिलियन बीपीडी से अधिक की कटौती करने पर सहमत हुए थे। वहीं एक और कटौती भारत जैसे क्रूड आयात? करने वाले देशों के लिए परेशानी बढ़ाने वाली साबित हो सकती है क्योंकि सस्ते क्रूड के बाद भारत में उम्मीद थी कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती की जा सकेगी। खबर के अनुसार संयुक्त अरब अमीरात अपने उत्पादन में कटौती का मापने के तरीके में बदलाव पर जोर दे रहा था। अंगोला और नाइजीरिया सहित कई ओपेक देश, जो पहले से ही अधिकतम क्षमता पर लग रहे हैं। अपने कोटा को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## टाटा डीजल कारों के स्थान पर ला रही सीएनजी कारें



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पीवी और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा कि कंपनी सीएनजी उन सेगमेंट में लाएगी जहां डीजल मौजूद है। यह निश्चित रूप से अवसर को भुनाने का एक स्मार्ट मूव है। जबकि मारुति सुजुकी, हुंडई, टोयोटा, स्कोडा और फॉक्सवैगन ने धीरे-धीरे अपने पोर्टफोलियो से डीजल इंजन हटा दिए, महिंद्रा और टाटा अभी भी डीजल एसयूवी पर बड़ा दांव लगा रहे हैं। वास्तव में, टाटा मोटर्स ने बीएस 6 चरण 2 स्टैंडर्ड्स को पूरा करने के लिए अपने 1.5 एल डीजल इंजन पर निवेश किया। अल्ट्रोज हैच और नेक्सान में भी यही मोटर ड्यूटी करती है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि टाटा का बीएस 6 चरण-2 डीजल इंजन एक छोटे से अंतर से नियमों को मुश्किल से मंजूरी दे दी है। यह डीजल-पावर्ड अल्ट्रोज और नेक्सॉन वैरिएंट से बाहर निकलने की अटकलों को हवा देता है। यह नियमों के अगले दौर में होने की सबसे अधिक संभावना है। शैलेश चंद्रा ने खुलासा किया है कि कंपनी इस फैक्ट से वाकिफ है। अल्ट्रोज सीएनजी के बाद, कार निर्माता टाटा पंच के सीएनजी वर्जन को पेश करेगा, इसके बाद नेक्सॉन को भी सीएनजी के साथ लॉन्च किया जा सकता है। टाटा नेक्सान अगस्त 2023 में फेसलिफ्ट अपडेट भी मिलने वाला है। इसके सीएनजी वर्जन को उसी समय लॉन्च किया जा सकता है। टाटा ने हैरियर सीएनजी और सफारी सीएनजी की किसी भी संभावना से साफ इनकार किया है। बता दें कि भारत में नए एमिशन नॉर्म्स लागू होने के बाद डीजल इंजन की कारें कम होती जा रही हैं। मारुति सुजुकी, हुंडई और टाटा मोटर्स जैसे कार निर्माता अपने सीएनजी उत्पाद पोर्टफोलियो को एक्सटेंड कर रहे हैं। *एजेंसी*

## संक्षेप

### एयरलाइन इंडिगो 500 विमान खरीदेगी

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो 500 विमान खरीदने पर विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक यह सौदा 50 अरब डॉलर में हो सकता है। फरवरी में एयर इंडिया ने करीब 470 विमान खरीदने की घोषणा की थी। इस तरह इंडिगो का सौदा एयर इंडिया से बड़ा है। एयर इंडिया अब टाटा ग्रुप का हिस्सा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडिगो विमान बनाने वाली यूरोप की कंपनी एयरबस से नैरो बॉडी के करीब 500 विमान खरीदेगी। ये ए-320 फैमिली के विमान होंगे। एयरबस की हाल में पब्लिश्ड लिस्ट के मुताबिक यह सौदा 55 अरब डॉलर का हो सकता है लेकिन एयरलाइन इंडस्ट्री में विमानों की बल्क खरीद पर भारी डिस्काउंट मिलता है। इंडिगो की इस डील के लिए एयरबस और बोइंग दोनों से बात चल रही थी। अगर यह सौदा हो जाता है तो यह एविएशन इतिहास का सबसे बड़ा सौदा होगा। सूत्रों के मुताबिक एयरबस और अमेरिकी कंपनी बोइंग इंडिगो को 25 विमान बेचने के लिए अलग से बातचीत कर रहे हैं। ये विमान वाइड-बॉडी वाले होंगे। एयरबस ने ए330नियो और बोइंग ने 787 विमान ऑफर किए हैं। इंस्ताबुल में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की सालाना बैठक में हिस्सा ले रहे इंडिगो के चीफ एग्जीक्यूटिव पीटर एल्बर्स ने इस पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। एयरबस और बोइंग ने भी इस पर टिप्पणी करने से मना कर दिया। इंडिगो की घरेलू मार्केट में 56 फीसदी हिस्सेदारी है।

### देश के सर्विस सेक्टर में हल्की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश के सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में गिरावट देखी गई। मई में सर्विसेज पीएमआई घटकर 61.2 के स्तर पर आ गया है जो अप्रैल में 62 पर था। इससे अलावा मई का कंपोजिट पीएमआई महीने दर महीने आधार पर बिना किसी बदलाव के 61.6 पर ही स्थिर रहा है। अप्रैल महीने में भी कंपोजिट पीएमआई 61.6 पर ही था। एसएंडपी ग्लोबल ने 5 जून को यह आंकड़े जारी किए है। गौरतलब है कि भारत की सर्विसेज लगातार 22 महीने 50 के ऊपर रही है। गौरतलब है कि मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई की 50 से ऊपर की रीडिंग मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि में विस्तार का संकेत देती है। जबकि 50 से नीचे की रीडिंग मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि में संकुचन का संकेत होती है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस का कहना है कि महंगाई का दबाव लगातार सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए एक चुनौती बना हुआ है। खाद्य उत्पादन की लागतों, इनपुट, श्रम और परिवहन की लगातार बढ़ती कीमतों का असर सर्विस सेक्टर की गतिविधियों पर देखा जा रहा है। पीएमआई का यह सर्वे 400 सर्विस कंपनियों के आंकड़ों पर आधारित है। इसमें नॉन रिटेल कंज्यूमर सर्विसेस, ट्रांसपोर्ट, इंफॉर्मेशन, कम्युनिकेशन, फाइनेंस, इंश्योरेंस, रियल एस्टेट और बिजनेस सर्विसेस से संबंधित कंपनियां शामिल है।

### भारत-ब्रिटेन व्यापार वार्ता, यात्री वाहनों के शुल्क पर विचार

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत जटिल मुद्दों को निपटाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत सरकार संभलकर कदम आगे बढ़ा रही है। वह ब्रिटिश कंपनियों को अपने यात्री वाहन बाजार में आने देने के लिए तैयार है मगर समझौता होने के बाद एक सीमित संख्या में वाहन इस बाजार में बेचने की ही अनुमति होगी। भारत ने शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) के हिसाब से भारतीय बाजार में प्रवेश की इजाजत का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत रियायती आयात शुल्क पर 1 लाख यात्री वाहनों का आयात करने की अनुमति होगी। मामले की जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने बताया कि इन वाहनों के लिए आयात शुल्क (टीआरक्यू के तहत) पांच साल में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया जाएगा। हालांकि ये लोग सीधे तौर पर बातचीत में शामिल नहीं थे। वित्त वर्ष 2022-23 में देश में 38.9 लाख यात्री वाहन बिके थे। इस हिसाब से ब्रिटिश कंपनियों के वाहनों के लिए तय सीमा 1 फीसदी से भी कम रहेगी। इससे स्थानीय कार विनिमार्ताओं की यह चिंता दूर हो सकती है कि यदि व्यापार समझौता लागू हुआ तो आयात में अचानक वृद्धि नहीं होगी। एक व्यक्ति ने कहा कि टीआरक्यू के अलावा बाकी आयात के लिए शुल्क धीरे-धीरे खत्म कर दिया जाएगा। मगर यह देखना बाकी है कि ब्रिटेन इस प्रस्ताव को कबूल करता है या नहीं क्योंकि वार्ता अभी पूरी नहीं हुई है। 10वें दौर की वार्ता 5 से 9 जून तक नई दिल्ली में होनी है। भारत को उन देशों में गिना जाता है, जहां वाहनों पर अधिक शुल्क लगाया जाता है। पूरी तरह तैयार (सीबीयू) आयातित वाहनों पर 70 से 100 फीसदी सीमा शुल्क लगता है।

### रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ ही 82.65 पर बंद हुआ। विदेश में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच रुपया आज शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरावट के साथ ही 82.53 रुपए प्रति डॉलर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.47 पर खुला और फिर पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे की गिरावट के साथ 82.53 पर आ गया। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 82.39 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर सूचकांक में तेजी के कारण ही रुपया कमजोर खुला। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी बढ़कर 104.10 पर पहुंच गया।

### रेकिट ने देवभूमि उत्तराखंड स्थित चारधाम में पहले डेटॉल जलवायु अनुकूल स्कूल का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** रेकिट ने डेटॉल स्कूल हाइजीन एजुकेशन प्रोग्राम प्रोजेक्ट के तहत प्लान इंडिया के साथ मिलकर अपने प्रमुख कैंपेन डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में पहले डेटॉल जलवायु अनुकूल स्कूल का उद्घाटन किया। उत्तरकाशी के अथाली में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल, उत्तराखंड में गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ में बनाए जा रहे चार स्कूलों में पहला है। गौरव जैन, एक्सिक्यूटिव वाइस प्रेजीडेंट, रेकिट, साउथ एशिया, ने कहा, रेकिट में, हमारा मानना है कि हम जो भी काम करते हैं उसे करते हुए जलवायु परिवर्तन का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है, और हम 2030 तक अपने परिचालनों को 100 प्रतिशत नवीकरणीय बिजली से संचालित करके विश्व स्तर पर 2040 तक नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखंड राज्य में व्यवहार में परिवर्तन लाने और देश के भविष्य युवा पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उत्तरकाशी में जलवायु अनुकूल स्कूल की स्थापना एक दीर्घकालिक भविष्य के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में उठाया गया एक और कदम है। हम उत्तराखंड सरकार का उनके अमूल्य समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं और राज्य के विकास के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। पहाड़ों की सुंदरता और आस्था की प्रतीक पवित्र नदियों के साथ बादलों से ढके हरे भरे वनों की वजह से, उत्तराखंड को पृथ्वी का स्वर्ग कहा जाता है। उत्तराखंड राज्य को विशेष रूप से भूमिगत खतरों की वजह से जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील माना जाता है, इन खतरों में ग्लेशियरों का पिघलना, जनसंख्या का बढ़ता दबाव, बार-बार भूकंप आना और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन शामिल है।

### एनसीडी के जरिए 3000 करोड़ जुटाएगा एसबीआई कार्ड

**मुंबई।** एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड ने सोमवार को विशेष बांड गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी कर 3,000 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाने को मंजूरी दे दी। कंपनी ने घोषणा की कि उन्होंने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) नामक विशेष बांड जारी करके धन जुटाने का फैसला किया है। वे इन बॉन्ड को निजी निवेशकों को बेचकर 3,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहते हैं। इससे उन्हें अपने व्यवसाय के लिए जरूरी फंड प्राप्त करने में मदद मिलेगी। अप्रैल में, एसबीआई कार्ड और भुगतान सेवाओं ने घोषणा की कि उन्होंने पिछले तीन महीनों में उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि लोगों ने अपने क्रेडिट कार्ड पर अधिक खर्च किया। हालांकि कंपनी को फंड प्राप्त करने के लिए अधिक खर्च करना पड़ा।

# फांसी लगाकर महिला ने कर ली आत्महत्या

**दुखद**

### मृतका की तीन साल पहले हुई थी शादी

### पुलिस के मोबाइल से मायके वालों को हुई जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**जफराबाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र खरचलपुर गांव में सोमवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता के ससुराल वालों ने मौत को आत्महत्या बताया वहीं मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कारवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतका की फाइल फोटो

जलालपुर थाना क्षेत्र के ताला गाँव निवासी मुन्ना यादव अपने लड़की की शादी तीन साल पहले जफराबाद थाना क्षेत्र के खरचलपुर गांव निवासी शिवकुमार यादव पुत्र रामधनी यादव के साथ हुई थी। शिवकुमार फूलपुर में किसी कंपनी में काम करता है। उनकी पत्नी अपने गांव में सास सुसर व जेठ जेठानी के साथ रहती थी। मृतक के सास ससुर ने आत्महत्या करने की बात कही है।

वहीं मृतका के परिजन पहुंचकर हत्या का आरोप लगाने लगे। ससुराल पक्ष का कहना था कि सोनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। वाद- विवाद के बीच पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पर क्षेत्राधिकारी सदर कुलदीप कुमार ने बताया कि मुझे सूचना मिली कि मृतका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अभी तक मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नही मिली है तहरीर के आधार पर कार्यवाई की जाएगी।

## 25 शीशी अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**खुटहन।** स्थानीय पुलिस ने रविवार की देर शाम रामनगर से एक शराब तस्कर को 25 शीशी अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आवश्यक पूछताछ व लिखापढ़ी के पश्चात पुलिस ने अभियुक्त का चालान न्यायालय में कर दिया। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व इससे होने वाले अपराध की रोकथाम हेतु पूरे थाना क्षेत्र में मुखबिर का जाल फैलाया गया है। रविवार की देर शाम वह हे.का. चन्द्रशेखर सिंह व रामजनम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। उसी समय मुखविर खास से सटीक सूचना मिली कि रामनगर प्राथमिक पाठशाला के पास एक व्यक्ति झोले में अवैध शराब की शीशी रख बिक्री कर रहा है। सटीक सूचना पर प्राथमिक पाठशाला रामनगर के पास खड़े व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम राजेन्द्र प्रसाद यादव निवासी रामनगर थाना खुटहन बताया। जमा तलाशी के दौरान उसके पास से एक प्लास्टिक के झोले में 25 शीशी अवैध देशी शराब बरामद हुई। जिस पर किसी कम्पनी का टैग नही लगा है।

## पौधरोपण संग संरक्षण भी जरूरी : कुलपति प्रो. मौर्य



पौधरोपण करतीं कुलपति प्रो. मौर्य

**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को पौधरोपण किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देता है इसलिए वृक्ष लगाने के साथ -साथ इनका संरक्षण भी बहुत जरूरी है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना हम सबका दायित्व है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव ने एक व्यक्ति, एक वृक्ष के नारे के साथ पौधरोपण के महत्व को बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनय वर्मा ने बच्चों के साथ पूरे विश्विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराया। कार्यक्रम में डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. रणधीर कुमार, डॉ. अरविंद यादव, डॉ. संतोष यादव, सर्वेश कुमार, कयामुद्दीन, गुड्डू संतोष, मुन्ना रावत आदि ने सहयोग किया।

## संक्षेप

### डा. संदीप बने भाविप शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष



**जौनपुर।** भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगर स्थित एक होटल में परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सम्पर्क ब्रह्मानन्द पेशवानी, क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव, संयुक्त क्षेत्रीय महासचिव प्रमोद त्रिपाठी, प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण पटेल के मार्गदर्शन में तथा सभी सदस्यों की उपस्थिति में भारत विकास परिषद की एक नवीन शाखा शौर्य शाखा का गठन किया गया और जनपद के प्रसिद्ध समाजसेवी, ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ डा. संदीप पाण्डेय को संस्था के अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। साथ ही साथ सचिव के रूप में डा. आनन्द प्रकाश, कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह सोनू, महिला संयोजिका के रूप में ज्योति श्रीवास्तव का चयन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अतुल जायसवाल, अवधेश गिरी, विक्रम गुप्त, भृगुनाथ पाठक तथा पंकज, रतन, भूपेन्द्र, राघवेन्द इत्यादि उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक मुक्त प्रदेश के लिए बांटे कपड़े के थैले



**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को श्रीप्रकाश सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर ट्रस्ट के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा मोहल्ला ओलन्दगंज में मुफ्त कपड़े का थैला बांटा गया। संस्था के सचिव विनीत सिंह 'एडवोकेट' ने आम जनता से अनुरोध किया कि प्लास्टिक के थैले का उपयोग न करें और पर्यावरण सन्तुलन बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर शिवनारायण मिश्र 'एडवोकेट', मनोज सिंह 'एडवोकेट', उत्सव 'उपाध्यक्ष', अरविन्द, शैलेन्द्र, अश्वनी, विक्की वं ट्रस्ट के चीफ ऐडिटर सरोज श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर ली शपथ

**सुइथाकला।** क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय और गैरपरिषदीय स्कूलों में लोगों द्वारा सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण किया गया। इस दौरान नीम, बरगद, पीपल आदि के पौधे रोपित किए गए। इसी कड़ी में पूरासम्भलशाह गांव के परिषदीय स्कूल में प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों और अन्य ने नो प्लास्टिक यूज का शपथ लिया। वहीं शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारीजहांगीर पट्टी में प्रबन्धक वंशगोपाल त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रधानाध्यापक महेश दूबे व अन्य के द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लिया गया। प्रधानाध्यापक दूबे द्वारा लोगों को प्लास्टिक से होने वाले खतरों पर चर्चा की गई। इसी कड़ी में डीहअशरफाबाद, खानपुर चौरवा, बुमकहां, कटघर आदि स्कूलों में पौधरोपण कर शपथ लिया गया। इस दौरान नीम, बरगद व पीपल के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान, दुष्यंत मिश्र, डॉ. रणंजय सिंह, सुधाकर सिंह, राजेश चौबे, सजीवन मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।



विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते लोग

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे गए पौधे

**खेतासराय।** विश्व पर्यावरण के अवसर पर पूरे विश्व में पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन कर धरा को प्रदूषित होने से बचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसकी कड़ी में सोमवार की सुबह खेतासराय-खुटहन मार्ग से लगे लिंक रोड पर स्थित गुजरताल पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नौली ग्राम प्रधान रोशन लाल राजभर ने ग्रामीणों के साथ आंवला, पीपल, शीशम, जामुन, अर्जुन आदि पौधों से पौधरोपण किया। इस अवसर पर सरफराज अहमद एसडीओ शाहगंज, महेंद्र देव विक्रम, जयहिंद यादव, कपिल देव मिश्रा, सुरेश वनवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

## वृक्ष होते हैं पुत्र के समान : उम्मे राहिला



जफराबाद। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासदों द्वारा कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में नगर पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष उम्मे राहिला ने समस्त सभासदों के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर चेयरमैन ने कहाकि पौधरोपण करने के साथ-साथ वृक्षों की रक्षा करना भी हम लोगो का परम कर्तव्य बनता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधरोपण करें। चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर सरफराज खान ने उपस्थित लोगों को बताया कि वर्तमान वर्ष में विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक पर्यावरण को हराना है क्योंकि प्लास्टिक ही वह पदार्थ है जिसे हम कभी नष्ट नहीं कर सकते न ही इसे जला कर, न ही जमीन में गाड़ कर और न ही यहां वहां फेंक कर नष्ट किया जा सकता है बल्कि यह जिस स्थिति में भी होता है। पर्यावरण को प्रदूषित करता रहता है इसलिए हम सभी को चाहिए कि प्लास्टिक के प्रदूषण से बचने के लिए प्लास्टिक के उपयोग को कम से कम करें और हो सके तो बिल्कुल ना करें। इस दौरान ओवैश, सभासद दिलशाद, सुनीता, जगत नारायण, विनोद प्रजापति, अवध नारायण, जोगेंद्र निषाद, राजमन, वेद प्रकाश, सत्येन्द्र नारायण तिवारी, ओमकार आदि मौजूद रहे।

## बीएसए ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश



**जौनपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ थीम के कार्यों और गतिविधियों के साथ-साथ पौधरोपण करते हुए विद्यालय परिवार और यहां के नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ हर्षोल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा व हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीतू सिंह व संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शिरकत किया। इस दौरान लोगों ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में वहां उपस्थित निवासियों को हरियाली को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क पौधे वितरित किए गए। विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा व हरियाली बढ़ाने का संदेश देने के लिए 101 पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पीपल, जामुन, शहतूत व पृथला आदि के पौधे वितरित किए गए हैं, जिनसे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहायता मिलेगी। सभी लोगों ने शपथ लिया कि पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लायेंगे और इसके साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित भी किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवसः सफाई गाड़ियों को किया रवाना



**जौनपुर।** सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद प्रांगण में उतर प्रदेश शासन द्वारा मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान द्वारा प्रचार प्रसार एवं जनसहभागिता हेतु अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र द्वारा लाइफ शपथ दिलायी गयी। उसके बाद हरी झंडी दिखाकर सफाई हेतु नई गाड़ियों को रवाना किया गया। कार्यक्रम में प्लॉग रन के माध्यम से अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. रामसूरत मौर्या एवं समस्त सभासद गणों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो पर कूड़ा पॉलिथीन सड़कों से चुनकर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। साथ ही साथ कपड़े के झूले को सभी लोगों ने प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने लोगों से अपील की हम सभी नगर वासियों को नगर प्रदेश और देश को प्रदूषण मुक्त बनाना है तो अपने जीवन से प्लास्टिक दूर करें और कपड़े के थैला का इस्तेमाल करते हुए पर्यावरण को शुद्ध बनाएं। नगरपालिका कर्मचारियों को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने में नगरवासी सहयोग प्रदान करें। अतिथियों का स्वागत डीपीएम अमित कुमार यादव ने किया, संचालन सलमान शेख ने किया। आभार डीसी खुशबू यादव ने किया। इस अवसर पर सभासदगण नंद लाल यादव, संतोष मौर्य, मिंटू पाठक, मुकेश सिंह, शाहनवाज मंजूर, कृष्णा यादव, तहसीन शाहिद, राजेंद्र मौर्य, जय सिंह के अलावा कार्यालय प्रभारी अनिल यादव, टीएस अंजू राय, एसआई हरिश्चंद्र यादव, मनोज यादव, जेई दीपक शाह, रागिनी मोरिया, एसबीएम सैफ अली आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### नगर पंचायत में हुई बोर्ड की पहली बैठक



**खेतासराय।** नगर पंचायत में गठित बोर्ड की प्रथम बैठक सोमवार को नगर पंचायत के मीटिंग हाल में अध्यक्ष वसीम अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, जल निकासी, व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों आदि की व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिशाषी अधिकारी डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह द्वारा लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु शपथ दिलाई गई एवं विभिन्न जगहों पर पौध रोपण किया गया तथा गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग निकालने की अपील की गई। इस मौके पर सभासद मो. सलीम, सतीश यादव, अमित सोनकर, शैलेश यादव, बेगन, रुकसाना, संध्या, शाहिना, विवेक कुमार यादव, भाईलाल, एजाज अहमद, समेत सभी नव निर्वाचित सभासगण उपस्थित रहे।

### पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर नगर पालिका परिषद पर लगा कैंप



**गोपीगंज।** नगर पालिका क्षेत्र के साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की सुविधा हेतु नगर पालिका परिषद कार्यालय पर कैंप लगाकर पात्र किसानों के प्रमाण पत्रों को अपडेट किया गया। इस दौरान उपस्थित कृषि जिला तकनीकी विभाग के सहायक शिव शंकर ने बताया कि पीएम किसान निधि से जुड़ी दिक्कतों का जैसे की उनकी केवाईसी नही हुई है,आधार लिंक नही हुआ है, खतौनी में कोई परेशानी है, खाता नही खुला है, सभी के निस्तारण हेतु कैंप का आयोजन किया हैं। जिसमें लेखपाल बेलाल अहमद, जनसेवा केंद्र संचालक प्रदीप मौजूद है। मौजूद शिव शंकर ने बताया कि इस बार किसान सम्मान निधि की चौदहवीं किस्त आनी है, जो किसी कारण से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वह इस कैंप का लाभ उठाएं और अपना डॉक्यूमेंट अपलोड करा दें ताकि समय से पीएम सम्मान निधि का लाभ मिल सके।

### सुरियावां सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक ने संभाला चार्ज

**ज्ञानपुर।** सुरियावां के नवागत सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक नाग ने सोमवार को पदभार संभाला। ज्ञात हो कि पूर्व अधीक्षक डॉ. आशीष चतुर्वेदी द्वारा मेडिकल पर चले जाने पर अधीक्षक पद पर डॉ. अभिषेक नाग को नियुक्त किया गया है।डॉक्टर अभिषेक नाग ने कहा कि जितने भी चिकित्सक और स्टाफ हैं वो सभी समय से आए तथा समय से जाएं, काम में किसी तरह की लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी वार्डो का नवीनीकरण व कायाकल्प प्राथमिकता में रहेगी।

### धूमधाम के साथ निकाला गया माता का हिंडोला

**लालानगर।** गोपीगंज नगर में रविवार की देर रात्रि शीतला माता का हिंडोला धूमधाम के साथ निकाला गया। जिसमें शामिल भक्तों ने डीजे की धुन पर नाचते गाते नजर आए। भीषण गर्मी को लेकर पालिका अध्यक्ष द्वारा पानी से भरा टैंकर भी साथ में रहा जिसको लेकर छोटे बच्चे पूरे रास्ते मां के आगमन को लेकर पानी सड़कों पर गिराते रहे जिससे माता रानी को गर्मी से दूर रखा जा सके। जिसको लेकर पूरे नगर में पालिका अध्यक्ष द्वारा हिंडोला आगमन को लेकर साफ सफाई की उचित व्यवस्था कराई गई।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला जेल में लगाये गए पचास पौधे

**ज्ञानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, महानिरीक्षक कारागार द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुपालन में क्लीन जेल ग्रीन जेल के अंतर्गत जिला कारागार ज्ञानपुर के अंदर व बाहर कारागार परिसर तथा आवासीय कालोनी में विशेष अभियान चलाकर समस्त अधिकारी कर्मचारी व बंदियों द्वारा सफाई करायी गई तथा पेड़ पौधो पर पानी का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर कारागार के अंदर व बाहर कटहल, आम, नींबू, अमरूद आदि के कुल पचास पेड़ लगाये गये। जेलर आर के वर्मा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अति उपयोगी है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# भीषण गर्मी से जनजीवन हुआ बेहाल, नगर में कहीं भी नहीं प्याऊ की व्यवस्था



**गोपीगंज।** भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल हो रहा है। नगर में कहीं भी निःशुल्क प्याऊ शुरू नहीं होने से ठंडा शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा। नगर में कहीं भी हैंडपंप की व्यवस्था नहीं और जो है भी वह खराब पड़ा है। कस्बा में दो जगह एक बड़े शिव मंदिर पर एक तुलसी तिराहे पर समाजसेवी संस्थाओं द्वारा लगाया गया फिर भी वह सार्वजनिक जगहों पर न होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्ग चौक-चौराहों पर बीते वर्षों की भांति मटके रखवाकर प्याऊ खुलवाया जाए और दुकानदार समेत राहगीरों को चलती फिरती प्याऊ द्वारा ठंडा शुद्ध पेयजल पिलाने की व्यवस्था कराई जाए। भीषण गर्मी से जहां सबसे ज्यादा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर यात्री परेशान हैं। पर्याप्त सार्वजनिक प्याऊ न होने से लोग मजबूरी में लोग बोतलबंद या फिर पानी पाउच खरीदने को मजबूर हैं। नवनिर्वाचित चेयरमैन ने अपने संकल्प पत्र में हर वार्ड, चौराहों पर वाटर फिल्टर मशीन की व्यवस्था का वादा किए है।

देखते है की वह कब पूरा होता है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो ने अधिशाषी अधिकारी अमिता सिंह को पत्र देकर सार्वजनिक स्थलों पर निःशुल्क प्याऊ की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने माना की हां देर हो गई है। जल्द ही एक दो दिनों में व्यवस्था करा दी जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर दिलाई शपथ



नगर पालिका परिषद भदोही से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकालते इओ व सभासदगण



गोपीगंज नगर पालिका में वृक्षारोपण के बाद खड़े पालिकाध्यक्ष, इओ व सभासदगण



नगर क्षेत्र भदोही के प्रा वि मर्यादपट्टी में विश्व पर्यावरण दिवस पर शपथ लेते बच्चे, एआरपी व प्रधानाध्यापक

**भदोही।** विश्व पर्यावरण दिवस सोमवार को पूरे जनपद में धूमधाम से मनाया गया। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने कार्यालयों में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। खिलाड़ियों, मंगल दलों एवं पीआरडी जवानों ने कलेक्ट्रेट ज्ञानपुर से ग्राम पंचायत गजधरा तक साइकिल रैली निकाली व शपथ ग्रहण कराया। उक्त रैली को पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तत्पश्चात ग्रामीण मिनी स्टेडियम चकमांधाता में पौधरोपण व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ₹मिशन लाइफ₹ के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी एन सिंह के नेतृत्व में जनपद के सभी बेसिक स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों द्वारा पौधरोपण कर लाइफ शपथ ली गई।बीएसए के निर्देश पर सभी स्कूलों में पर्यावरण आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया।विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने अधिकारियों कर्मचारियों को प्रतिज्ञा शपथ दिलाई। ग्राम पंचायत सचिवालयों में ग्राम प्रधानों ने ग्राम वासियो को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इसी तरह गोपीगंज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई। तत्पश्चात बड़े शिव धाम पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण के साथ-साथ उसकी सुरक्षा करना आवश्यक है। साथ ही अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह ने बताया की पेड़ पौधे वातावरण के अनुकूलन में सहायक होते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में लाइफ प्रतिज्ञा भी लिया। इस मौके पर सभासद डॉक्टर आनंद कुमार मोदनवाल, रवि प्रकाश पांडे, विष्णु प्रसाद पांडे, अचल श्रीवास्तव, आशीष यादव, सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

इसी तरह भदोही नगर पालिका परिषद में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पालिकाध्यक्ष पति सभासद अतहर अंसारी ने कर्मचारियों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित करने के उद्देश्य से शपथ दिलाई। अधिशाषी अधिकारी जी लाल के नेतृत्व में रैली निकाल कर लोगों को पर्यवारण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सभी सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेल मैदान से हटाया अतिक्रमण

**कार्रवाई**

### अगर किसी ने अतिक्रमण की तो पहले एफआईआर दर्ज होगी, उसके बाद हटाया जाएगा अतिक्रमण



खेल मैदान से राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने पर जमी भीड़

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के आदेश के अनुपालन सोमवार को भदोही तहसीलदार विजय यादव के निर्देश पर सुरियावां क्षेत्र के महजूदा गाँव में नायब तहसीलदार सुरियावां, नायब तहसीलदार भदोही संजय कुमार के नेतृत्व में पहुँची राजस्व व पुलिस टीम ने ट्रैक्टर व जेसीबी चलवाकर खेल मैदान से अतिक्रमण हटवा कर भूमि को ग्राम सभा को हैण्डओवर किया। महजूदा के ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने जिलाधिकारी गौरांग राठी को ग्राम सभा में सरकारी जमीन व खेल मैदान पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत की थी। ग्राम प्रधान की शिकायत पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को सरकारी जमीन व खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त निर्देश दिया था। सोमवार को नायब तहसीलदार भदोही सजंय कुमार व नायब तहसीलदार सुरियावां अंजनी गुप्ता राजस्व टीम व भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर तीन घण्टे टैक्टर व जेसीबी चलवाकर अतिक्रमण हटवाकर खेल मैदान की मेड़ाबन्दी करा दी। राजस्व व पुलिस विभाग की इस कार्यवाही से चार दशक से अतिक्रमण करने वाले अवैध अतिक्रमणकर्ताओ में हड़कंप मचा रहा। खेल मैदान की जमीन ग्राम प्रधान व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सुपुर्द करते हुए नायब तहसीलदार ने कहा कि खेल मैदान पर अब अगर किसी ने अतिक्रमण करने की कोशिश की तो पहले एफआईआर दर्ज होंगा उसके बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा। मौके पर राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार दुबे, सुरियावां थानाध्यक्ष विपिन सिंह, पाली चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार राय, एडीओ पंचायत मनोज मौर्य, हल्का लेखपाल विनीत सिंह, लेखपाल अखिलेश्वर राम तिवारी, लेखपाल राकेश तिवारी सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान व महिला सिपाही मौजूद रही।

### ग्राम वासियों ने जताया आभार

**भदोही।** ग्राम सभा महजूदा में सरकारी जमीन पर चार दशक से अवैध तरीके से भू माफियाओ ने अतिक्रमण किया था। चंद भूमाफियों की वजह से ग्राम सभा में सरकारी काम बाधित हो रहा था, डीएम के निर्देश पर की गयी इस कार्यवाही पर ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी गौरांग राठी, राजस्व टीम व पुलिस टीम का आभार जताया।

## 75 लोगों को मछलीशहर गौरव सम्मान

**मछलीशहर।** पत्रकार विकास परिषद की तरफ से मछलीशहर गौरव सम्मान का आयोजन किया गया इसमें विभिन्न क्षेत्रों के कुल 75 लोगों को प्रशस्ति पत्र अंगवस्त्रम और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय तहसील के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहाकि ऐसे गौरव सम्मान से लोगों का हौसला बढ़ता है। कहा कि यह सम्मान समारोह अपने आप में अनुकरणीय अविस्मरणीय इसलिए है क्योंकि इसमें शिक्षक चिकित्सक, पत्रकार, समाजसेवी, व्यवसाय प्रशासनिक वर्ग के कुल 75 लोगों को एक साथ एक मंच पर सम्मानित किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम मनोबल और हौसला दोनों प्रदान करते हैं और इंसान अपने दायित्व को लेकर कुछ अच्छा और सकारात्मक करने की सोचता है। समारोह को पुलिस विभाग के प्रदेश के निवर्तमान आईजी लॉ एंड ऑर्डर बद्री प्रसाद सिंह, रिटायर्ड आईएएस रामसूरत दुबे, आचार्य राकेश कुमार पांडेय, तहसीलदार मूसाराम, प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे, नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल और पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया।

# बेटा-बेटी में भेदभाव न करें दोनों को शिक्षा दें समान

**भदोही।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्ग दर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतरगत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेल्थ वैलनेस सेंटर छात्र शाहपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर महिला शक्ति केंद्र से रेशमा भारतीय, प्रियंका गुप्ता डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर द्वारा नवजात शिशुओं की माताओं को बेबी किट व प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया एवं कन्या सुमंगला योजना से भी जोड़ा गया। इस अवसर पर बताया कि कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा 6 चरणों में आर्थिक मदद उपलब्ध करायी जाती है। इस योजना से बाल विवाह, लिंग भेदभाव जैसी कुप्रथा का भी अंत होगा। कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें, जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ा होकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। उन्होने यह भी कहा कि जहां भी महिलाओं का समाज में उत्पीड़न हो, उसका कड़ा विरोध करें। उन्होने कहा कि कार्यस्थल पर कार्य के दौरान कार्य में महिलाओं को बराबर अधिकार दें। उन्होने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित संघीय कानून है। इस अवसर पर वैलनेस सेंटर छत्रसाल पुर के स्वास्थ्य कर्मी एवं महिला कल्याण विभाग के लोग मौजूद रहे।



योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग

# वक्त की गर्दिश में हैं आतीं-जातीं रौनकें



## एक तिहाई उम्र तो जेल की सलाखों के पीछे गुजरी

माफिया मुख्तार अंसारी की उम्र जेल के सलाखों के पीछे ही बीत रही है। वह साढ़े 17 वर्षों से जेल में है। मऊ दंगे के बाद मुख्तार अंसारी ने 25 अक्तूबर 2005 को गाजीपुर में आत्म समर्पण किया था और वहीं की जिला जेल में दाखिल हुआ था। मुख्तार जब से जेल में बंद है, तब से लेकर अब तक उस पर गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हुए हैं। मुहम्मदाबाद के फाटक निवासी मुफ्तार अंसारी चार दशक से जरायम की दुनिया में है। इस दौरान कई चर्चित आपराधिक घटनाओं में मुख्तार अंसारी का नाम आया। पूर्वांचल में कभी जिस मुख्तार अंसारी के इशारे पर सरकारें अपना निर्णय बदल लेती थी, आज उसी मुख्तार का बना बनाया हुआ साम्राज्य ढह रहा है। ये सिलसिला बीते छह-सात वर्षों में तेज हुआ है।

## सियासत ने दी मशहूरियत, कानून ने ताउम्र सलाखों के पीछे भेजा

**हकीकत से सामना**

### बड़ी तेजी से बाहुबली बना था मुख्तार

इनसान अपनी जिंदगी में चाहे कुछ भी हासिल कर ले। लेकिन वह चाहता है कि उसका अंत भला हो, चाहे आगाज भले ही परेशानीभरा हो या कष्टों से जूझते वाला। वक्त हर बार किसी न किसी के सहारे मनुष्य को अपनी ताकत का एहसास कराता रहता है। पिछले साढ़े तीन दशक से पूर्वांचल की राजनीति व अपराध की दुनिया के बाहुबली रहे मुख्तार अंसारी को कोर्ट ने अवधेश राय की हत्या का दोषी करार दिया और उम्रकैद की सजा सुना दी।

पूर्वांचल में कभी जिस बहुबली मुख्तार अंसारी के इशारे पर सरकारें अपना फैसला बदल लेती थीं, आज उसी मुख्तार का बना बनाया हुआ साम्राज्य बर्बाद हो रहा है। वह अब सलाखों से बाहर नहीं आ पाएगा। सोमवार को उसे पहली बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मुख्तार अंसारी को पहली बार उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इससे पहले उसे अधिकतम 10 साल की सजा मिली थी। बीते आठ महीने 15 दिन में उसे छह मुकदमों में सजा सुनाई जा चुकी है। लगातार छठवीं सजा के साथ ही माफिया मुख्तार अंसारी पर कानूनी शिकंजा और कस गया है।

### पूरा परिवार पड़ा भारी संकट में

मुख्तार की बेबसी के पीछे की वजह पारिवारिक सदस्यों का जेल में या फिर अलग-अलग मामलों में फरार होना है। मऊ से विधायक बेटा अब्बास अंसारी चित्रकूट जेल में है। उसकी पत्नी निखत अंसारी भी जेल में है। पत्नी आफ्शा अंसारी फरार काट रहीं हैं। उस पर इनाम घोषित किया जा चुका है। छोटा बेटा उमर अंसारी भी फरारी में है। उसके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी हो चुका है। बड़ा भाई अफजाल अंसारी सजा काट रहा है। गाजीपुर जिले के यूसुफपुर निवासी माफिया मुख्तार अंसारी अपराध की दुनिया में पहली बार नाम वर्ष 1988 में हरिहरपुर के सच्चिदानंद राय हत्याकांड से सामने आया था। कुछ ही वर्षों में ही पूर्वांचल की तमाम हत्याओं और ठेकेदारी में मुख्तार का नाम खुलेआम लिया जाने लगा। सत्ता और प्रशासन का संरक्षण मिलने से मुहम्मदाबाद से निकलकर मुख्तार अंसारी अपराध की दुनिया में बड़ा नाम हो गया। करीब 40 साल पहले राजनीति में कदम रखने वाला मुख्तार देखते ही देखते प्रभावशाली नेता बन गया। विधानसभा में पूर्वांचल की मऊ सीट से लगातार लोगों की पहली पसंद बनकर पांच बार विधायक बना।

### अपराध की दुनिया में ऐसे आया मुख्तार

मुख्तार अंसारी का जन्म 30 जून 1963 को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के युसुफपुर में हुआ था। वह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुख्तार अहमद अंसारी का पोता है। मुख्तार अंसारी मूल रूप से मकनू सिंह गिरोह का सदस्य था, जो 1980 के दशक में काफी सक्रिय था। अंसारी का यह गिरोह कोयला खनन, रेलवे निर्माण, स्क्रैप निपटान, सार्वजनिक कार्यों और शराब व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में लगा हुआ था। अपहरण, हत्या व लूट सहित अन्य आपराधिक गतिविधियां करता था। जबरन वसूली का गिरोह चलाता था। मऊ, गाजीपुर, वाराणसी और जौनपुर में सक्रियता ज्यादा थी। 20 से भी कम की उम्र में मकनू सिंह गिरोह में शामिल होकर मुख्तार अपराध की सीढ़ियां चढ़ता रहा। जमीन पर कब्जा, अवैध निर्माण, हत्या, लूट, सहित अपराध की दुनिया के कुछ ही ऐसे काम होंगे, जिनसे मुख्तार का नाम न जुड़ा हो।

# काशी के गायक दीपक देश-विदेश में अर्जित कर रहे ख्याति

**संगीत सेवा**

**बनारस घराने के पं. पशुपतिनाथ मिश्र से सीखीं गायन की बारीकियां, बालीवुड के कई गायकों संग कर चुके हैं गायन**

**बनारस के युवाओं को गायन में करेंगे प्रशिक्षित, लगभग डेढ़ सौ एलबम हुए हैं रिलीज**

**राधेश्याम कमल**







**वाराणसी।** बनारस घराने के दीपक गिरी देश विदेश में अपनी ख्याति अर्जित कर रहे हैं। वे बालीवुड के कई मशहूर गायकों के साथ गायन कर चुके हैं। उन्होंने अपने गायन की शुरुआत वर्ष 1991 से शुरू की। इसके बाद उन्हें लगातार ख्याति मिलती गई। काशी से लेकर बालीवुड के सफर के दौरान उन्होंने फिर मुड़ कर नहीं देखा। वे लगातार संगीत की सेवा कर रहे हैं। उन्हें वर्ष 91 में किशोर कुमार गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला। वे पिछले कई सालों तक मुंबई में ही रहे। दीपक अब तक लगभग पांच हजार स्टेज प्रोग्राम पेश कर चुके हैं और अभी भी लगातार जुटे हुए हैं। उनकी गायकी को सुन कर हर कोई तारीफ ही करता है। दीपक गिरी काशी के उन युवा प्रतिभाओं को जो संगीत के क्षेत्र में अपना मुकाम बनाना चाहते हैं उनके लिए भी कुछ एलबम तैयार कर उनको मंच देने का प्रयास करने में जुटे हुए हैं। जल्द ही वे बनारस में एक एकेडमी खोलने जा रहे हैं जहां पर वे बनारस के युवाओं को गायन में प्रशिक्षित करेंगे। उनका मानना है कि संगीत में कोई जरूरी नहीं है कि घर-परिवार छोड़ कर मुंबई जाकर काम करके नाम कमाये। यही पर अपने घर पर ही रह कर अपना मुकाम बनाया जा सकता है। दीपक वरिष्ठ रंगकर्मी चितरंजन गिरी के छोटे भाई हैं। उन्हीं की प्रेरणा से वह गायन के क्षेत्र में आये। जनसंदेश टाइम्स से उनकी खास मुलाकात हुई।

## कई हिंदी फिल्मों में गायन किया

बनारस घराने के पं. पशुपतिनाथ मिश्र से दीपक ने गायन की बारीकियां सीखी। गायक कलाकार दीपक गिरी बताते हैं कि उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में गायन किया। इसमें प्रमुख रूप से उदित नारायण व श्रेया घोषाल के साथ दो दिलों के खेल में, सिंगर शान के साथ रक्तबीज, अभिजीत सावंत के साथ, सुनिधि चौहान के साथ हिंदी फिल्म तथा रेखा राव, साधना सरगम के साथ युगल गीत गा चुके हैं। इसके अलावा हिंदी फिल्म चक्रव्यूह, रामनगर यूपी 65 व भजन सुपारी में स्वर दिया। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी अपना स्वर दिया। इसमें लक्ष्मण रेखा (कल्पना पटवारी) गब्बर सिंह (दिनेश लाल यादव) में गायन किया। उनकी भोजपुरी फिल्म कोठा का गीत कभी कम कभी ज्यादा बहुत पसंद की गई थी।



## सुरेश वाडकर व उदितनारायण का प्राप्त है सानिध्य

गायक दीपक का लगभग डेढ़ सौ एलबम रिलीज हो चुका है। इसमें टी सीरीज, सारेगामा, वर्ल्ड वाइड व अन्य कंपनियां हैं। इसमें टी सीरीज में राधे तू राधे व कालभैरव की महिमा वायरल हुआ है। इसमें बाबा कालभैरव की उत्पत्ति से लेकर सब कुछ है। जिसे उन्होंने बहुत ही सरल ढंग से गाया है। उनका सनातन धर्म के अलावा कई अन्य एलबम भी रिलीज होने वाले हैं। मुंबई में वे काफी दिनों तक प्रख्यात गायक सुरेश वाडेकर के साथ रह कर उनका सानिध्य प्राप्त किया। मुंबई में गायक कुमार शानू व उदित नारायण का उन्हें बहुत आशीर्वाद मिला। वे महान गायक कलाकार स्व. किशोर कुमार को अपना आदर्श मानते हैं। उनका यूपी में सब बा को अब तक 50 हजार से ज्यादा लोगों ने पसंद किया है। इस गाने को संगीतकार नरेन्द्र निर्मल ने संगीत दिया था। इससे उनको एक नई पहचान मिली। दीपक देश के अलावा विदेशों में भी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके हैं। इसमें बहरीन, मारीशस, दुबई, सिंगापुर, मस्कट आदि है। उनका जल्द ही लंदन में प्रोग्राम होने वाला है।



# शिक्षण संस्थानों और विभागों में मनाया पर्यावरण दिवस

**संरक्षण का संकल्प**

**पौधे लगाकर लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लोगों को किया गया जागरूक**

**वाराणसी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और सरकारी विभगों समेत सामाजिक संस्थाओं ने पौधरोपण कार्यक्रम कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के साथ नुक्कड़ नाटकों व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना, विधि विभाग एवं विज्ञान विभाग की ओर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सोमवार को कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह, मुख्य गृहपति एवं दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश मिश्रा, मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार, प्रो. जया कुमारी आर्यन विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग के प्रो. पीतांबर दास, डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अनीता आदि शिक्षकों द्वारा परिसर में पौधरोपण का कार्य किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात कुलपति द्वारा शपथ दिलवाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रविंद्र कुमार गौतम ने डॉ. विभूति नारायण सिंह परिसर, गंगापुर, में भी पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि यह वृक्षारोपण कार्यक्रम अनवरत एक महीने तक चलता रहेगा। कार्यक्रम में 200 से अधिक स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा दिया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. अंजना सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर छात्राओं को जागरूकता अभियान द्वारा पर्यावरण की महत्ता से अवगत कराते हुए बताया कि पर्यावरण एक जीव के चारों ओर प्राकृतिक दुनिया है जो इसे जीवित रहने की अनुमति देता है। यह पौधों, जानवरों और मनुष्यों जैसे जीवित प्राणियों से बना है। डॉ. श्वेता, डॉ. अनामिका सिंह ने छात्राओं द्वारा किया गया जागरूकता अभियान एवं स्व स्थान पर किए किये गये कार्यक्रमों की समीक्षा की, जिसमें छात्रा शिवानी सिंह ने गांव में चूल्हे में प्लास्टिक थैलियां न जलाने के लिए ग्रामीण वासियों से निवेदन किया और के अपने ग्राम वासियों के साथ मिलकर आज 105 पौधा लगाया। वही अपराजिता सरन ने पोस्टर के जरिए लोगों को बताया की न केवल इस अवसर को मनाने के लिए बल्कि प्रकृति की भलाई के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस कार्यक्रम में कुल 58 छात्राओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में राजप्रिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इसके अलावा पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान सोमवार को वरुणा पुल स्थित उप्र लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता निरीक्षण भवन कार्यालय, प्रांतीय खंड आदि स्थानों पर पौधरोपण किया गया। जिसमें पर्यावरण को बचाने व सुरक्षित रखने के लिए समस्त सदस्यों ने शपथ लिया। जिसमें उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष पद्मनाभ त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जिला मंत्री शैलेश कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष एचएन भट्टाचार्य, पूजा श्रीवास्तव, दुर्गावती, ममता कुमारी, कौशर जहां, शशांक, रंजन श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, गौतम मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं डॉ. राजीव नारायण मिश्र आईपीएस सेनानायक रोहनिया भुल्लनपुर 34वीं वाहिनी पीएसी के निर्देशन में सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव द्वारा वाहिनी में विभिन्न पौधों को रोपित कर पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव द्वारा मिशन लाईफ के क्रम में समस्त जवानों को पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक मुक्त करने की शपथ दिलाई, संबोधन में कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर जागरूकता एवं पौधरोपण, परम आवश्यक है।' इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपमहानिरीक्षक 11 एनडीआरफ मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में वृहद पौधारोपण अभियान के साथ जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। साहूपुरी (चंदौली), गोरखपुर एवं लखनऊ में एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया। वृहद पौधारोपण अभियान एवं जागरुकता रैली में पर्यावरण संरक्षण के लिए एनडीआरएफ के बचाव कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उपमहानिरीक्षक ने अपने संबोधन में बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है और इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ाना है। विश्व पर्यावरण दिवस- 2023 की थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' हैं। प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक है। उन्होंने काशी वासियों से स्वच्छ काशी एवं भव्य काशी के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की। वीडीए व पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन ने भी विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान विडीए सचिव सुनील कुमार, टाउन प्लानर मनोज कुमार और एसोसिएशन की ओर से अनुज डिडवानिया व अन्य मौजूद रहे। सृष्टि फाउंडेशन ने भी पौधरोपण किया।



काशी विद्यापीठ में सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाते कुलपति



पर्यावरण सुरक्षा की शपथ लेते भुल्लनपुर 34वीं वाहिनी पीएसी के जवान

# नये साल में कई सड़कें दिखेंगी चमाचम

## इस वर्ष के अंत में तक फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों की मिलेगी सौगात

**2024 से पहले जनपद में विभिन्न नई परियोजनाएं ले लेंगी मूर्त रूप**

**नवंबर-दिसंबर तक जिले में करीब डेढ़ दर्जन प्रोजेक्ट हो जाएंगे तैयार**

**खुशखबरी**



**सुरोजीत चैटर्जी**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में उनके कार्यकाल से लेकर अबतक लगातार विकास कार्य जारी हैं। बीते नौ वर्ष में शायद ही कोई महीना रहा जब वाराणसी में विकास कार्य का पहिया थमा हो। जैसे-जैसे परियोजनाएं पूर्ण हो रही हैं, वैसे-वैसे पीएम मोदी एक के बाद एक प्रोजेक्ट काशीवासियों को सौंपते जा रहे हैं। खास यह भी प्रत्येक बार परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए वह कई नये प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी करते हैं। फलस्वरूप यहां शहरी इलाका हो या ग्रामीण क्षेत्र, कहीं न कहीं कोई न कोई निर्माण कार्य चालू है। इसी क्रम में इस साल आगामी नवंबर-दिसंबर में भी कई प्रोजेक्ट मूर्त रूप ले लेंगी और स्थानीय जनता को वह परियोजनाएं सौगात के तौर पर मिलेंगी। हालांकि उनमें से कुछ परियोजनाएं किन्हीं कारणों के चलते तय समय से अधिक वक्त ले चुकी हैं।

इस साल नवंबर और दिसंबर माह में लगभग डेढ़ दर्जन निर्माणाधीन परियोजनाएं बनाकर तैयार कर लिये जाने का लक्ष्य है। जिसके तहत अगले नवंबर माह में जिन प्रोजेक्ट्स को पूर्ण कर लेने का टार्गेट रखा गया है उनमें एनएच-19 पर 24 सौ करोड़ रुपये की लागत से बन रहा लगभग 56 किमी लंबा वाराणसी-औरंगाबाद सिक्स लेन चौड़ीकरण कार्य है। यह कार्य लगभग 91 फीसदी पूर्ण कर लिये जाने का दावा है। इसी प्रकार नवंबर में ही 8.6 किमी तक वाराणसी-भदोही मार्ग चौड़ीकरण कार्य 269.10 करोड़ रुपये की लागत से बना लिये जाने का लक्ष्य है। इस कार्य में अब तक 35 प्रतिशत की प्रगति है।

अब आगामी दिसंबर माह में पूर्ण की जाने वाली परियोजनाओं पर नजर डालें तो 32.77 करोड़ रुपये की लागत से बाबतपुर रेलवे स्टेशन के निकट बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग पर आरओबी 63 फीसदी तक तैयार हुआ है। 11.18 किमी लंबे मोहनसराय-कैंट मार्ग का सिक्स लेन सीसीरोड चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य 412.53 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। इसमें अबतक 30 प्रतिशत की प्रगति है।

लहरतारा से लंका होकर रवींद्रपुरी कॉलोनी होते हुए विजया सिनेमा तक 241.80 करोड़ रुपये की 9.51 किमी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य 22 फीसदी तक हुआ है। इसी प्रकार कचहरी से आशापुर होते हुए संदहा तक 9.32 किमी फोर लेन का 241.80 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण-सुढ़ीकरण का एक चौथाई कार्य किया जा चुका है। वहीं, काली मंदिर से वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग 6.50 किमी तक 218.66 करोड़ रुपये की लागत से फोर लेन चौड़ीकरण-उच्चीकरण कार्य 25 फीसदी तक किया गया है।

## शहर में पेयजलापूर्ति व्यवस्था की कर रहे क्षमता वृद्धि

जनपद में आगामी दिसंबर माह तक बनाकर तैयार कर लिये जाने के लक्ष्य के साथ निर्माणाधीन अन्य परियोजनाओं में 7.6 करोड़ रुपये की लागत से सेवापुरी ब्लॉक के बरकी में सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय महाविद्यालय में निर्माण कार्य 40 फीसदी कर लिया गया है। पुलिस लाइंस में 24.96 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल की प्रगति 45% है। सिस वरुणा में 108.53 करोड़ रुपये की लागत से पेयजलापूर्ति व्यवस्था में की क्षमता वृद्धि एवं उच्चीकरण कार्य की प्रगति 65% तक पहुंची है। रमना में 200 करोड़ रुपये की लागत से प्रतिदिन 600 टन कचरा प्रोसेसिंग एवं हर रोज 200 टन चारकोल उत्पादन प्लांट 40% तक बन चुका है। पंचकोशी परिक्रमा मार्ग पर 39.22 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास कार्य 50% तक कर लिया गया है। 24.35 करोड़ रुपये की लागत से पावन पथ का पर्यटन विकास कार्य भी 50% तक पहुंचा है। चंद्रावती में 200 मीटर लंबे घाट का 17.07 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य की फिलहाल शुरुआत है।